# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




महाशिवरात्रि पर धनबाद में निकाली गयी भव्य एवं आकर्षक शिव बारात


• बोकारो, मंगलवार 17 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 271 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## बुजुर्ग दंपति की हत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बाबू पारा गांव से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। गांव में एक एक दंपति की हत्या कर दी गई है। बाबू पारा गांव के शिक्षक रामविलास दास के पिता वकील राम और माता झुनिया देवी की अज्ञात अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी सोमवार सुबह आसपास के लोगों को तब हुई जब काफी देर तक घर से कोई हलचल नहीं दिखा। घर में काफी देर तक जब कोई हलचल नहीं दिखा तो स्थानीय लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा जहां दोनों मृत अवस्था में पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। इसके बाद घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले को लेकर पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। घटना की पुष्टि बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि तेज हथियार से वृद्ध दंपति की हत्या की गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बहुत जल्द अपराधी गिरफ्त में होंगे।

## शिक्षा मानव जाति के लिए ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षा का वास्तविक अर्थ केवल डिग्रियां हासिल करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, जिम्मेदार और समाज के प्रति जागरूक नागरिक बनना है। इसी मूल मंत्र के साथ रांची के उषा मार्टिन विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विद्यार्थियों को जीवन का नया दृष्टिकोण देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के लिए होनी चाहिए, केवल स्वयं के लिए नहीं। राज्यपाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान, संस्कृति और परंपरा को जानना और समझना होगा। शिक्षा मानव जाति के लिए ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार है, जिसे केवल नौकरी या धन अर्जन तक सीमित नहीं किया जा सकता। शिक्षा के माध्यम से हम अपनी नैसर्गिक प्रतिभा को निखारते हैं और यही प्रगति और विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि ये उपाधि जहां शैक्षणिक जीवन की यात्रा का सफल समापन है, वहीं यह व्यावसायिक जीवन की नयी शुरुआत का



प्रतीक भी है। आज का कार्यक्रम 'दीक्षांत' है, 'शिक्षांत' नहीं। विद्यार्थियों को जीवन भर सीखने की प्रक्रिया से जुड़े रहना होगा। शिक्षा रचनात्मकता, आत्मीय सोच और समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करती है। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि उषा मार्टिन विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उपाधि विद्यार्थियों को पहचान देती है, लेकिन उनका चरित्र, दृष्टिकोण, कार्य-संस्कृति और नैतिक मूल्य ही उन्हें वास्तव में उत्कृष्ट बनाते हैं। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को तकनीकी और नैतिक रूप से सक्षम बनने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि आविष्कार और ज्ञान अर्जन की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए और शिक्षा का उपयोग समाज के हित में होना चाहिए। समारोह की गरिमा को बढ़ाते हुए समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली दो विभूतियों को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह को भी पत्रकारिता और सार्वजनिक जीवन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं सुब्बा राव पम्पाना को ऊर्जा क्षेत्र में योगदान और सतत औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने में उनके कुशल नेतृत्व के लिए मानद उपाधि प्रदान की गयी। दीक्षांत समारोह में कुल 1191 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी। इनमें 19 शोधार्थियों को पीएचडी, 773 स्नातक, 166 स्नातकोत्तर और 233 डिप्लोमा प्रमाणपत्र शामिल हैं। इसके अलावा 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 19 को रजत पदक से सम्मानित किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभात कुमार, अध्यक्ष हेमंत गोयल, प्रति कुलपति प्रो. मिलिंद, कुलसचिव डॉ. शिव प्रताप वर्मा, डीन (शैक्षणिक) प्रो. बीएन सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनय सिंह, परिसर निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी रेनु लाल, ऋषि राज महाराज सहित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त समाचार

#### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** सरायकेला थाना क्षेत्र के शासन गांव में एक 20 वर्षीय युवक ने महुआ के पेड़ से गमछा के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान सुनील सिंह मुंडा के रूप में हुई है। घटना रविवार देर रात में होने की आशंका जताई जा रही है। सोमवार की सुबह मृतक के छोटे भाई सूरज सिंह मुंडा ने घर के बगल में महुआ पेड़ से टंगे शव को देखा। उसने गांव वालों को इकट्ठा किया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है।

#### संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत स्थित सुईयाडीह गांव में सत्येन्द्र सोरेन का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। शव से कुछ दूरी पर जो मिला, उसने इस मामले को सीधे अवैध शराब माफिया से जोड़ दिया है। शव से थोड़ी दूरी पर बड़े-बड़े प्लास्टिक ड्रम, शराब बनाने की सामग्री, नकली शराब के पैकिंग रैपर और भारी मात्रा में महंगी ब्रांडेड शराब की बोतलें एक साथ बरामद हुईं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वहां संगठित तरीके से नकली शराब बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही मौके पर मौजूद सभी लोग फरार हो गए।

#### पांच लाख रुपए के गहनों की चोरी

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाडीह शहर में रविवार देर रात एक घर में चोरी की बड़ी वारदात हुई। भगत सिंह चौक के पास संजीत गुप्ता के घर से चोरों ने करीब पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे तभी चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया। सोमवार सुबह संजीत गुप्ता की नींद खुलने पर उन्होंने घर का पिछला दरवाजा टूटा पाया। कमरे में सामान बिखरा था और बक्से का सामान बाहर फेंका हुआ था। जांच करने पर पता चला कि बक्से में रखे आभूषण गायब हैं। पीड़ित परिवार ने तुरंत थाना प्रभारी अनुराग कुमार को घटना की जानकारी दी।

#### स्कूटी सवार ने स्वर्णरेखा नदी में लगाई छलांग

**सरायकेला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आदित्यपुर और कपाली थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित सांपड़ा पुल से सोमवार दोपहर एक स्कूटी सवार युवक ने स्वर्णरेखा नदी में छलांग लगा दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर और कपाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक युवक की पहचान तमोलिया निवासी वरुण के रूप में हुई है।

## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से

### 24 फरवरी को पेश होगा झारखंड का बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा। 24 फरवरी को वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सदन के पटल पर रखेंगे। सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। हालांकि अभी तक किसी भी दल की ओर से विधायक दल की बैठक की आधिकारिक तिथि घोषित नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक कल दोनों पक्ष बैठक कर सकते हैं। इस सत्र में सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों को प्रमुखता से रखने की तैयारी में है, वहीं विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। पहले दिन शोक प्रस्ताव भी लिया जाएगा। इस बार का सत्र कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल और पेपरलेस व्यवस्था की ओर कदम



बढ़ा रही है। सदन की कार्यवाही को तकनीक आधारित बनाने की दिशा में यह बड़ा बदलाव होगा। प्रशासनिक स्तर पर भी सत्र को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं ताकि कार्यवाही सुचारु रूप से संचालित हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बजट के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं को उपलब्धि के रूप में पेश करेगी। अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन जैसी योजनाओं को सरकार अपनी प्राथमिकता बताएगी। सरकार की कोशिश रहेगी कि बजट के माध्यम से जनता को बड़ी सौगात दी जाए। दूसरी ओर भाजपा और आजसू समेत विपक्षी दल कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, स्थानीय नीति और विकास कार्यों की स्थिति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। विपक्ष ने संकेत दिए हैं कि वे जनहित के ज्वलंत सवालों पर सरकार से जवाब मांगेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। 19 फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी पेश की जाएगी और अभिभाषण पर चर्चा के बाद सरकार जवाब देगी। 23 फरवरी को अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा। 24 फरवरी को 2026-27 का आय-व्यय विवरण पेश किया जाएगा, जबकि 25 फरवरी को उस पर सामान्य चर्चा होगी। 19 मार्च को गैर सरकारी संकल्प के साथ बजट सत्र का समापन किया जाएगा।

## सड़क हादसे में पिकनिक से लौट रहे दो पादरियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में रांची के दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 65 वर्षीय छत्तीसगढ़ निवासी स्टेनिस लास कुजूर और 56 वर्षीय ओडिशा के संलग बहार निवासी ग्रेगोरी बिलुंग के रूप में हुई है। दोनों मिशनरी धर्म समाज से जुड़े पादरी थे। ग्रेगोरी बिलुंग 'आपूचिन सोसाइटी' के चेयरमैन थे जबकि स्टेनिस लास कुजूर सामलोंग स्थित रांची विद्या सदन से जुड़े थे। जानकारी के अनुसार अनगड़ा, गेतलसूद और सामलोंग से करीब 60 सदस्यों की एक टीम तोरपा के चंचला घाघ पिकनिक मनाने गई थी। लौटते समय स्टेनिस लास कुजूर और ग्रेगोरी बिलुंग एक स्कॉर्पियो वाहन में सवार थे जबकि बच्चे और अन्य साथी अलग बस में यात्रा कर रहे थे। शाम करीब चार बजे चकला मोड़ के पास स्कॉर्पियो तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे दोनों पादरियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही तोरपा थाना प्रभारी मुकेश यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उपप्रमुख संतोष कर और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे दोनों शवों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। थाना प्रभारी मुकेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और मोड़ पर वाहन का नियंत्रण खोना सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दें कि इससे पहले भी खूंटी जिले में सड़क हादसे में एक पादरी की जान जा चुकी है। कुछ समय पूर्व डोड़मा क्षेत्र में हुए एक अन्य सड़क दुर्घटना में भी पादरी की मौत ने क्षेत्र को झकझोर दिया था।

## आग लगने से 12 से अधिक दुकानें जलकर खाक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** सरायढेला थाना अंतर्गत स्टील गेट स्थित सब्जी मंडी में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर 12 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही झरिया के पूर्व विधायक सह मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की मॉनिटरिंग करते रहे। वहीं थाना प्रभारी मंजीत सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे। स्टील गेट सब्जी मंडी में अचानक उठी आग की लपटों ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। राशन, पूजा सामग्री, सब्जी और अन्य सामान से भरी दुकानों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया।



पूर्व विधायक संजीव सिंह ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी जिसके बाद एक-एक कर चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दुकानदारों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी चार से पांच बार आग लग चुकी है और हर बार 15 से 20 दुकानें जलकर राख हो जाती हैं। लगातार हो रहे नुकसान से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय होती जा रही है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि मंडी परिसर के आसपास अवैध शराब की बिक्री के कारण रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे आगजनी की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक सहायता की मांग की है। वहीं, संजीव सिंह ने कहा कि आग लगने की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इस घटना में कई दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बार-बार आग लगने की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है और इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को मिलकर पीड़ित दुकानदारों की हरसंभव मदद करनी चाहिए।

## गोलगप्पा खाने से 25 से अधिक बच्चे बीमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के द्वारिका इलाके में गोलगप्पा खाने के बाद 25 से भी अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। सभी बच्चों का इलाज ग्रामीण स्तर पर ही किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी मिलने के तुरंत बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है जबकि एंबुलेंस को भी भेजा गया है। सभी बच्चों को उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन की शिकायत है। दरअसल पांकी थाना क्षेत्र के द्वारिका के रघुआखाड़ महाशिवरात्रि के मौके पर मेला लगा था। इसी मेला में द्वारिक, यादव टोला, जमुआटांड़ समेत कई अन्य गांव के बच्चों ने गोलगप्पा खाया था। गोलगप्पा खाने के बाद रविवार की रात से एक-एक करके बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। सोमवार सुबह में कई बच्चों की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जानकारी पांकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई है। पांकी में द्वारिका के रहने वाले ध्रुव कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके बेटे ने भी मेला में गोलगप्पा खाया था जिसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई है। स्थानीय स्तर पर ही बच्चे का इलाज करवाया गया है मेला में गोलगप्पा खाने के कारण गांव के कई अन्य बच्चे भी बीमार हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक दर्जन से भी अधिक बच्चे बीमार हैं। वहीं पांकी के चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि कई बच्चों के बीमार होने की जानकारी मिली है गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं एंबुलेंस को भेजा गया है। साथ ही इस मामले में जांच भी की जा रही है। वहीं कई ग्रामीण अपने स्तर से भी बच्चों का इलाज भी करवा रहे हैं।

## रांची से दुर्ग के लिए मिली स्पेशल ट्रेन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** होली के मद्देनजर हटिया से दुर्ग के बीच ट्रेन संख्या 08185 हटिया-दुर्ग स्पेशल 3 मार्च से 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को चलेगी। वहीं, वापसी में 08186 दुर्ग-हटिया स्पेशल 4 मार्च से 1 अप्रैल तक बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। इस विशेष ट्रेन के चलने से रांची और छत्तीसगढ़ जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। मालूम हो कि होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 02832/ 02831 भुवनेश्वर -धनबाद -भुवनेश्वर (वाया रांची) को होली स्पेशल का रूप दिया है। इसके परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है।

## बैद्यनाथ मंदिर में की गई चतुष्प्रहरी पूजा, बाबा को किया सिंदूर का दान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ मंदिर में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे शिव-पार्वती विवाह पूरे विधि विधान से कराया गया। खास परंपरा के तहत बाबा मंदिर के गर्भगृह में देर रात तक विशेष चतुष्प्रहर पूजा की गयी। इस पूजा में बाबा भोले दुल्हा बने तथा विग्रह पर सिंदूर अर्पित कर बाबा का विवाह संपन्न किया गया। सरदार पंडा श्रीश्री गुलाबनंद ओझा ने बेलपत्र से शिवलिंग के विग्रह पर सिंदूर



अर्पित किये। इस दिन शाम में होनेवाली बाबा भोलेनाथ की श्रृंगार पूजा नहीं हुई। रात करीब पौने दस बजे मंदिर की सफाई के बाद पट बंद कर दिया गया। इसके बाद परंपरा के अनुसार बाबा भोलेनाथ की विशेष पूजा से पहले रात करीब 10 बजे पारंपरिक बारात निकाली गयी। इसके साथ निकास द्वार से पुजारी, आचार्य तथा परंपरा से जुड़े लोग पूजा सामग्री के साथ बाबा मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किये। उपचारक भक्तिनाथ फलाहारी की अगुवाई में आचार्य गुलाब पंडित ने पुजारी के तौर पर सरदार पंडा श्रीश्री गुलाबनंद ओझा को चतुष्प्रहर पूजा करायी। रात के करीब सवा दस बजे से लेकर सुबह साढ़े तीन बजे तक बाबा बैद्यनाथ की तांत्रिक विधि से चतुष्प्रहर पूजा की गयी। ये ये पूजा पूजा आचार्य गुलाब पंडित व पुजारी के तौर पर स्वयं मंदिर महंत सरदार पंडा श्रीश्री गुलाब नंद ओझा थे। सबसे पहले सरदार पंडा ने रात में होनेवाली चतुष्प्रहर पूजा का संकल्प लिया। उसके बाद बाबा को सबसे पहले गंगाजल से स्नान कराया गया तथा पूजा प्रारंभ की गयी। इस दौरान बाबा को गुलाब जल, दूध, दही, घी, शक्कर, मधू आदि से स्नान कराने के बाद बाबा को मलमल के कपड़े से अच्छी तरह से पोछा गया। उसके बाद बाबा को सुगंधित इत्र आदि लगाने के बाद वस्त्र अर्पित कर उनके ऊपर चावल, धतूरा, बेल, श्रीफल आदि चढ़ाये गये। इसके बाद दूल्हे के लिए बनायी गयी खास माला चढ़ाने के बाद विग्रह पर माता पार्वती के लिए वस्त्र और श्रृंगार सामग्री चढ़ायी गयी। साथ ही बेलपत्र से विग्रह पर सिंदूर अर्पित कर पहले प्रहर की पूजा समाप्त की गयी। इस तरह बाबा की चार बार पूजा की गयी। पूजा संपन्न होने के बाद आम भक्तों के लिए जलार्पण शुरू कराने की परंपरा शुरू हो जायेगी। वहीं, सोमवार को दो सुबह छह बजे के करीब बाबा को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ देर के लिए पट बंद किया गया। इसके बाद पट खुलेगा तथा हर दिन की तरह कांचा जल पूजा और सरदारी पूजा के बाद जलार्पण प्रारंभ करा दिया जायेगा।




# झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी विकास राणा के पक्ष में चुनावी रणनीति तेज, कार्यकताओं में दिखा जोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी विकास राणा के चुनावी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक बंशीलाल चौक के समीप मंगल बाजार स्थित सिटी सेंटर कॉम्प्लेक्स में संचालित चुनावी कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक में झामुमो हजारीबाग जिलाध्यक्ष संजीव बेदीया, सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा, जिला सचिव नीलकंठ महतो तथा केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा की उपस्थिति में संयुक्त रूप से चुनावी तैयारियों और रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान झामुमो के प्रवक्ता सतीश दास ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने विकास राणा को मेयर पद का प्रत्याशी बनाकर उन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ विकास राणा को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए मैदान में उतर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास राणा जनसरोकार से जुड़े नेता हैं और नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने की क्षमता रखते हैं। झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव बेदीया ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र की जनता को आज भी सफाई,



जलापूर्ति, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान करना झामुमो की प्राथमिकता होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि विकास राणा के मेयर बनने के बाद नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। संजीव बेदीया ने आगे कहा, हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के लगभग हर बूथ पर हमारी स्थिति मजबूत है और जहां कहीं थोड़ी कमी है, वहां तेजी से काम किया जा रहा है।ह उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाताओं से संपर्क बनाए रखें और पार्टी की नीतियों तथा प्रत्याशी की छवि को घर-घर तक पहुंचाएं। बैठक में सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विकास राणा एक सुलझे हुए, अनुभवी और जनप्रिय व्यक्ति हैं, जिनके नेतृत्व में हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र का समग्र विकास होगा और नगर को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर मतदान करें और विकास राणा को विजयी बनाएं।

झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही जीत की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान को और तेज करने की अपील की। वहीं केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा ने कहा कि चुनावी अभियान में हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को अपने-अपने स्तर से प्रचार, मतदाता संपर्क और बूथ प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अंत में मेयर प्रत्याशी विकास राणा ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे अपने कीमती मत का प्रयोग करें और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि वे हजारीबाग के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर सकें।

## अर्चना गुप्ता ने वार्ड 8 के लिए पेश किया विकास का विजन, मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग नगर निगम निकाय चुनाव 2026 के तहत वार्ड संख्या 8 से पार्षद पद की प्रत्याशी अर्चना गुप्ता ने अपने संकल्प पत्र 2026 -2030 के साथ जनता से विकास और बदलाव के लिए समर्थन की अपील की है। ह्लवोट



करें समझदारी से, चयन करें होशियारी सेह्व के नारे के साथ उन्होंने वार्ड 8 को आदर्श वार्ड बनाने का संकल्प दोहराया।

अर्चना गुप्ता ने कहा कि वे पार्षद नहीं, बल्कि ह्लवार्ड सेविकाह्व बनकर जनता की सेवा करेंगी। समाजसेवी पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाली अर्चना गुप्ता के पति कुमुद गुप्ता, सेवानिवृत्त बी.आर.ओ. इंजीनियर एवं समाजसेवी हैं, जो वर्षों से क्षेत्र में जनसेवा में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, कर्मठता और पारदर्शिता के साथ वार्ड के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। संकल्प पत्र में प्रति सप्ताह स्वच्छता अभियान, पेयजल समस्या का स्थायी समाधान, ह्लहर घर जल योजनाह्व का विस्तार, जल निकासी के लिए नाला-नाली निर्माण, जर्जर बिजली पोल-तार बदलना, नए इलाकों में बिजली पहुंचाना, सामुदायिक भवन का निर्माण और पुराने भवनों का आधुनिकीकरण जैसे कई अहम वादे शामिल हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धा-विधवा पेंशन, राशन कार्ड, खाद्य सुरक्षा कार्ड और जनधन व स्वास्थ्य योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति को जोड़ने का भी संकल्प लिया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोर्रा व मटवारी में उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, सरकारी स्कूलों में पढ़ाई और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधार, आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं देने की बात कही गई है।

इसके अलावा वर्षों से उपेक्षित सड़कों के ढउउ निर्माण, विवादित रास्तों का आपसी सहमति से समाधान, तथा मटवारी-कुम्हार टोली क्षेत्र में तालाब सौंदर्यीकरण, श्मशान घाट विस्तार, सड़क-नाली और पुलिया निर्माण जैसे स्थानीय विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। अर्चना गुप्ता ने मतदाताओं से अपील की है कि 23 फरवरी 2026 को बैलेट पेपर में क्रम संख्या 2 पर बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि वार्ड 8 को एक स्वच्छ, विकसित और सुविधायुक्त आदर्श वार्ड बनाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार मुफस्सिल थाना में कांड दर्ज कर भेजे गए जेल

**हजारीबाग (नबिटाब)।** हजारीबाग पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार उर्फ गोलू (पिता—स्व. सीताराम साव, ग्राम रोला), प्रदीप कुमार (पिता—अशोक प्रसाद), विनय कुमार (पिता—सुरेश प्रसाद) और प्रकाश कुमार (पिता—नागेश्वर महतो), तीनों ग्राम अमनारी, थाना मुफस्सिल, जिला हजारीबाग के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों को 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 37/26, दिनांक 16.02.2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पचड़ा में संदिग्ध हालात में युवक का शव कुएं से बरामद, हत्या की आशंका

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** केरेडारी प्रखंड के पचड़ा गांव में सोमवार देर शाम एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गरीकलां निवासी बैजनाथ भुइंया के 20 वर्षीय पुत्र कैला कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैला कुमार अपने गांव के ही तीन साथियों गोविंद कुमार, दीपक राम और रंजन कुमार के साथ पचड़ा गांव स्थित मनोज राम के टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता था। 15 फरवरी की शाम उसका शव पचड़ा गांव के एक झाड़ीनुमा कुएं से बरामद किया गया। जिस कुएं से शव मिला है, उसमें करीब तीन फीट पानी बताया जा रहा है और उसकी गहराई भी अधिक नहीं है। ऐसे में आत्महत्या की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। घटनास्थल की स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की नीयत से कुएं में फेंका गया होगा। घटना की सूचना मिलते ही पगार ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों ने पचड़ा गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### वार्ड 14 में दीपिका देवी का जनसंपर्क तेज

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर वार्ड नंबर 14 की प्रत्याशी दीपिका देवी ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और अपने चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर छाप पर क्रम संख्या 2 पर मतदान करने की अपील की जनसंपर्क के दौरान दीपिका देवी ने वार्ड के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने, पेयजल समस्या के समाधान तथा मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो वार्ड नंबर 14 को स्वच्छ, विकसित और आदर्श वार्ड बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर उनके समर्थक भी साथ रहे और लोगों से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में मतदाताओं ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और सहयोग का आश्वासन दिया।

### पचंबा में दिव्यांग को एक साल से नहीं मिला राशन, डीलर पर टालमटोल का आरोप

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिले की उपनगरी पचंबा से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। पचंबा के गढ़ मुहल्ला निवासी राजेंद्र साहू, जो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से दिव्यांग हैं, को जन वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत मिलने वाला राशन नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि संबंधित डीलर लगातार बहाने बनाकर राशन देने से इनकार कर रहे हैं परिजनों के अनुसार, राजेंद्र साहू स्वयं चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनकी पतोहु जब भी राशन लेने जाती हैं तो पेठियाटांड़ स्थित पीडीएस डीलर गुड्डू साहू किसी न किसी कारण का हवाला देकर उन्हें लौटा देते हैं। कभी मशीन खराब होने की बात कही जाती है  तो कभी स्टॉक नहीं होने का बहाना बनाया जाता है। इस कारण परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का कहना है कि उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों और संबंधित अधिकारियों से भी मदद की गुहार लगाई, लेकिन अब तक किसी ने ठोस पहल नहीं की। एक असहाय दिव्यांग व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ न मिलना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है मामले की पुष्टि के लिए जब संवाददाता ने डीलर से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गांडेय इकाई ने महाशिवरात्रि पर किया भंडारे का आयोजन

**गांडेय/गिरिडीह (नबिटासं)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की गांडेय इकाई द्वारा गिरिडीह जिला अंतर्गत गंगापुर ग्राम स्थित श्री भूतनाथ धाम शिव मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु भक्तों के लिए महाप्रसाद के रूप में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु भक्तजन मंदिर परिसर में उपस्थित हुए। परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि ग्रामीणों से वातार्लाप के बाद इस तरह का सामूहिक महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं के अनुसार, ह्लऐसा पहली बार हुआ है कि प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालु भक्तजनों को महाप्रसाद ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हुआ भंडारे में लगभग 300 से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और सभी ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बिट्टू मोदी, राहुल कुमार वर्मा, नितेश कुमार गुप्ता एवं सुमित कुमार गुप्ता की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

### गिरिडीह के 4 युवा अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम हेतु सिक्किम रवाना

**गिरिडीह (नबिटासं)।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम ईएसऐप 2025-26 के अंतर्गत सिक्किम राज्य के नामची (दक्षिण सिक्किम) में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गिरिडीह जिले के चार युवा आज रवाना हुए। युवाओं को विदा करते समय लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नय्यर परवेज उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं गिरिडीह से चयनित प्रतिभागियों में दीपा कुमारी, कोमल रानी, ऋषव राज एवं सुशांत मंडल शामिल हैं।

## विनोद भगत ने खोला चुनाव कार्यालय, जनता तक खुद पहुंचेगा समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर शहर का राजनीतिक माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। 23 फरवरी को होने वाले मतदान में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में प्रत्याशी अपने-अपने प्रचार अभियान को तेज कर चुके हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मेयर पद के प्रत्याशी विनोद भगत के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।



कार्यालय का उद्घाटन उनके बड़े भाई रामावतार भगत ने फीता काटकर किया। रामावतार भगत झारखंड आंदोलनकारी के रूप में जाने जाते हैं और लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। खटियाणी परिवार के वरिष्ठ नेता के रूप में उनकी पहचान विभिन्न वार्डों में मजबूत मानी जाती है, जिसका लाभ विनोद भगत के चुनाव अभियान को मिल रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी और समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में विनोद भगत ने कहा कि वे जनता के आशीर्वाद और समर्थन से चुनाव मैदान में हैं और जीत के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली को जनता-केंद्रित बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि समाधान उनके दरवाजे तक पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा और सफाई कर्मियों की नियमित तैनाती व समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा फुटपाथ दुकानदारों के लिए व्यवस्थित और अस्थायी दुकानों की व्यवस्था करने की योजना भी उन्होंने रखी। विनोद भगत ने स्पष्ट किया कि वे जनता से सीधे संवाद करेंगे और किसी बिचौलिये की जरूरत नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल संगठन के पूर्व सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। चुनावी सरगर्मी के बीच इस कार्यालय उद्घाटन को विनोद भगत के अभियान को नई मजबूती मिलने के रूप में देखा जा रहा है।

## बड़कागांव में वृद्ध दंपति की हत्या, इलाके में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बादाम पंचायत के बाबूपारा गांव में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने एक वृद्ध दंपति की निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सुबह जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी मिली तो गांव में अफरा-तफरी मच गई।



हत्या किन कारणों से की गई है, इसका अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

## चौपारण थाना क्षेत्र में 5 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट, वन विभाग व पुलिस का संयुक्त अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग) ।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरदाह पंचायत के जमुनियातरी जंगल में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। 16 फरवरी 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग और चौपारण पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए विभिन्न इलाकों में करीब 5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया। अभियान के दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम ने घटनास्थल से 11 डिलीवरी पाइप भी बरामद किए, जिन्हें वहीं नष्ट कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार अवैध रूप से



अफीम की खेती करने वाले लोगों की पहचान और उनके नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है।

दोषियों की पहचान होते ही उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इस संयुक्त अभियान में एसडीपीओ बरही अजित कुमार बिमल, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एसआई सुबिंदर राम, एसआई सरवन कुमार, एसआई दिव्य प्रकाश, एएसआई बादल महतो सहित सशस्त्र बल तथा वन विभाग के बनपाल सरवन कुमार और जैनेन्द्र कुमार शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्गम इलाकों की पहचान ड्रोन के माध्यम से की जा रही है और अवैध मादक पदार्थों की खेती व तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

## मंडल कारा का औचक निरीक्षण, बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार सोमवार 16 फरवरी 2026 को बोर्ड ऑफ विजिटर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की संयुक्त टीम ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कारागार में बंद बंदियों के अधिकारों की रक्षा तथा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था निरीक्षण के दौरान टीम ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि जेल में किसी भी बंदी के साथ जातिगत भेदभाव न हो तथा कोई भी बंदी अन्य बंदियों को डराने-धमकाने या प्रताड़ित न करे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कारागार में सभी बंदियों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है संयुक्त टीम ने कारागार के विभिन्न बैरकों, रसोईघर, अस्पताल, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं



का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों से सीधे संवाद कर उनके स्वास्थ्य, उपचार, पेयजल, भोजन एवं नाश्ता की गुणवत्ता के साथ-साथ मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई। कारा अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। टीम ने निर्देश दिया कि जिन बंदियों को विशेष या उन्नत चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता हो, उन्हें आवश्यकता अनुसार उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया जाए, ताकि समय पर समुचित उपचार सुनिश्चित हो सके।

## निकाय चुनाव की आहट के बीच बरही में सघन तलाशी कागजात न मिलने पर कई वाहनों के कटे चालान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** आगामी निकाय चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष, स्वच्छ और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में सोमवार को बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जीटी रोड पर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार के निर्देशन में चली इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान होने वाली किसी भी संभावित गड़बड़ी को रोकना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा। जांच अभियान के दौरान पुलिस बल

- नियमों का उल्लंघन करने वाले नौ वाहन चालकों पर हुई सख्त कार्रवाई
- नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन चलाने के लिए न दें : थाना प्रभारी

ने सड़क से गुजरने वाले हर छोटे-बड़े वाहन की सघन तलाशी ली, जिसमें वाहनों की डिक्की की चेकिंग से लेकर संदिग्धों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। विशेष रूप से दोपहिया वाहनों की जांच करते हुए हेलमेट की अनिवार्यता, तिहरी सवारी, पंजीकरण प्रमाण पत्र और बीमा जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का मिलान किया गया। पूरी प्रक्रिया के दौरान कुल 25 वाहनों को रोककर उनकी जांच की गई, जिनमें से 9 वाहनों में खामियां पाए जाने पर तत्काल ऑनलाइन चालान के माध्यम से जुर्माना वसूला गया।

पुलिस निरीक्षक ने स्पष्ट संदेश दिया कि चुनाव के मद्देनजर इस तरह के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने वाहनों के तमाम जरूरी दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखें और सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करें। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों को विशेष चेतावनी देते हुए कहा कि वे नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन चलाने के लिए न दें, क्योंकि ऐसा करना न केवल नियमों के विरुद्ध है बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी अत्यंत जोखिम भरा है।

## उप विकास आयुक्त ने आयुष कार्यालय से संबंधित की बैठक, दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उप विकास आयुक्त  स्मृता कुमारी ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला के समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयुष विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की।  बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने आयुष केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से ओपीडी संचालित हो तथा मरीजों को



आवश्यक दवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं के प्रचार प्रसार पर विशेष बल देने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का लाभ उठा सकें। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के साथ समन्वय स्थापित कर लाभुकों को समुचित उपचार देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की सेवाएं जनहित से जुड़ी हैं सभी पदाधिकारी और कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें।

## सुदेश कुमार के समर्थन में सड़क पर उतरे सांसद मनीष जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी सुदेश कुमार के समर्थन में सांसद मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के शिवपुरी, शिवपुरी पंचायत भवन, कल्लू चौक, नूरा चौक, कोलघटी चौक, मंडई सहित कई इलाकों में सघन डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान प्रत्याशी सुदेश कुमार के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



जनसंपर्क अभियान के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से सुदेश कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जगह-जगह महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत करते हुए समर्थन का आश्वासन दिया। पूरे क्षेत्र में जनसंपर्क को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला और कई स्थानों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग नगर निगम को एक सक्षम, ईमानदार और विकासोन्मुख नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सुदेश कुमार जमीन से जुड़े, सक्रिय और जनसेवा के प्रति समर्पित उम्मीदवार हैं। नगर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए उनकी जीत जरूरी है। उन्होंने नगरवासियों से विकास की निरंतरता के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की। महापौर प्रत्याशी सुदेश कुमार ने कहा कि हजारीबाग की जनता का जो स्नेह और विश्वास उन्हें मिल रहा है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि वे हजारीबाग को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर बनाने के लिए संकल्पित हैं। उनकी प्राथमिकताओं में वार्ड स्तर पर साफ-सफाई की व्यवस्था मजबूत करना, जर्जर सड़कों का निर्माण, जलनिकासी की समुचित व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ जीत-हार का नहीं, बल्कि हजारीबाग के उज्ज्वल भविष्य का चुनाव है। जनसंपर्क अभियान के क्रम में सांसद मनीष जायसवाल और प्रत्याशी सुदेश कुमार ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा के आवास पहुंचकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। पूर्व सांसद ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए जीत की शुभकामनाएं दीं। नगर निगम क्षेत्र की गलियों और चौक-चौराहों पर चुनावी चचार्एं तेज हो चुकी हैं।

# ढोल-नगाड़ों की थाप पर सजी सियासत परंपरा के सुरों संग चुनावी बिगुल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरे शहर में सियासी तापमान चढ़ा हुआ है। गली-गली, वार्ड-वार्ड प्रत्याशी मतदाताओं के दरवाजे खटखटा रहे हैं। कहीं हाथ जोड़कर समर्थन मांगा जा रहा है, तो कहीं नुक्कड़ सभाओं के जरिए माहौल बनाया जा रहा है। आधुनिक चुनावी रणनीतियों के बीच देवघर में इस बार कुछ ऐसा भी देखने को मिल रहा है, जो शहर को उसकी जड़ों से जोड़ देता है।

शहरी चुनावी शोर में भी यहां परंपरा की थाप गूंज रही है। डिजिटल पोस्टर और डीजे की तेज धुनों के बीच ढोल-नगाड़ों की आवाज अलग ही पहचान बना रही है। मेयर पद के प्रत्याशी बाबा बलियासे उर्फ नागेंद्र नाथ बलियासे अपने प्रचार अभियान को पौराणिक रंग में रंगते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में शहर की गलियों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई दे रही है।

**ढोल नगाड़ों का होता है विशेष महत्व**

देवघर, जिसे बाबा बैद्यनाथ धाम के कारण देश-दुनिया में पहचान मिली है, वहां ढोल-नगाड़ों का विशेष महत्व रहा है। धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर सामाजिक आयोजनों तक, हर शुभ कार्य की शुरुआत इन्हीं वाद्यों की थाप से होती है। प्रचार में शामिल वासुदेव तूरी, जो पारंपरिक गायक हैं, बताते हैं कि देवघर में आज भी परंपरा के प्रति गहरा सम्मान है। उनके अनुसार भले ही आजकल लोग डीजे और बैंड-बाजा का रुख कर रहे हों, लेकिन जब बात संस्कृति और आस्था की आती है तो ढोल-नगाड़ा ही सबसे शुभ माना जाता है। वासूदेव तूरी ने कहा कि इस तरह के प्रचार से उन्हें और उनके जैसे कलाकारों को रोजगार का अवसर मिलता है। बदलते दौर में पारंपरिक कलाकारों के सामने रोजी-रोटी की चुनौती बढ़ी है। ऐसे में चुनावी मौसम उनके लिए सहारा बनकर आता है। गौरतलब है कि सिर्फ एक प्रत्याशी ही नहीं, बल्कि नगर निगम में कई उम्मीदवार ऐसे हैं, जो पौराणिक वाद्य यंत्रों के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बना रहे हैं।

# घूसखोर पंडित टाइटल विवाद: भाजपा नेता ने धनबाद थाना में दर्ज कराई शिकायत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बॉलीवुड फिल्म 'घूसखोर पंडत' शीर्षक को लेकर देश के साथ साथ धनबाद में भी विरोध तेज हो गया है। भाजपा नेता मुकेश पांडेय ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ धनबाद थाना पहुंचकर फिल्म के खिलाफ लिखित आवेदन सौंपा और कानूनी कार्रवाई की मांग की। मुकेश पांडेय का कहना है कि फिल्म का नाम एक विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि शीर्षक के माध्यम से ब्राह्मण समाज की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। उनके अनुसार, इस तरह के नाम से पूरे समुदाय को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। भाजपा नेता ने कहा कि फिल्म के निर्माता और निर्देशक को इस तरह की विषयवस्तु और शीर्षक से बचना चाहिए था। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कानूनी कदम उठाए जाएं। जिससे भविष्य में ऐसे विवादित शीर्षकों पर नियंत्रण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। मुकेश पांडेय ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक फिल्म के नाम और कथानक को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक इसकी रिलीज पर रोक लगाने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि अगर जिला प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो समाज के लोग लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे। इधर धनबाद थाना पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आवेदन की जांच की जा रही है और कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि विवाद में मामा-भांजे के बीच मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा (कोडरमा)।** कोडरमा जिला के सतगावां थाना क्षेत्र के ग्राम वैधडीह में जमीन विवाद को लेकर रविवार की देर रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस मारपीट की घटना में मामा -भांजा सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।इस मारपीट की घटना में वैधडीह निवासी 25 वर्षीय सनोज साव व 22 वर्षीय लालू साव दोनों पिता राजेन्द्र साव तथा दूसरे पक्ष से नासरगंज निवासी गनौरी साव के पुत्र 50 वर्षीय प्रदीप साव 42 वर्षीय सुरेश साव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें कोडरमा रेफर कर दिया है। मामले को लेकर लालू साव ने आरोप लगाया कि उनके मामा प्रदीप साव जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उनकी दुकान में अपना गोदाम बना रखा है। दुकान खाली करवाने को लेकर यह विवाद हुआ। वहीं दूसरी ओर,प्रदीप साव ने दावा किया कि दुकान उनकी है और वे उसमें अपना सामान रख रहे थे,तभी अचानक उन पर हमला कर मारपीट की गई। वहीं पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्षों की द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया है।

# चौकीदार ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ा

## मादक पदार्थ कारोबारी चौकीदार का मोटरसाइकिल छीनकर हुए फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र से गांजा बरामद होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार डोमचांच अंचल कार्यालय में कार्यरत एक चौकीदार का मोटरसाइकिल छीन कर अवैध मादक पदार्थ के कारोबारी फरार हो गए। मामले की जानकारी देते हुए चौकीदार मनोज सिंह ने बताया कि गिरिडीह से कुछ युवक गांजा की तस्करी करने के लिए नवलशाही की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के आलोक में मनोज सिंह उनका लोकेशन प्राप्त कर उनके आने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान कानीकेंद जंगल में दो युवकों के स्कूटी पर सवार होकर गांजा लेकर नवलशाही की ओर जाने का पता चला। जैसे ही वे उक्त स्थल पर पहुंचे, इन्हें देखते ही दोनों युवक स्कूटी से बरियारडीह होते हुए नवलशाही की ओर भागने लगे। इस दौरान नवलशाही थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित एक यात्री शेड के समीप दोनों युवकों द्वारा उनके पास रखे हुए बैग को यात्री शेड में फेंक दिया गया और वे वहां से भाग निकले। इधर मनोज ने उन तस्करों द्वारा फेंके गए बैग को खोला तो उसमें लगभग 2 किलो गांजा के दो बड़े-बड़े पैकेट रखे हुए थे। इधर शिवरात्रि का त्योहार होने और चौकीदार मनोज सिंह की डोमचांच में ड्यूटी होने के कारण वे उक्त बैग को कहीं रखकर ड्यूटी हेतु डोमचांच चले गए। उन्होंने बताया कि इनका घर नवलशाही थाना क्षेत्र के ही पसियाडीह गांव में है। रविवार को ड्यूटी खत्म होने के पश्चात रात करीब 8 बजे जब वे अपनी बाइक से अपने गांव जा रहे थे, इसी दौरान उनके गांव के रास्ते में स्थित एक छोटी सी पुलिया के पास पहले ही से ही घात लगाकर उक्त दोनों युवक खड़े थे। जैसे ही ये वहां पहुंचे, दोनों युवकों ने इन्हें घेर लिया और आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और बाइक छीनकर वहां से फरार हो गए। वहीं सोमवार की सुबह इनके द्वारा उक्त युवकों से पकड़े गए गांजा को लेकर वे नवलशाही थाना पहुंचे और सारी आपबीती पुलिस को सुनाई। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने महिलाओं के जेवरात उड़ाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा (कोडरमा)।** कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के घोड़सिमर स्थित शिव मंदिर में सोमवार की सुबह पूजा करने पहुंची महिलाओं को चोरों ने निशाना बनाया। मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ और गहमा-गहमी का फायदा उठाकर चोरों ने तीन महिलाओं के कान और गले से सोने के जेवरात काटकर उड़ा लिए। चोरों ने पूजा कुमारी की कान की बाली, सुनीता कुमारी की सोने का ढोलना तथा मंजू देवी का मंगलसूत्र उड़ा लिया। महिलाओं को जब चोरी का एहसास हुआ,तब तक चोर फरार हो चुके थे। जेवरात चोरी होने की जानकारी पीड़ित महिलाओं ने तुरंत मंदिर परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को दी। घटना के बाद से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिर में पूजा करने के दौरान अपने कीमती सामानों का स्वयं ध्यान रखें और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दें।

# रांची नगर निगमः भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो ने जारी किया संकल्प पत्र, वादों की लगाई झड़ी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भाजपा समर्थित मेयर पद की उम्मीदवार रोशनी खलखो ने अपना संकल्प पत्र जारी किया, जिसमें उन्होंने एक विकसित रांची के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। अपने चुनाव कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में रोशनी खलखो ने संकल्प पत्र जारी किया, जिसमें जनता पर होल्डिंग टैक्स, पानी टैक्स और कचरा टैक्स का बोझ न डालने का वादा किया गया। चार पेज के कलरफुल संकल्प पत्र को नौ भागों में बांटा गया है, जिसमें जनता से किए गए वादे हैं।

रोशनी खलखो ने नगर निगम क्षेत्र में हॉस्टल, बैंक्वेट हॉल और कोचिंग सेंटर की फीस कम करने और नियमावली सरल बनाने, सार्वजनिक जगहों पर स्मार्ट डस्टबिन लगाने, महानगरों की तरह पर्याप्त सार्वजनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने, नगर निगम क्षेत्र में फुटपाथ की दुकानों और पैदल चलने वालों के रास्तों को व्यवस्थित करने, सिटी बसें चलाने, बस स्टॉप और टेम्पो स्टॉप को व्यवस्थित करने, आधुनिक रात्रि विश्रामालय की व्यवस्था करने, सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम लगाने और निगम को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देने, छठ तालाबों की सफाई और सुंदरता बढ़ाने, छठ पर्व के लिए पर्याप्त संख्या में कृत्रिम छठ घाटों का व्यवस्था सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने में रांची नगर निगम की भूमिका सुनिश्चित करने का वादा किया।

इस अवसर पर रोशनी खलखो ने जीत का दावा करते हुए कहा, "अगर हमें जनता का आशीर्वाद मिला, तो हम अपने किए गए वादों को निश्चित रूप से पूरा करेंगे।"

एक सुंदर और स्वच्छ रांची बनाने का वादा करते हुए, रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रोशनी खलखो पहले दो बार पार्षद रह चुकी हैं और जनता उन्हें अच्छी तरह जानती है। वह व्यवहार कुशल हैं और जनता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। जब मैं शहरी विकास मंत्री था, तब वह वार्ड पार्षद थीं और जिस लगन से उन्होंने काम किया, वह रांची में साफ दिखता है।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि रोशनी खलखो एक सुंदर और स्वच्छ रांची बनाने के लिए काम करेंगी। जो लोग उनका विरोध कर रहे हैं, वे पहले मेयर रह चुके हैं और लोगों ने उनके कार्यकाल को भी करीब से देखा है।

इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रोशनी खलखो ने नगर निगम चुनाव कराने के लिए सरकार से कोर्ट में लड़ाई लड़ी, जिसके बाद सरकार को चुनाव कराने के लिए मजबूर होना पड़ा। आज राजधानी की हालत इतनी गंदी है कि लोग जीने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में लोग रोशनी खलखो को जिताने के लिए जरूर काम करेंगे।

# पलामू में गोलगप्पा खाने से 150 से ज्यादा बच्चे बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में गोलगप्पा खाने से बीमार हुए बच्चों की संख्या बढ़कर 150 से ज्यादा हो गई है। उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंप लगाकर सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है। बीमार बच्चों की उम्र पांच से 15 साल के बीच है। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी खतरे से बाहर हैं। कई बच्चों को दवा देकर घर भेज दिया गया है। घटना पांकी थाना इलाके में हुई। दरअसल, पलामू के पांकी थाना इलाके के द्वारिका के रघुआखाड़ में महाशिवरात्रि के दौरान मेला लगा था। रविवार को मेले में बच्चों ने गोलगप्पा खाया था। गोलगप्पा खाने के बाद रविवार रात को एक-एक करके बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। सोमवार सुबह कई बच्चों की हालत और बिगड़ गई। सुबह तक करीब 25 बच्चे बीमार पड़ गए। गांव वालों ने इसकी सूचना पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारिका गांव पहुंची। सोमवार शाम तक बीमार बच्चों की संख्या 150 से ज्यादा हो गई। बीमार बच्चे द्वारिका और आस-पास के तीन-चार गांवों के हैं। बच्चों के बीमार पड़ने के बाद बड़ी संख्या में गांव वाले अस्पताल पहुंचे। पांकी के द्वारिका के रहने वाले ध्रुव कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके बेटे ने भी मेले में गोलगप्पा खाया था, जिसके बाद वह बीमार पड़ गया। स्थानीय स्तर पर बच्चे का इलाज कराया गया। मेले में गोलगप्पा खाने के बाद गांव के कई और बच्चे भी बीमार पड़ गए। पलामू के सिविल सर्जन डॉ। अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बीमार बच्चों की संख्या 150 से अधिक है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। कई बच्चों को दवा देने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और उनकी सेहत पर नजर रखी जा रही है। बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत थी। इस मामले की जांच भी की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 44-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक** 13.02.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल-कालुबथान स्टेशन यार्ड में अप एवं डाउन लूप लाइनों का विस्तार"। **निविदा मूल्यः** रु. 1,22,26,597.75, **बयाना राशिः** रु. 2,11,100/-, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 09.03.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in/**

ASN-352/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/741, दिनांक** 13.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3542, कार्य का नाम :** "एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18 के स्थान पर नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3489-आर, कार्य का नाम :** "एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के तहत जोनल नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर सह ईपीसी बिल्डिंग का निर्माण" के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य से संबंधित मशीन रूम/मशीन रूम लेस (एमआरएल) पैसेंजर लिफ्ट (जी+4), 5 स्टॉप्स, 5 ओपनिंग्स, 8 यात्री क्षमता (544 केजी) का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति। **निविदा मूल्य :** रु. 34,48,385/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 69,000/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 09.03.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-620/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-एडीए-ई-टेंडर-01-2026, दिनांक 13.02.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, दक्षिण पूर्व रेलवे/आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरणः** सुदामडीह यार्ड क्रॉस ओवर प्वाइंट सं. 101 में किमी. 314/14-15 पर पीएसआर हटाने के लिए ओएचई सुधार कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 49,24,198.39; उपरोक्त कार्य के लिए **ई-निविदा के बंद होने की तारीख एवं समयः** 06.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तथा **निविदा** दिनांक 06.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे के उपरांत खोली जाएगी। उपरोक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **(PR-1192)**

# लालू यादव के राज की तरह झारखंड में चुनाव कराना चाहती है सरकार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में शहर की सरकार चुनने के लिए वोटिंग 23 फरवरी, 2026 को होनी है। भले ही चुनाव पार्टी के आधार पर नहीं हो रहे हैं, लेकिन लगभग सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने किसी न किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है। इससे इस चुनाव में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। रांची नगर निगम के मेयर पद के चुनाव पर सबकी नजर है। इसी बीच बीजेपी नेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का नाम लेते हुए हेमंत सरकार पर तंज कस रहे हैं।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और दूसरे भाजपा नेता नगर निकाय चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर के इस्तेमाल पर तंज कस रहे हैं। उनका कहना है कि हेमंत सरकार लालू यादव के राज के समय के दौरान "आंखें बंद, डब्बा गायब" के जैसे चुनाव कराने लिए बैलेट पेपर से चुनाव करा रही है। रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने पार्टी समर्थित मेयर उम्मीदवार रोशनी खलखो के समर्थन में किशोरगंज में एक नुक्कड़ रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शुरू में यह सरकार नगर निकाय चुनाव नहीं कराना चाहती थी। रोशनी खलखो ने इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी। फिर कोर्ट के आदेश से चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव हो रहे हैं, तो यह सरकार इतनी डरी हुई है कि वह पुराने दिनों की तरह चुनावों में धांधली करने के लिए ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का इस्तेमाल कर रही है, ताकि वे लालू यादव के राज की तरह "आंखें बंद, डब्बा गायब" करके जीत सकें, हम अब ऐसा नहीं होने देंगे। वोटिंग के बाद हमारे कार्यकर्ता बैलेट बॉक्स के साथ स्ट्रॉन्ग रूम तक जाएंगे और फिर स्ट्रॉन्ग रूम की भी निगरानी करेंगे।

भाजपा के बड़े नेताओं के वार्ड-मेयर चुनाव में उतरने के विपक्ष के आरोप का भी संजय सेठ ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह रांची के सांसद हैं, यहां उन्होंने काम किया है तो ऐसे में क्या चुनाव में क्षेत्र को छोड़ दें। वहीं चुनावी सभा में लालू प्रसाद का नाम लेने को राजद ने दुखद करार दिया। राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि दरअसल राज्य में जनता द्वारा नकारे गए भाजपा के लोग उनके नेता का नाम लेकर अपना टीआरपी बढ़ा रहे हैं। संतोष यादव ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा अपने समर्थित उम्मीदवारों की हार मान चुकी है, इसलिए वह अनाप शनाप बयान दे रहे हैं।

# चोर को पैंथर जवानों ने रंगे हाथ धर दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत टैक्सी स्टैंड के समीप रविवार देर शाम पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। घटना रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ने की कोशिश एक युवक कर रहा था। मौके पर मौजूद पैंथर जवानों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी का पीछा किया और दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। हालांकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पकड़ा गया युवक जेरूवाडीह निवासी बताया जा रहा है।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी / गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । इस समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान, सालेपुर बेलउआ सड़क निर्माण कार्य प्रगति एवं मलमास मेला 2026 के अवसर पर पूर्व तैयारीयों से संबंधित विषय पर चर्चा करते हुए डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले भर में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का मुख्य मकसद सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम कर उसके जीवन को और आसान बनाना है।

उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि आम लोग जब अपनी समस्याओं को लेकर सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं तो अधिकारी उपस्थित नहीं रहते हैं, जिसके कारण उन्हें असुविधा होती है। इसे देखते हुए अब आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यो में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसे लेकर दिशा-निर्देश दिये गये की प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, एवं जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों का निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी से उनके निर्धारित कार्यस्थल / कार्यालय कक्ष में मिलेंगे, निर्धारित दोनों दिवसों पर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित होकर लोगों से सम्मानपूर्वक मिलेंगे और उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका त्वरित निराकरण करेंगे। वैसे पदाधिकारी जो एक से अधिक विभाग/कार्यालय के प्रभार में है, वे सोमवार / शुक्रवार को सुविधानुसार समय निर्धारित कर सभी कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों से मिलेंगे। सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों को सम्मानपूर्वक बैठाने एवं मिलने के साथ-साथ उनके लिए जरूरी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/599, दिनांक** 13.02.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/44/25-26/एसएफ। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** सियालदह मंडल के तहत उम्र सह स्थिति के आधार पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर (85 अदद) का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु.5,75,22,423.01, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.4,37,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 27.02.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 13.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 13.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंडः** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंडः** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** "आउटडोर सिग्नलिंग कार्य से संलग्न कोई भी कार्य" मौजूदा निविदा कार्य के लिए समप्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित होगा। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-398/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-33-25, दिनांक** 11.02.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-33-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में ओएचई पावर सप्लाई सिस्टम की विश्वसनीयता में सुधार के लिए स्विचिंग पोस्ट पर अर्थिंग सिस्टम का नवीनीकरण। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,38,18,058.96, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी हैः** रु. 2,19,100/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** दिनांक 06.03.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-618/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एम-पीई-54-एएमसी-एसपीएआरएमवी-आरपीएच-26, दिनांक** 10.02.2026, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन व मालभाड़ा/हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. **एम-पीई-54-एएमसी-एसपीएआरएमवी-आरपीएच-26** के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्यूअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं ऐसा कोई मैन्यूअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** कार्य अनुबंध के आधार पर श्रम लागत, उपभोज्य सामग्री और ब्रेकडाउन आह्वान/मरम्मत सहित ओईएम या उनके अधिकृत एजेंट से एकल निविदा के आधार पर 03 (तीन) वर्षों के लिए एसएसई/एआरटी/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट में 03 कोच एसपीएआरएमवी के साथ व्यवस्थित कमिंस प्रस्तुतकारक डीजल इंजन (प्रत्येक 02 अदद) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) और रखरखाव सेवाएं। **बोली प्रणालीः** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 72,03,949.64, **बयाना राशिः** रु. 1,44,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधिः** 36 माह। **प्रस्ताव की वैधताः** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** 10.02.2026 को 10.01 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 19.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.03.2026 को 14.00 बजे। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है।

HWH-616/2025-26

निविदा सूचनाएँ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नीट छात्रा के परिजन को मिली धमकी

## दहशत के साये में परिवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जहानाबाद की नीट छात्रा की मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरू कर दी है। इस बीच, छात्रा के परिवार को हत्या की धमकी दी गई है। परिवार के अनुसार, बीते शनिवार को किसी ने घर की खिड़की से किचन में एक पर्चा फेंका। पर्चे में लिखा था, 'ज्यादा न बन, सब मारा जाएगा, सबके जान मारेंगे।' पर्चा मिलने के बाद परिवार डरा-सहमा हुआ है।

परिजनों ने बताया कि पर्चा मिलने के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी गई और प्रशासन ने पर्चा अपने कब्जे में ले लिया। परिवार ने मीडिया से कहा कि दिन में घर पर सुरक्षा के लिए चौकीदार तैनात रहते हैं, लेकिन रात में पिछले दो दिन से कोई चौकीदार नहीं रहा। शकुराबाद थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि छात्रा के परिजनों के घर से प्राप्त पर्चे के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा पहले से ही दी जा रही है। इस बेहद हाई प्रोफाइल केस में सीबीआई की टीम अपनी जांच कर रही है। टीम के सदस्य छात्रा के रहने वाले शंभू गर्ल्स हॉस्टल और उसके पैतृक गांव भी गए। टीम बीते रविवार की सुबह मृतक के पैतृक गांव पहुंची और परिवार से जानकारी ली।

परिवार के अनुसार, सीबीआई ने छात्रा की कुछ किताबें, कॉपी और कपड़े अपने साथ ले लिए। भाई का मोबाइल भी मांगा गया, लेकिन उसने बताया कि फोन खराब है और उसे मखदुमपुर में मरम्मत के लिए दिया है। छात्रा के पिता ने कहा कि उइक टीम का व्यवहार सकारात्मक था और इससे निष्पक्ष जांच की उम्मीद जगी है।

# हत्याकांड का मुख्य आरोपित मुठभेड़ में घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मधुबनी। बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के एलान के बाद पुलिस लगातार एक्शन मोड में नजर आ रही है। ताजा मामला मधुबनी जिले से सामने आया है, जहां रविवार देर रात जय राम हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। रामपट्टी-राजनगर स्टेट हाईवे पर पुलिस और अपराधियों के बीच आमने-सामने की मुठभेड़ से इलाके में सनसनी फैल गई। इस दौरान कुख्यात अपराधी मो. अरसद घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

मधुबनी एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि 10 फरवरी को राघोपुर बलाट समाधि टोला निवासी जयराम मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस वारदात में शामिल अपराधी रामपट्टी-राजनगर स्टेट हाईवे से गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही बलाट गांव के पास घेराबंदी कर सख्त वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। घटनास्थल से पुलिस ने एक लोडेड पिस्टल भी बरामद की है। घायल अरसद को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक, घायल आरोपी हत्याकांड में मुख्य रूप से शामिल था। घटना के दिन वह एक खास तरह की जैकेट पहनकर बाइक के साथ घटनास्थल के आसपास देखा गया था, जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हुई है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मोहम्मद अरसद पर पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सघन अभियान में अरसद के भाई अमन और अमीर समेत तीन आरोपियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इलाके में घटना के बाद दहशत का माहौल है, हालांकि पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि फरार आरोपियों को पुलिस कब तक गिरफ्तार कर पाती है।


### गला दबाकर प्रेमिका की हत्या

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के कठार गांव के बाला बीघा मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति की पत्नी को उसके प्रेमी ने मेला देखने के बहाने बुलाकर गला दबाकर रविवार को हत्या कर दी। उसके उपरांत प्रेमी सुदर्शन उसके गोद में रहे लगभग ढाई वर्ष के बच्चे के साथ लिए थाना में आकर आत्मसमर्पण कर दिया।

सूचना के समय उसने मृतका को अपनी पत्नी बताया। लेकिन जब पुलिस उसे साथ लेकर शव बरामद करने के लिए घटनास्थल पहुंची तो वास्तविकता कुछ और निकली। मृतका की सास ने बताया कि सुदर्शन उसका पति नहीं है। बेटे के जिंदा रहते उसका बहु के साथ गलत संबंध था।

# युवक ने पुल से लगायी छलांग

## गोताखोरों की मदद से निकाली गयी लाश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला-खरसावां।** जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सापड़ा स्थित स्वर्णरेखा नदी पर बने पुल से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां सोमवार को पुल से एक स्कूटी सवार युवक ने नदी में छलांग लगा दी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान तमोलिया निवासी वरुण के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मतक काले रंग की स्कूटी से पुल पर पहुंचा था। उसने पुल पर स्कूटी खड़ी की और अचानक स्वर्णरेखा नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद पुल पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने युवक का शव नदी से बाहर निकाला।

घटना की खबर मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद ही पुलिस इस मामले में कुछ बता पाएगी।

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने को ले किसानों के बीच जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत मां तारा नगरी केसपा स्थित मंदिर प्रांगण में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने एवं किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार तथा प्रगतिशील कृषक समूह के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में गन्ना प्रसार पदाधिकारी गया नरेंद्र कुमार, गन्ना प्रसार पदाधिकारी औरंगाबाद अरविंद कुमार एवं सहायक निदेशक परेन्द्र गर्ग उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बिहार राज्य गन्ना उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान गन्ना फसल के लिए उन्नत बीज,




तकनीकी मार्गदर्शन एवं अनुदान का लाभ विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित किसान सुनील सिंह, रामदीप सिंह एवं मनीष कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे गन्ना की खेती कर परंपरागत खेती की तुलना में कई गुना अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रगतिशील किसान समूह के संचालक श्याम नंदन ने भी किसानों को गन्ना खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि टिकारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के समीप केंद्र सरकार की सैकड़ों एकड़ खाली पड़ी जमीन पर विभाग द्वारा चीनी मिल की स्थापना पर विचार किया जा सकता है, जिससे स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक के दौरान किसानों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। किसानों ने सिंचाई सुविधा, उन्नत बीज की उपलब्धता एवं गन्ना भुगतान समय पर सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग तत्पर है और गन्ना खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।

कार्यक्रम में रविन्द्र शर्मा, मुकुल शर्मा, संजय शर्मा, रहीश यादव, विजय शर्मा, राजीव शर्मा सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे। अंत में किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

# ट्रेन से कटकर दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गयाजी। पूर्व मध्य रेलवे के गया जंक्शन के छह नम्बर प्लेटफार्म पर महाबोधि एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान दो यात्रियों की महाबोधि एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई है। दोनों मृत यात्रियों की पहचान मो खालिद आलम पिता खुर्शीद आलम घर भगहर थाना बाराचट्टी जिला गया तथा सरयू प्रसाद पिता गनौरी साव थाना डिहरी जिला जहानाबाद के रूप में की गई। दोनों यात्री गया से नई दिल्ली के लिए जनरल टिकट लिया था।

रेल थानाध्यक्ष शिवकुमार यादव ने बताया कि दोनों यात्रियों के पास से बरामद आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई है। घटना की सूचना दोनों के परिजनों को दिया गया है। घटना की सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। रेल ट्रैक से शव को हटाने के बाद ट्रेन का परिचालन कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

# नकली दवा फैक्टरी का भंडाफोड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मानपुर में टास्क फोर्स की टीम न एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली दवा फैक्ट्री का राजफाश किया। टीम ने तीन दिनों तक लगातार निगरानी और गुप्त रूप से जांच की थी।

जिला औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ दिल्ली से आई टीम ने छापेमारी कर करीब 27 लाख रुपये मूल्य की नकली दवाएं, इंजेक्शन और भारी मात्रा में कच्चा माल जब्त किया।

कार्रवाई भुसुंडा स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के पास संचालित लाइव केयर साइंस प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में की गई। यह फैक्ट्री ममता देवी के नाम से पंजीकृत बताई जाती है।

सहायक औषधि नियंत्रक विजय कुमार, राज्य औषधि नियंत्रक नित्यानंद किसलय के निर्देश पर यह संयुक्त छापेमारी की गई। टीम ने ट्रामाडोल, डिलोना सहित कई संदिग्ध दवाओं के पाउडर, टैबलेट और पैकेजिंग सामग्री बरामद की है।

## संदिग्ध दवाईयों के पावडर व टिकिया बरामद

मुख्य आरोपित अरुण कुमार गया में पकड़ा गया। अरुण पटना के पाटलीपुत्र कालोनी का निवासी है। अधिकारियों के अनुसार, फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली दवाओं का निर्माण कर बाजार में आपूर्ति की जा रही थी। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस संयुक्त अभियान में स्थानीय औषधि निरीक्षक ईश भारद्वाज, शशिभूषण कुमार, सुनील कुमार और वसीम अख्तर शामिल थे। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच से एसआइ विकास दीप और एएसआइ सांभर यादव समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई में भाग लिया। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

मानपुर में नकली दवा फैक्ट्री में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार संचालक अरुण कुमार को दिल्ली पुलिस अपने साथ ले गई। शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान उसे हिरासत में लिया गया था।

अधिकारियों के अनुसार, नकली दवाओं और कच्ची सामग्री की जब्ती के बाद अरुण कुमार से प्राथमिक पूछताछ की गई। तब उसे दिल्ली टास्क फोर्स के हवाले कर दिया गया। शनिवार को टीम उसे लेकर दिल्ली रवाना हो गई।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर छात्र हुए रवाना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत सोमवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौर राम भद्रपुर के 40 छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण टीम दरभंगा के लिए रवाना हुआ। भ्रमण दल का नेतृत्व सहायक शिक्षक शशि कांत सिंह और राजेश कुमार पासवान ने किया। विद्यालय परिसर से प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं को रवाना किया। परिभ्रमण दल में वर्ग 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राएं शामिल हैं छात्रों को दरभंगा के तारामंडल में खगोल विज्ञान से संबंधित रोचक जानकारियां दी जाएगी।

छात्र छात्राओं ने सौरमंडल ग्रह नक्षत्र एवं अंतरिक्ष की संरचना को आधुनिक तकनीक के माध्यम से परखा, जाना और समझा। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के महत्व और भविष्य की संभावनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। परिभ्रमण पर रवाना होने वाले छात्र-छात्राओं में काफी खुशी का माहौल था।

# आरोपित धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जिले में 8 वर्ष की एक बच्ची से गांव के मुखिया के देवरह के द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है । इस मामले में शेखपुरा महिला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई। जिसके बाद रात्रि में नवादा जिला से आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी युवक पूर्व मुखिया सरफराज का ममेरा भाई बताया जा रहा है, जबकि पूर्व मुखिया सरफराज की पत्नी वर्तमान में मुखिया है और आरोपी युवक मुखिया का रिश्ते का देवर लगता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राकेश कुमार ने बताया कि यह मामला मोहली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 8 वर्ष की एक बच्ची से अमानवीय व्यवहार की घटना को अंजाम दिया गया है। दुष्कर्म के बाद आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस में जब इसकी सूचना मिली तो रात्रि में कई जगह पुलिस के द्वारा छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी नवादा जिला के कौआकोल से की गई। दुष्कर्म के एक मामले में युवक पहले भी जेल जा चुका है।

# मेंहदार महोत्सव में सारण की गायिका बहनें प्रीति -कृति सम्मानित

## गोबर महादेव पारम्परिक गीत से महोत्सव का किया था आगाज




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** सारण जिले की बाल कलाकार गायिका प्रीति- कृति बहनें मेंहदार महोत्सव पर सम्मानित हुई। महाशिवरात्रि पर सिवान जिले की सिसवन प्रखंड स्थित प्रसिद्ध महेंद्रनाथ धाम में पर्यटन विभाग बिहार सरकार व जिला प्रशासन सिवान द्वारा आयोजित मेंहदार महोत्सव का आगाज गायिका बहनों के पारम्परिक गीत गायी के गोबर महादेव से हुआ था। गायिका प्रीति -कृति बहनों बाबा हो महेंद्रनाथ होली खेलें मेंहदार में का गायन कर भक्तों को फागुन रस से सराबोर कर दिया जिसे सुन लोग पंडाल की तरफ दौड़ पड़े।पुरइन पात चढ़ी सुतेली गौरा देई और बेलपतरे से रोजों नहानी आदि गीतों की भी गायिका बहनों ने प्रस्तुत की।जिसकी जिला प्रशासन के उपस्थित अधिकारियों ने प्रशंसा की।डिप्टी कलक्टर शालू कुमारी और जूली कुमारी ने शाल - मेमोंटो देकर गायिका बहनों को सम्मानित किया।सम्मानित होने पर नौवीं कक्षा की छात्रा प्रीति कृति के रामनंदन हाइस्कूल योगियां के प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव, लाइब्रेरियन कपुर्री ठाकुर,शिक्षक विजय कुमार गुप्ता,शिक्षिका कामिनी सिंह आदि ने बधाई देते हुए कहा कि इससे स्कूल का नाम रौशन हुआ है।

# महिला दिवस पर सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** लोक समिति और मजदूर - किसान समिति की संयुक्त बैठक शेखवारा मोड़ स्थित ऋतुराज मार्केट के निमार्णाधीन हॉल में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने की । बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 मार्च , अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । सम्मेलन में यमुनालाल बजाज से पुरस्कृत गांधीवादी चिंतक व लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश , बोधगया भूमि आंदोलन के नेत्री डॉ. कुमुद, आदिवासी सेवा आश्रम, सोनभद्र के सचिव शुभा और बाराचट्टी के विधायक ज्योति मांझी शामिल होंगी । बैठक में नीट छात्रा अनामिका की हत्या या आत्महत्या की जांच में पुलिस की सुस्ती पर चिंता जताई गई । बैठक में मांग की गई कि उक्त मामले में पुलिस जांच में तेजी लाए और न्यायिक परिणीती तक पहुंचाये ।

बैठक में यूजीसी द्वारा बनाए गए विनिमय 2026 को कड़ाई से पालन करने की मांग की गई। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वाशर्मा द्वारा मुस्लिम चेहरा बनाकर उस पर गोली चलाने की निंदा की गई । इसे हिंदू - मुस्लिम के बीच नफरत फैलाने की कार्रवाई कहा गया । इस मामले में सुप्रीम कोर्ट स्वयं संज्ञान लेकर हेमंता विस्वाशर्मा पर कार्रवाई करने की मांग की गई । बैठक में भारत - अमेरिका ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री श्री मोदी से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई । बैठक में रामबिलास शर्मा , किसान - मजदूर समिति के जिलाध्यक्ष बिशुनधारी यादव , जय लोकतांत्रिक जेपी सेनानी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह , बालेश्वर मांझी , पूर्व सरपंच मल्लू मांझी , परमेश्वर यादव , कुलेश्वर मांझी आदि थे ।

# नशेड़ी चालक ने मचाया उत्पात, बीडीओ की गाड़ी सहित कई वाहनों को ठोंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** महनार स्टेशन रोड पर नशे में चूर एक युवक के उत्पात से काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। तेज रफ्तार कार चला रहे युवक ने महनार के बीडीओ की गाड़ी सहित कई वाहनों को टक्कर मार दी।

इस दौरान ब्लू रंग की शर्ट पहने एक व्यक्ति द्वारा युवक को थप्पड़ मारने और युवक के माफी मांगने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। आरोप है कि बीडीओ ने युवक को थप्पड़ मारा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अनियंत्रित तरीके से वाहन चला रहा था, जिससे सड़क पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे महनार के बीडीओ मुकेश कुमार के सरकारी वाहन को भी उसने टक्कर मार दी। घटना के बाद बीडीओ ने संयम बरतते हुए स्थिति को शांत करने का प्रयास किया और युवक से वाहन साइड में लगाने को कहा। आरोप है कि युवक नशे की हालत में दुर्व्यवहार करने लगा। मौके पर भीड़ जुटने लगी और कुछ लोग वीडियो बनाने लगे।

स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए बीडीओ ने पुलिस को सूचना देने की बात कही, जिसके बाद युवक का व्यवहार बदल गया और वह माफी मांगने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को महनार थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद उसे हिरासत में लेकर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया। घटना के बाद स्टेशन रोड पर काफी देर तक भीड़ लगी रही। इस घटना ने एक बार फिर नशे में वाहन चलाने की गंभीरता को उजागर किया है।

इस संबंध में बीडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि नशे की हालत में वाहन चला रहे युवक ने कई गाड़ियों को टक्कर मारकर उत्पात मचाया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे रोका गया और पुलिस के हवाले किया गया, ताकि आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है और नशे में वाहन चलाने जैसी लापरवाही पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**नगरनौसा(नालंदा)।** विधुत उप शक्ति केंद्र नगरनौसा में मंगलवार के दिन ट्रांसफार्मर का ब्रेकर चेंज होने एवं चंडी से नगरनौसा आया 33 केवीए मेन लाइन तार का मेंटेनेंस कार्य को लेकर सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक विधुत आपूर्ति ठप रहेगा।इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विधुत अभियंता विवेक कुमार केसरी ने बताया कि विधुत उप शक्ति केंद्र में ट्रांसफार्मर का ब्रेकर चेंज होने एवं चंडी से नगरनौसा आया 33 केवीए मेन लाइन का मेंटेनेंस कार्य को लेकर सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक विधुत आपूर्ति ठप रहेगा।अभियंता ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि में बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य पहले से करते हुए पानी का समुचित भंडारण अवश्य कर लें।

# भगवान शंकर और मां पार्वती का विवाहोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** महाशिवरात्रि के मौके पर प्रखंड के आदर्श पंचायत भुतहाखार के बडीहा गांव स्थित आंनद धाम शिव मंदिर के प्रांगण में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से गाजे बाजे के साथ शिव बारात में आये श्रद्धालुओं को माँ पार्वती की ओर से कन्या पक्ष से आयोजककर्ता सनातन सेवक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार ने स्वागत किया।शिव बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बारात के साथ चल रहे थे। बारात आगमन को लेकर नगरनौसा बाजार से बडीहा गांव स्थित आनन्द धाम तक लगभग चार किलोमीटर लाइट की व्यवस्था किया गया था साथ ही शिव विवाह महोत्सव को लेकर शिवालय के साथ- साथ पूरे इलाकों को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया गया था।शाम होते ही शिव मंदिर और आसपास के घर भी रंग-बिरंगे रोशनी में जगमग करने लगे।। विवाह महोत्सव का आयोजन बडीहा



गांव निवासी सह सनातन सेवक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह के द्वारा विगत 17 वर्षों से भी अधिक समय से किया जा रहा है।जहानाबाद जिला के घोसी थाना अंतर्गत देहूनि गांव,हरनौत थाना क्षेत्र के बिरमपुर गांव,चंडी थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव सहित आसपास के दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बरात बनकर आनंद धाम पहुंचे। जहाँ आयोजककर्ता अशोक सिंह व ग्रामीण द्वारा सभी श्रद्धालु का स्वागत किया गया। शिव पार्वती विवाह महोत्सव को लेकर फूलों से भव्य विवाह मंडप बनाया गया था।जहाँ पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शंकर-पार्वती का विवाह कराया,जिससे पूरा आयोजन दिव्यता और श्रद्धा का अद्भुत संगम बन गया। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के दिव्य दृश्य से श्रद्धालुओं मंत्रमुग्ध हो गए।भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं, जबकि पुरुष व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे थे। इस पूरे आयोजन में अनुशासन और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस धार्मिक उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे थे। महाशिवरात्रि का यह दिव्य विवाह समारोह न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि इसने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सशक्त किया। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और श्रद्धालु भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उमड़ पड़े। बारात आये श्रद्धालु के लिए पूरा व्यवस्था आयोजनकर्ता के द्वारा किया गया था साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भी भंडार का व्यवस्था किया गया था। आयोजनकर्ता द्वारा श्रद्धालु की सुख सुविधा के साथ श्रद्धालु को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए विशेष इंतजाम किया गया था।शिवभक्तों की अत्यधिक भीड़ को लेकर विशेष सुरक्षा बल के साथ प्रखंड स्तरीय कर्मियों की भी तैनात के साथ साथ पुलिसबल की तैनाती किया गया था। आयोजनकर्ता अशोक सिंह ने कहा कि जो भक्तजन भगवान शिव की सच्चे मन से आराधना करने के साथ भक्तजनों को सभी खुशियां प्राप्त होती है। उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दिया।उन्होंने कहा कि सभी लोग को प्रेम से रहें। प्रेम से कार्य करें। तभी हमारे समाज हमारे देश और विश्व का कल्याण हो सकेगा। आज शिव के बारात में काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं। यही एकजुटता हमारी सनातन संस्कृति को मजबूत करता है।अंत में आनंद धाम में आए हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।


# बिहार के हर प्रखंड में खुलेंगे मॉडल स्कूल, 11 मार्च को होगी परीक्षा

## राज्य के सभी प्रखंडों में खुलेंगे एक-एक मॉडल स्कूल, शुरू होगी पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के आदर्श माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन के लिए 11 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों का मेधा सूची के आधार पर ही मॉडल सकूलों में नामांकन किया जाएगा। राज्य सरकार के आदेश पर राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने आवेदन जमा करने की तिथि को बढ़ा दी है। अब प्रवेश परीक्षा के लिए 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन जमा किए जाएंगे। विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय तीन के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बिहार के सभी 534 प्रखंडों में आदर्श विद्यालय खोलने का आदेश दिया है। ताकि कक्षा 9 से ही बच्चों को इसके माध्यम से नीट, जेईई, ओलंपियाड सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की बेहतर तरीके से तैयारी कराई जा सके। राज्य सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग ने सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोलने के साथ ही उसमें पढ़ाई प्रारंभ कराने की तैयारी शुरू कर दिया है। इन विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों का नामांकन मेधा सूची के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने पहले 15 फरवरी तक ही आवेदन जमा करने की तिथि निर्धारित की थी। कम समय होने के कारण विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित हो रहे थे। इसको देखते हुए राज्य सरकार के आदेश पर परिषद ने ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि को बढ़ा दिया है। मॉडल स्कूलों के कक्षा 9 में नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी एससीआरटी पटना बिहार के वेबसाइट पर विजिट कर ऑनलाइन एप्लिकेशन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। बताया जाता है कि राज्य सरकार ने कक्षा 9 से ही विद्यार्थियों को नीट, जेईई, ओलंपियाड सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तरीके से तैयारी कराने का निर्णय लिया है। इसको लेकर ही सभी प्रखंडों में एक-एक आदर्श माध्यमिक विद्यालय खोलने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है जिसमें अनुभवी शिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा अध्यापनकार्य किया जाएगा।

## पाक को हराने पर विस अध्यक्ष ने टीम इंडिया को दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान के बीच श्रीलंका में खेले गए आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पाकिस्तान को हराने पर टीम इंडिया को बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने बिहार के युवा खिलाड़ी ईशान किशन को इस बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाने के लिए विशेष बधाई दी है। कहा कि कल के इस मैच में ईशान किशन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। यह बिहार के लिए भी गौरव का क्षण है।

## अब पैक्स एक-दूसरे से सीखेंगे, शुरू हुआ अनोखा परिभ्रमण-दर्शन कार्यक्रम


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग पैक्सों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को पटना के दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान से राज्य के अंदर विकसित पैक्सों में परिभ्रमण-दर्शन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने नालन्दा जिले के एकंगरसराय स्थित तेलहारा पैक्स में पटना जिले के कुल 25 पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के परिभ्रमण कार्यक्रम को हरी झण्डी दिखाई। राज्य के सभी जिलों में प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत संबंधित जिलों के 25 पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के प्रथम दल को परिभ्रमण के लिए रवाना किया गया। परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत जमुई जिला के जमुई, बरहट एवं गिद्धौर प्रखंड के 25 पैक्सों के अध्यक्षों एवं प्रबंधकों को मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखंड के मानीकपुर पैक्स में, पूर्णियां जिलान्तर्गत 25 पैक्स अध्यक्षों को अररिया जिले के कुटाहा पैक्स में, पूर्वी चम्पारण जिले के पैक्सों का पश्चिमी चम्पारण में, भागलपुर जिले के अध्यक्षों को बांका जिले के विकसित पैक्सों में परिभ्रमण के लिए भेजा गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित पैक्सों के सफल मॉडल का अध्ययन कर अन्य समितियां भी अपने कार्यक्षेत्र में नवाचार एवं विविधीकरण को अपनाएंगी जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और किसानों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## सरकारी अनुदान से विदेशी फलों की खेती को मिल रही नई उड़ान : राम कृपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि, कृषि क्षेत्र में विविधीकरण व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार विदेशी फलों की खेती को तेजी से प्रोत्साहित कर रही है। विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट जैसी उच्च मूल्य वालीं फसलें छोटे एवं सीमांत किसानों को कम समय में अधिक आय दे रही हैं। स्ट्रॉबेरी विकास योजना के तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 3,02,400 रुपए की सहायता दी जा रही है। यह कुल इकाई लागत का 40 प्रतिशत है। वहीं ड्रैगन फ्रूट विकास योजना के तहत



प्रति हेक्टेयर 2,70,000 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। उच्च आय वाली इन फसलों के लिए सरकारी अनुदान दिए जाने से विदेशी फलों की खेती को नई उड़ान मिल रही है। सरकारी अनुदान से प्रारंभिक निवेश का बोझ कम होता है और किसान इन फसलों की खेती के लिए प्रेरित होते हैं। गांव स्तर पर रोपण, तुड़ाई, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, परिवहन एवं विपणन जैसे कार्यों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। एक तरफ जहां किसानों की आय बढ़ रही है, वहीं छोटे किसानों व महिला समूहों के लिए नए द्वार खुल रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट विजन है कि कृषि को लाभकारी, आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाया जाए। 'आत्मनिर्भर भारत' और राज्य के 'कृषि रोड मैप' के माध्यम से फसल विविधीकरण, उच्च मूल्य बागवानी, तकनीकी नवाचार, सिंचाई विस्तार तथा बाजार से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित किया जा रहा है।

## कामकाजी माताओं को बड़ी राहत, राज्य में खुलेंगे 318 नए आंगनबाड़ी सह क्रेच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार कामकाजी माता-पिता के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए विशेष सुविधा की शुरुआत की है। इसके लिए मिशन शक्ति योजना अंतर्गत राज्यभर में 318 नए आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्र खोलने की योजना को तेजी से मूर्तरूप दिया जा रहा है जिससे कामकाजी माताओं को अपने बच्चों की देखभाल करने में बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में पूरे राज्य के सभी जिलों में 186 आंगनबाड़ी-सह-क्रेच होम संचालित हैं। इनसे 1097 बच्चें प्रतिदिन लाभान्वित हो रहे है। यह क्रेच बच्चों को सुरक्षित, पौष्टिक और शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करते हैं। नए आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्र खुलने के बाद राज्य में इनकी संख्या बढ़कर 504 हो जायेगी जिससे सुविधाओं में कई गुना वृद्धि होगी। आंगनबाड़ी-सह-क्रेच में बच्चों को सुबह सवा 9 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक रखा जा सकता है। यदि माताएं आवश्यकता पड़ने पर देर से बच्चों को लेने आती है तो क्रेच तब तक खुली रहती है। यहां आंगनबाड़ी की तरह ही बच्चों को गर्म पका भोजन, अंडा, दूध तथा शाम में पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराए जाते हैं। क्रेच होम में बच्चों की समुचित देखभाल के लिए खेलने, आराम करने, दोपहर में सोने, बाल-सुलभ शौचालय, भोजन तथा स्तनपान कराने के लिए अलग-अलग स्थान व्यवस्थित किए गए हैं।

## इंडिया एआई इंपैक्ट समिट एंड एक्सपो शुरू, बिहार की भागीदारी खास चर्चा में

### डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी आज करेंगे बिहार पवेलियन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रतिष्ठित प्रदर्शनी स्थल भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 में बिहार की भागीदारी खास चर्चा में है। 16 से 20 फरवरी तक आयोजित एक्सपो का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। एक्सपो के दौरान उद्योग विभाग बिहार सरकार के सचिव व स्थानिक आयुक्त बिहार भवन कुंदन कुमार ने बिहार के स्टॉलों का मुआयना किया और प्रदर्शित परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिहार की भागीदारी हमारे लिए गर्व का विषय है। आने वाले वर्षों में



उद्योग और तकनीक के क्षेत्र में बिहार निवेश के लिए एक मजबूत गंतव्य के रूप में उभरेगा। इस तरह के आयोजनों से न केवल राज्य की सकारात्मक छवि बनती है, बल्कि देश-विदेश के निवेशकों को भी बिहार की संभावनाओं से परिचित होने का अवसर मिलता है। आईटी विभाग, बिहार सरकार सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस दौरान आईएएस और आईटी विभाग विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी आदि भी थे।

## आइजीआइएमएस में मरीजों को मिलेगी डिजिटल हेल्थकेयर की सुविधा

### 1200 बेड का मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल का हो रहा निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी स्थित आइजीआइएमएस अस्पताल में मरीजों के बेहतर व सटीक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए एक और नयी सेवा की शुरूआत की जा रही है जिसमें अब मरीजों के सटीक उपचार के लिए एआई आधारित जांच व इलाज व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी। प्रदेश में लोगों के बेहतर इलाज के लिए पूरे बिहार में स्वास्थ्य सेवा का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में अत्याधुनिक हेल्थ केयर का निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल के अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा कि हाल ही में अस्पताल में 164 बेड का आई हॉस्पीटल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मरीजों के लिए रॉबोटिक्स फिजियोथेरेपी को शुरू किया गया है। साथ ही रॉबोटिक्स से जनरल सर्जरी, यूको सर्जरी, ऑनको सर्जरी, गाइनी सर्जरी समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करने की तैयारी की जा रही है। वहीं राजधानी के प्रमुख अस्पतालों में से एक इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 1200 बेड का मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। उम्मीद है कि इसी साल दिसंबर महीने से इस मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल की शुरूआत कर दी जायेगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि निर्माणाधीन अस्पताल में अत्याधुनिक आइसीयू व इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध होगी जिससे उपचार मरीजों को बेहतर व उन्नत उपचार मिल सकेगा। बता दें कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान आइजीआइएमएस में वर्तमान में लगभग 1500 से 1700 बेड की सुविधा उपलब्ध है।

हाल ही में 500 बेड वाले नए अस्पताल भवन का उद्घाटन किया गया है। इसमें फिलहाल 100 बेड पर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है जबकि शेष 400 बेड को भी जल्द ही चालू करने की तैयारी की जा रही है। इससे मरीजों को सभी प्रकार की चिकित्सीय सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेंगी।

## हिमालया बेबीकेयर ने पैकेजिंग में किया बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिमालया बेबीकेयर ने अपनी संपूर्ण जेंटल बेबी केयर रेंज में नया पैकेजिंग डिजाइन पेश किया है। यह बदलाव ब्रांड की सतत विकास यात्रा का हिस्सा है जिसके तहत अगले पांच वर्षों में 500 टन प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है जिससे सालाना लगभग 100 टन की खपत में कमी का अनुमान है। नई पैकेजिंग में बेहतर उपयोगिता, स्पष्ट और पढ़ने में आसान लेबलिंग, आधुनिक विजुअल डिजाइन तथा बेहतर एर्गोनॉमिक्स, ग्रिप और स्थिरता पर ध्यान दिया गया है जिससे गुणवत्ता और सुरक्षा से समझौता किए बिना दैनिक उपयोग सरल हो सके। इस पहल को एक डिजिटल फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है जो बच्चों के भविष्य और प्लास्टिक कचरे के बढ़ते प्रभाव पर केंद्रित है।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम को लेकर प्रदेश पर्यवेक्षकों की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की अहम बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से पर्यवेक्षकों के समक्ष रखा और उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कार्यक्रम के द्वारा ही प्रखंड से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। साथ ही कार्यक्रम की गंभीरता और पर्यवेक्षकों की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। यह अभियान केवल संगठन विस्तार का नहीं, बल्कि एकता, सामाजिक न्याय और जमीनी स्तर पर जुझारू कार्यकर्ताओं के सम्मान का संकल्प भी रहेगा।

## आनंद रंजन झा ने 63 नवविवाहित जोड़ों को दिया कौशल का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**हुसैनीपुर/वैशाली /पटना।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हुसैनीपुर-मरिचा में आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता, समानता और जनकल्याण की भावना का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। 15 फरवरी 2026 को आयोजित इस भव्य आयोजन में कुल 63 जोड़ों का वैवाहिक संस्कार वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही और नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीर्वाद प्रदान किया गया। समारोह में उपस्थित आनंद रंजन झा ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर दांपत्य जीवन की कामना की। मीडिया के संबोधन में उन्होंने कहा कि 'विवाह केवल




सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि जिम्मेदार और आत्मनिर्भर जीवन की शुरुआत है। कौशल के बिना विकास अधूरा है।'

इस अवसर पर आनंद रंजन झा ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक घोषणा करते हुए कहा कि आदर्श सामूहिक विवाह में सम्मिलित सभी परिवारों के युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। उनके इस ऐलान को उपस्थित लोगों ने खुले दिल से सराहा और इसे समाज के लिए दूरदर्शी कदम बताया। आनंद रंजन झा ने आयोजन समिति के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश जी (उर्फ हरिओम जी) एवं उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि लाखों की भीड़ के बावजूद अनुशासन, व्यवस्था और गरिमा बनाए रखना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने वालंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मियों के योगदान की भी सराहना की जिनके सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हुई जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा शिविर में सौ से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 24 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 85 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया।

## ग्राहकों को बेहतर व त्वरित सेवाएं प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा पंजाब एण्ड सिंध बैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पंजाब एंड सिंध बैंक के नए आंचलिक कार्यालय का भव्य उद्घाटन लाला लाजपत राय भवन, टी.एन. बनर्जी रोड, छज्जू बाग, पटना (चौथी मंजिल) में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं पंजाबी बरादरी के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। नए आंचलिक कार्यालय का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक राजीव ने किया। मौके पर महाप्रबंधक (मार्केटिंग) गोपाल कृष्ण तथा आंचलिक प्रबंधक आशीष रंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। पंजाबी बरादरी, पटना के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने सभी अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक एवं आंचलिक



प्रबंधक सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को बुके, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में दिलजीत खन्ना ने पंजाबी बरादरी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय 'पंजाब केसरी' के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय भवन जैसे ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी स्थल से बैंक के आंचलिक कार्यालय का संचालन होना पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक राजीव ने कहा कि बिहार एवं झारखंड में बैंक की उपस्थिति को सशक्त बनाने की दिशा में यह आंचलिक कार्यालय एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि बैंक खुदरा बैंकिंग, एमएसएमई वित्तपोषण, कृषि ऋण एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रहा है।

## युवाओं को केंद्र में रखकर नीति निर्धारण से बदल रही भारत की तकदीर : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत विश्व का युवा देश है। युवाओं को लेकर पहली बार नीति आयोग ने सार्थक पहल की है और युवाओं को केंद्र में रखकर नीति का निर्धारण किया है। प्रेम यूथ फाउंडेशन हर पंचायत में युवा विकास केंद्र खोलकर युवाओं का कॅरियर मार्गदर्शन करेगा। इसके लिए कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये बातें सोमवार को फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहीं। वे फाउंडेशन की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आज हजारों युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बटेर पालन, बकरी पालन,



गाय पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, जैम जैली, अचार, पापड़, अगरबती, मोमबत्ती, रेडिमेड कपड़ा, खिलौना बनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 5 लाख से लेकर 50 लाख तक की राशि दी जा रही है। स्टार्टअप योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत किसी भी युवक-युवती को प्रशिक्षण में 2 से 5 हजार तक मानदेय दिया जा रहा है। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय ने बताया कि हम एक्सपोजर विजिट के लिए युवाओं को देश विदेश में भेजते हैं। कोई भी युवा जो समाज की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहता है, वह हमसे जुड़ सकता है।

## वनबन्धु परिषद महिला विंग ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजेन्द्र नगर स्थित सभागार में वनबन्धु परिषद महिला विंग पटना चैप्टर द्वारा होली मिलन समारोह का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। रंगों, संगीत और आपसी सौहार्द से परिपूर्ण कार्यक्रम में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेष म्यूजिकल होली हाऊजी रहा जिसे सुनीता सर्राफ द्वारा संचालित किया गया। इस अनोखे खेल में संगीत और मनोरंजन का सुंदर संगम देखने को मिला जिसका उपस्थित महिलाओं ने भरपूर आनंद उठाया। इसके साथ ही पारंपरिक होली गीतों की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह रंगीन और उत्सवमय बना दिया। समारोह के दौरान सभी



प्रतिभागियों के लिए नाश्ता एवं पारंपरिक ठंडई की व्यवस्था की गई जिसका सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम में महिला विंग की अध्यक्ष सीता बंसल, सचिव सुनीता सर्राफ, कोषाध्यक्ष सुनीता केजरीवाल सहित रितु अग्रवाल, नीलम हिसारिया, डॉ. गीता जैन, निशी अग्रवाल, नीना मोटानी एवं अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कुल मिलाकर पचास से अधिक महिलाओं की उपस्थिति ने आयोजन को सफल और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं और सौहार्द के संदेश के साथ हुआ। यह होली मिलन समारोह महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

## एनपीसीआई वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल भुगतान सुरक्षा जागरूकता को दे रहा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनपीसीआई डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना, दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है क्योंकि वे छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है, चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन-देन इतिहास में सुरक्षित रहता है। एनपीसीआई के अधिकारी ने बताया कि जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान का उपयोग बढ़ रहा है, ठग भी सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से लोगों को धोखा देने के प्रयास बढ़ा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों को लक्षित करने वाले कुछ सामान्य धोखाधड़ी के तरीके हैं जिनमें डिजिटल अरेस्ट, निवेश धोखाधड़ी, फिशिंग /विशिंग घोटाले, टेक सपोर्ट धोखाधड़ी, रिफंड और पेमेंट लिंक धोखाधड़ी शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि आपको किसी धोखाधड़ी का संदेह हो तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर रिपोर्ट दर्ज करें। साथ ही अपने बैंक को भी सूचित करें। सभी संदेश सुरक्षित रखें, स्क्रीनशॉट लें और बातचीत का रिकॉर्ड बनाए रखें।

## संपादकीय

# अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का 'सुरक्षा कवच'

यह छिपी बात नहीं है कि जितने बड़े इलाके में अरावली की पहाड़ियां फैली हैं, वहां और उसके आसपास उसकी क्या अहमियत है। इसे सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि समूची पर्वत-शृंखला को एक जीवन-रेखा की तरह देखा जाता है।विडंबना यह है कि वहां खनन और अन्य गतिविधियों की वजह से पूरे क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभाव और उसके नुकसानों को देखते हुए जब अरावली के संरक्षण के लिए स्वर तेज हो रहे हैं, वैसे में भी सरकार को नई परियोजनाओं के असर पर विचार करना जरूरी नहीं लग रहा है।गौरतलब है कि हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट में गुरुग्राम और नूंह जिले में प्रस्तावित जंगल सफारी पर विस्तृत योजना जमा करना चाहती थी। हरियाणा सरकार की ओर से अदालत में यह दलील भी दी गई कि सफारी परियोजना की विस्तृत रपट में जरूरत की भूमि को दस हजार एकड़ से बदल कर तीन हजार तीन सौ एकड़ कर दिया गया है। मगर शीर्ष अदालत ने इस पर सख्त रुख अख्तियार किया और कहा कि जब तक विशेषज्ञ अरावली क्षेत्र की परिभाषा को बिल्कुल स्पष्ट नहीं कर देते, तब तक किसी को भी अरावली को छूने नहीं दिया जाएगा और कोई भी विकास या निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी।गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर में हरियाणा सरकार की प्रस्तावित 'अरावली जू सफारी' परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हालांकि सरकार का कहना था कि इस परियोजना के तहत विश्व की सबसे बड़ी सफारी तैयार की जाएगी, जिसमें बाघ, पक्षी, सरीसृप और तितलियों के लिए अलग-अलग क्षेत्र बनाए जाने थे। मगर भारतीय वन सेवा के पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों और एक संगठन की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले ही संकट का सामना कर रही अरावली पर्वत-शृंखला के लिए यह परियोजना विनाशकारी साबित होगी। यह समझना मुश्किल है कि 'जू सफारी' बनाने या ऐसी अतिरिक्त गतिविधियों को जहां समूचे अरावली क्षेत्र के लिए नुकसानदेह माना जा रहा है, पर्यावरणविद् इसके लिए चेताते रहे हैं, उस इलाके में अरावली के परिभाषित होने तक रुकना क्यों जरूरी नहीं समझा जा रहा है।जिस पहलू को सरकार को खुद समझना चाहिए, उसके लिए शीर्ष अदालत को बताने की जरूरत क्यों पड़ रही है। पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक जैसी परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। हालांकि बाद में विशेषज्ञों की रपट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले इसके इलाकों में खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगा दी थी।चार राज्यों और कई सौ किलोमीटर के क्षेत्र में फैली अरावली दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत शृंखलाओं में एक है और यह थार मरुस्थल को पूर्व यानी दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फैलने से रोकने वाली एक प्राकृतिक ढाल के रूप में काम करती है।

**बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है।**

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति

**(ललित गर्ग)**

लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का?बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए।

तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है।

आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की नई गंगा तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं।



भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा। भारत ने बांग्लादेश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उस ऐतिहासिक साझेदारी को भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक आधार पर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

यह भी ध्यान रखना होगा कि दक्षिण एशिया की राजनीति अब केवल द्विपक्षीय समीकरणों तक सीमित नहीं है। चीन की बढ़ती उपस्थिति, अमेरिका की रणनीतिक रुचि और पाकिस्तान की पारंपरिक भूमिका-इन सबके बीच बांग्लादेश को संतुलित कूटनीति अपनानी होगी। यदि नई सरकार वैचारिक आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखती है, तो वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में एक परिपक्व भूमिका निभा सकती है। परंतु यदि विदेश नीति घरेलू राजनीति का विस्तार बन गई, तो अस्थिरता का चक्र फिर दोहराया जा सकता है।

इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि बांग्लादेश का मतदाता अब निर्णायकता चाहता है। लंबे समय तक आंदोलन, विरोध और अंतरिम प्रयोगों से थका समाज स्थिर शासन की आकांक्षा रखता है। किंतु स्थिरता केवल बहुमत से नहीं आतीय वह संस्थाओं की मजबूती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वायत्तता से आती है। नई सरकार को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने की संस्कृति का नाम है। यदि विपक्ष को हाशिये पर धकेला गया या आलोचना को देशविरोध का रूप दिया गया, तो लोकतांत्रिक ऊर्जा क्षीण हो जाएगी।

बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा। अन्यथा यह अवसर भी इतिहास की एक और चूकी हुई संभावना बन सकता है।

भारत की दृष्टि से भी यह चुनाव महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली को प्रतिक्रिया में उतावलापन नहीं, बल्कि धैर्य और कूटनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। पड़ोसी देश की संप्रभुता और जनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग का हाथ बढ़ाना ही दीर्घकालिक हित में है। सीमा पार आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दों पर सख्ती के साथ-साथ आर्थिक और सांस्कृतिक संवाद को भी सुदृढ़ करना होगा। संबंधों में भावनात्मकता के बजाय व्यावहारिकता और पारस्परिक सम्मान की नींव आवश्यक है।

अंततः यह चुनाव बांग्लादेश के लिए निर्णायक इसलिए है क्योंकि यह केवल सरकार बदलने का अवसर नहीं, बल्कि शासन की शैली और राष्ट्रीय दिशा तय करने का क्षण है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से मुक्त, समावेशी और विकासोन्मुखी नीति अपनाती है, तो वह बांग्लादेश को स्थिरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर कर सकती है। परंतु यदि वह अतीत की कटु स्मृतियों और वैचारिक आग्रहों में उलझी रही, तो जनादेश की सार्थकता संदिग्ध हो जाएगी। बांग्लादेश को अब नई संभावनाओं, नई सोच और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है। यही इस चुनाव का संदेश है और यही उसकी वास्तविक परीक्षा भी। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# जेन-जेड की डिजिटल दुनिया, ताकत या कमजोरी

**(सुरेश सेठ)**

इस समय बड़ी चुनौती यह है कि डिजिटल दुनिया से प्रभावित इस शक्ति को अगर सही दिशा नहीं मिली, तो इससे उनका ही नुकसान हो सकता है। दुनियाभर में युवाओं की नई पौध कहीं अधिक प्रखर और त्वरित कदमों से आगे बढ़ने वाली पीढ़ी है। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन के दौर की इस पीढ़ी को आजकल 'जेन-जेड' कहा जा रहा है। यही वह नई युवा शक्ति है, जो अपने-अपने देशों में अन्याय और विसंगतियों के विरुद्ध खड़ी हो रही है। कुछ समय पहले पूरी दुनिया ने नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में उन प्रदर्शनों को देखा, जिनमें हजारों युवा सड़कों पर उतर आए थे। उस समय ऐसा लगा कि बहुत कुछ बदल जाएगा। जो विसंगतियां हैं, अब वे खत्म होंगी। चाहे वह भ्रष्टाचार हो या नेताओं का परिवारवाद या फिर महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्या। मगर ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला और इन देशों में ढर्रा वही रहा, जो पहले था। सत्ता परिवर्तनों के बावजूद कोई खास बदलाव सामने नहीं आया।

नई युवा शक्ति का असमानता और अन्याय के खिलाफ उठ खड़ा होना उन देशों के लिए असरदार हो सकता है, जहां स्थिति सचमुच बेहद खराब है और जहां अर्थव्यवस्था जर्जर हो रही है। मगर दिक्कत यह है कि कृत्रिम मेधा और सोशल मीडिया से प्रभावित यह पीढ़ी तत्काल सब कुछ दुरुस्त कर लेना चाहती है। मगर सच तो यह है कि अचानक सड़कों पर उतर जाने से रातों-रात व्यवस्था नहीं बदल जाती। यह पीढ़ी अपनी ताकत का धैर्य और सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करे, तो दुनिया में जो बदलाव वे चाहते हैं, वह संभव हो सकता है। ऐसी स्थिति में इस पीढ़ी की सार्थकता और उसकी ताकत पर दुनिया का भरोसा कायम हो सकता है। मगर अभी ऐसा हुआ नहीं है। इस समय बड़ी चुनौती यह है कि डिजिटल दुनिया से प्रभावित इस शक्ति को अगर सही दिशा नहीं मिली, तो इससे उनका ही नुकसान हो सकता है। भारत में इस युवा पीढ़ी को सार्थक निवेश के जरिए आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश इनका साथ लेकर प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होना चाहता है। मगर, ये उम्मीदें आगे कितनी सच होंगी, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल तो करोड़ों युवा बेरोजगार हैं। देश की युवा आबादी कार्ययोग्य है, लेकिन उन्हें काम देने की बजाय अनुकंपा पर जीने की राह दिखाई जा रही है। अगर वे जल्द से जल्द अमीर बनने के लिए दूसरे देशों की ओर पलायन करते हैं, तो वहां से उन्हें किस तरह से स्वदेश वापस भेजा गया है, इसे सभी ने देखा है। अपने देश में तो रोजगार की गुंजाइश बढ़ नहीं रही, ऐसे में युवा करे, तो क्या करें। वहीं इनके सही राह से भटक जाने का जो जोखिम है, इसे कौन समझेगा। युवा देश की अमूल्य निधि होते हैं। उनके प्रखर और विकासोन्मुख होने की बात कही जाती है। मगर अभी दुनिया के कई देशों में अनुसंधान का निष्कर्ष यह बताता है कि आधुनिक तकनीक अपनाने वाली इस पीढ़ी की मेधा शक्ति पिछली पीढ़ी से कम है। इसकी क्या वजह हो सकती है? इसका कारण यह बताया जाता है कि 'जेन-जेड' कहलाने वाली यह पीढ़ी डिजिटल तकनीक पर बहुत अधिक निर्भर है। स्वयं खोज करने या अनुसंधान करने की बजाय उन्हें पहले से तैयार सब चीजें चाहिए। कई बार उनमें मौलिकता नहीं दिखाई पड़ती। उनमें कितनी संभावनाएं हैं, यह सामने आना अभी बाकी है। कहा जा रहा है कि भारत कृत्रिम मेधा और डिजिटल दुनिया में तेज गति से आगे बढ़ रहा है, लेकिन यह साफ है कि नई पीढ़ी मेधा और स्मृति के मामले में पिछली पीढ़ी जितनी भी नहीं दिखाई देती है। देश में तकनीक के अधिक इस्तेमाल के कारण किसी में स्वयं खोज करने की पहल नहीं दिखाई देती। शोध विशेषज्ञों के मुताबिक, पिछले पचास- साठ साल में जैसे-जैसे भारत सहित पूरी दुनिया में तकनीक का उपयोग शिक्षा क्षेत्र में बढ़ा है, बच्चों में सीखने की क्षमता घट गई है। मगर जो बच्चे प्रौद्योगिकी का कम या बिल्कुल इस्तेमाल नहीं करते, उनके परिणाम उन बच्चों से बेहतर हैं, जो डिजिटल सुविधा पर निर्भर हैं। भारत समेत पूरी दुनिया में कृत्रिम मेधा का बोलबाला हो गया है। सब जगह कागज रहित कार्य संस्कृति विकसित होने लगी है। दूसरी ओर इसी नई तकनीक का नतीजा है कि अब पुस्तकों के जरिए कम और स्मार्ट फोन, लैपटाप एवं कंप्यूटर पर शिक्षा देने का चलन बढ़ रहा है।

# वायु प्रदूषण से जुड़ी मौतें, जब स्वास्थ्य का असर दिखता है, लेकिन राष्ट्रीय आंकड़े पीछे रह जाते हैं

**उत्तर भारत के शहरों, विशेषकर दिल्ली में, वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव अब किसी से छिपा नहीं है। बढ़ता वायु प्रदूषण एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल बनता जा रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधनों का उपयोग और फसलों के अवशेष जलाना इसके प्रमुख स्रोत हैं, जो फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग और मस्तिष्काघात जैसी जानलेवा बीमारियों का जोखिम बढ़ा देते हैं। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य, बल्कि आर्थिक उत्पादकता और कृषि को भी प्रभावित कर रही है। मगर सवाल यह है कि भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों को दर्ज करने के लिए क्या मृत्यु प्रमाणपत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख होना जरूरी है और यदि ऐसा है, तो इसके लिए माकूल व्यवस्था का अभाव क्यों है?**

**(रोहन सिंह)**

यह प्रश्न इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार का कहना है कि देश में ऐसा कोई राष्ट्र-स्तरीय डेटा उपलब्ध नहीं है, जो बीमारियों या मौतों को वायु प्रदूषण से सीधे तौर पर जोड़ता हो।

किसी भी महामारी से निपटने के विज्ञान में 'एक्सपोजर-रिस्पॉन्स मॉडल', अतिरिक्त मृत्यु दर का अनुमान और जनसंख्या-स्तरीय जोखिम आकलन जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है। भारत स्वयं तंबाकू-संबंधी कैंसर और व्यावसायिक जोखिमों से जुड़ी बीमारियों के आकलन में इन तरीकों को स्वीकार करता है। यदि वायु प्रदूषण कोई वायरस होता, तो संभवतः भारत अब तक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर चुका होता। पिछले वर्ष सरकार की ओर से राज्यसभा में दिए गए एक लिखित उत्तर में कहा गया था कि देश में ऐसा कोई निर्णायक राष्ट्र-स्तरीय आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जो मौतों या बीमारियों को केवल वायु प्रदूषण से सीधे तौर पर जोड़ता हो।

वर्ष 2007 में भी सरकार ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईजीआईडीआर के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया था कि घर के भीतर वायु प्रदूषण के कारण लगभग 4.07 लाख भारतीयों की समय से पहले मौत हो गई थी, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। हालांकि, सरकार ने यह भी कहा था कि इन मौतों और वायु प्रदूषण के बीच सीधा संबंध स्थापित करने के लिए कोई निर्णायक डेटा उपलब्ध नहीं है।

इस संदर्भ में यह कहना गलत नहीं होगा कि देशव्यापी मृत्यु प्रमाणपत्रों के अभाव को तकनीकी रूप से सही ठहराया जा सकता है, लेकिन यह चिकित्सकीय सत्य को पूरी तरह नहीं दर्शाता। सार्वजनिक स्वास्थ्य में जिम्मेदारी केवल एक कारण वाले मृत्यु प्रमाणपत्रों से नहीं मापी जा सकती। अधिकांश प्रदूषण-जनित मौतें हृदय और श्वसन संबंधी रोगों के बढ़ने के कारण होती हैं, जहां वायु प्रदूषण एक जोखिम कारक के रूप में काम करता है, न कि अकेले कारण के रूप में। सरकार का तर्क संभवतः तकनीकी पहलू पर आधारित है - अर्थात सार्वजनिक स्वास्थ्य रिकार्ड या ऐसे गहन अध्ययनों का अभाव, जिनमें प्रत्येक मौत को स्पष्ट रूप से 'वायु प्रदूषण-जनित' के रूप में दर्ज किया गया हो।

यह कहना कि 'निर्णायक राष्ट्रीय डेटा' उपलब्ध नहीं है, कुछ हद तक तकनीकी रूप से सही हो सकता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वायु प्रदूषण मौतों का कारण नहीं बन रहा।

उत्तर भारत के शहरों, विशेषकर दिल्ली में, वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव अब किसी से छिपा नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय और अनेक अध्ययनों ने बार-बार यह दिखाया है कि सूक्ष्म कणों से होने वाला वायु प्रदूषण मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव डालता है। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी' के अनुसार, भारत में वर्ष 2019 में दस लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो देश में कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है।



अध्ययन से यह भी पता चला कि वर्ष 1990 से 2019 के बीच सूक्ष्म कणों से होने वाली मृत्यु दर में 115 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु दर में कमी आई। चिंताजनक तथ्य यह है कि वायु प्रदूषण से होने वाला नुकसान बच्चे के जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के एक विश्लेषण से पता चलता है कि विषाक्त वायु भ्रूण में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों के प्रवाह को बाधित करती है, जिससे समय से पहले जन्म, नवजात का कम वजन, फेफड़ों के विकास में रुकावट और बाल्यावस्था में दीर्घकालिक श्वसन समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

पिछले कुछ दशकों में औद्योगिकीकरण, वाहनों की संख्या में तेजी और कमजोर राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण पर्यावरण को इस कदर नुकसान पहुंचा है कि इसके विषैले तत्व अब हर सांस और भोजन के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। नीति-प्रतिक्रियाएं अधिकांशतः अल्पकालिक रही हैं, जबकि यह स्वास्थ्य संकट दीर्घकालिक और अंतर-पीढ़ीगत प्रभाव डालता है।

हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दिल्ली के छह प्रमुख सरकारी अस्पतालों के रिकार्ड का हवाला देते हुए बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में इन अस्पतालों में दो लाख से अधिक गंभीर श्वसन रोगों के मामले दर्ज किए गए, जिन्हें वायु प्रदूषण से जोड़ा गया। बच्चों, बुजुर्गों और अन्य संवेदनशील समूहों में अस्थमा, सांस फूलने और श्वसन संबंधी समस्याओं के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि यह दर्शाती है कि वायु प्रदूषण का प्रभाव केवल सांख्यिकीय अनुमान नहीं, बल्कि रोजमर्रा की चिकित्सकीय वास्तविकता बन चुका है।

विभिन्न शोध यह भी संकेत देते हैं कि वायु प्रदूषण केवल श्वसन रोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोगजनकों के प्रसार को भी प्रभावित कर सकता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में दिल्ली के कुछ घनी आबादी वाले इलाकों की हवा में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी जीवाणुओं की मौजूदगी पाई गई। इससे संकेत मिलता है कि सूक्ष्म कण (पीएम 2.5 और पीएम 10) जीवाणुओं के लिए वाहक की तरह काम कर सकते हैं, जिससे वे हवा में लंबे समय तक बने रहते हैं और मानव शरीर तक पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है।

यह एक ऐसा पहलू है, जो वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य नीति को अब भी अलग-अलग खांचों में देखने की प्रवृत्ति को उजागर करता है। स्वास्थ्य आपातकाल को केवल डेटा की श्रेणियों पर तकनीकी बहस तक सीमित नहीं किया जा सकता। अस्पतालों में हर दिन वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभाव देखे जा रहे हैं, लेकिन इन्हें आधिकारिक रूप से स्वास्थ्य संकट नहीं माना जाता, क्योंकि इस तरह की मौतें 'वायु प्रदूषण-जनित' की स्पष्ट श्रेणी में दर्ज नहीं होतीं। यह चक्रीय तर्क डेटा अंतराल के माध्यम से जवाबदेही में देरी करता है। लाखों भारतीयों के लिए यह संकट रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है - बच्चे और युवा सर्दियों की धुंध भरी हवा में सांस लेने के लिए संघर्ष करते हैं, बुजुर्ग मरीजों से अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है और श्रमिक वर्ग विषाक्त हवा में बिना पर्याप्त सुरक्षा के काम करने को मजबूर है।

ऐसे में भारत को वायु प्रदूषण को केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का एक संरचनात्मक निर्धारक मानना चाहिए। राष्ट्रीय निगरानी प्रणालियों में वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकीकृत करने, आंकड़ों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने और नीति विमर्श में प्रदूषण-जनित मृत्यु दर को स्पष्ट मान्यता देने की आवश्यकता है। ये केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी हैं, जो स्वच्छ हवा में सांस लेने के नागरिक अधिकार से जुड़ी हुई हैं।

# जिले के 55 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में मैट्रिक की परीक्षा का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विकास भवन सभागार में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युमन सिंह यादव की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा 2026 के सफल संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिनांक 17 से 25 फरवरी तक संचालित होने वाली परीक्षा शांतिपूर्वक वातावरण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने को लेकर ब्रिफिगं की गई।बैठक में बताया गया कि सैद्धान्ति कपरीक्षा, 2026 को लेकर कटिहार जिला के परीक्षार्थियों के लिए पूरे कटिहार जिला के परीक्षार्थियों के लिए कटिहार सदर अनुमण्डल में 38, बारसोई अनुमण्डल में 10 एवं मनिहारी अनुमण्डल मुख्यालय में 07 कुल 55 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। जिसमें चार परीक्षा केन्द्रों को आदर्श परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। छात्राओं के लिए कटिहार अनुमंडल में 15, बारसोई अनुमंडल अन्तर्गत 10 एवं मनिहारी अनुमंडल अन्तर्गत 04 केन्द्र बनाया गया है।

इस प्रकार कटिहार जिला में छात्राओं के लिए 29 परीक्षा केन्द्र एवं छात्रों के लिए 26 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। प्रथम पाली में लगभग 15376 एवं द्वितीय पाली में 15281 परीक्षार्थी भाग लेने की संभावना है। इस प्रकार प्रत्येक दिन 30657 परीक्षार्थी पूरे जिलान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। जिसमें 14855 छात्र तथा 15802 छात्रा होंगे। उक्त तारीखों में परीक्षा को शांतिपूर्ण वातारण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने को लेकर जिला पदाधिकारी, कटिहार द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी, जोनल-सह-गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक एवं





पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।उक्त अवसर पर सहायक परीक्षा संयोजक-सह- जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी केद्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया कि किसी भी परीक्षा केन्द्रों में मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस, वाईटनर, ईरेजर एवं ब्लेड इत्यादि जैसी समाग्री पूर्णतः वर्जित है। किसी परीक्षार्थि को उक्त सामग्री लेकर परीक्षा केन्द्रो में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए जूता-मोजा पहनकर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करना वर्जित रहेगा। तदनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में जूता-मोजा पहनकर आना सर्वथा वर्जित है, जूता-मोजा की जगह चप्पल पहन कर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय पूर्वाह्न 09:30 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थी को द्वितीय पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने के समय अपराह्न 02:00 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात अपराहन 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। इसके बाद विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 को शांतिपूर्वक वातावरण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने हेतु नोडल अधिकारी, जोनल सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है तथा सभी परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार एवं परीक्षा कक्षा में सभी प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन के साथ जैमर की व्यवस्था की गई है। केंद्र के बाहर 200 मीटर के दायरे में भारतीय दंड विधान के धारा 163 लागू रहेगा। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर सभी प्रकार की सुविधा यथा फर्नीचर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पेय जल की व्यवस्था भी रहेगा।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कटिहार द्वारा परीक्षा संचालन से सबंधित सभी पदाधिकारियों एवं केंद्र अधीक्षकों को पूरी तत्परता एवं निष्ठा से कदाचार रहित परीक्षा संचालन कराने का निर्देश दिया गया। ताकि किसी भी हालत में परीक्षा केंद्र पर कोई गड़बड़ी पैदा ना हो एवं परीक्षा कदाचार रहित संपन्न हो सकें। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर ने सभी पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी महिला अभ्यार्थियों का महिला

■ कुल 30657 परीक्षार्थी होगें शामिल

■ 14855 छात्र तथा 15802 छात्राएं देगी परीक्षा

कर्मियों द्वारा महिला पुलिस की उपस्थिति में फ्रिसकिंग की जाय तथा पुरुष अभियार्थियों को पुरूष कर्मियों के द्वारा अच्छी से फ्रिसकिंग कि जाय। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन यातायात की सुगम व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस बल को तैनात कराने का निर्देश दिया गया बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कटिहार सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी गश्ती दल दण्डाधिकारी, सभी जोनल दण्डाधिकारी, सभी स्टैटिक दण्डाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### बरारी पुलिस ने देशी कट्टा व कारतूस के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बरारी थाना क्षेत्र के बकिया दियारा इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरज कुमार यादव,विक्की यादव एवं गुड्डू कुमार यादव तीनों निवासी बकिया सुखाय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष सुमेश कुमार एवं पुअनि दिवाकर कुमार ने किया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद हथियार और कारतूस को जब्त कर विधिसम्मत कागजी प्रक्रिया पूरी की गई है। तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।



### चोरी की मोटर के साथ तीन शातिर चोर धराये

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र में मोटर चोरी की घटना बढने से आमजनों में चिता देखी जा रही है।बीते दिनों रघुनाथपुर गांव से हुई मोटर चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए चोरी हुए मोटर के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है।बताया जाता है कि मोटर चोरी को लेकर मिली एक सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई को लेकर दलबल के थानाध्यक्ष सूचना वाली जगह पर पहुंचकर छापेमारी की।पुलिस को देखकर तीन लोग भागने लगे। जिसे पुलिस बलों के साथ खदेड़ कर पकड़ा गया।तलाशी के दौरान चोरी का एक मोटर बरामद हुआ।वहीं पकड़े गये लोगों की पहचान कुंदन कुमार (28) पिता-भोला मंडल, कन्हैया कुमार राम (27) पिता दीपक लाल राम, पवन कुमार मंडल (21) पिता राजकुमार मंडल सभी रघुनाथपुर, थाना बारसोई निवासीके रुप में हुई है। पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कारवाई में जुटी है।

### कोशी रेलपुल से युवक ने लगाई छलांग किसानों ने बचाई जान

**कुरसेला/कटिहार (नबिटासं)।** सोमवार को पुरानी कोशी रेलपुल से एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। हालांकि बालू पर खेती करने वाले किसानों की सतर्कता से युवक की जान बच गई। युवक की पहचान पूर्णिया जिले के बंगाली टोला निवासी नागेन्द्र दास के पुत्र कालूचन्द्र दास के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के नदी में कूदते ही आसपास मौजूद किसानों ने तुरंत उसे बचाने के लिए नदी में उतरकर बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना की सूचना मिलने पर दारोगा विपिन कुमार भी सीएचसी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल युवक ने किस वजह से नदी में छलांग लगाई।इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं वह कैसे कोशी पुल तक पहुंचा। यह भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।



### सूखा राशन का वितरण

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** बाल विकास परियोजना मनसाही के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुखा राशन का वितरण किया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 44 के सेविका अरुणा कुमारी ने पोषक क्षेत्र के लाभुक के बीच सुखा राशन में चावल, दाल, सोयाबीन आदि का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के 15 तारीख को सुखा राशन का वितरण किया जाता हैं। जिस भी लाभुक का फेस मैच करता हैं,उसे सुखा राशन दिया जाता हैं। जिसका फेस मैच नहीं करता हैं उसे पुनः दूसरे तीसरे दिन के बाद सुखा राशन दिया जाता हैं।



### दो रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को सांसद ने दिखाया हरी झंडी

**कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार रेल मंडल के तेलता एवं सुधानी रेलवे स्टेशनों पर गाड़ी संख्या 75705/ 75706 के ठहराव के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रेन संख्या 75705 को हरी झंडी दिखाकर विधिवत रवाना किया गया।तेलता रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद तारिक अनवर उपस्थित रहे। उनके साथ कटिहार रेल मंडल के मंडल



रेल प्रबंधक किरेन्द्र नराह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुप कुमार सिंह ,वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे । इसी क्रम में सुधानी रेलवे स्टेशन पर भी गाड़ी संख्या 75705/75706 के ठहराव के अवसर पर समारोहपूर्वक ट्रेन संख्या 75705 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में सांसद तारिक अनवर सहित रेल प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।इस ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कटिहार रेल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## एसपी ने की मासिक अपराध गोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सभी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदूलता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात सद्दाम हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, परि.पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, परिचारी प्रवर, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष ओपी अध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी शामिल हुए।



बैठक में कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण, संवेदनशील स्थानों की सतत निगरानी, अपराधियों की गिरफ्तारी, थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती, सघन वाहन जांच एवं विधि-व्यवस्था को लेकर की गई कारवाई की समीक्षा की गई। तो वहीं साइबर अपराध संबंधित कांडों के निष्पादन, वारंट तामिला, दागियों की निगरानी, मद्यनिषेध अभियान, सीसीटीएनएस एवं डायल-112 की तत्परता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## नया हाट में आग लगने से 500 से अधिक दुकानें जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** नगर पंचायत क्षेत्र के कुरसेला नया हाट में रविवार की देर शाम अचानक एक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे हाट में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि लोग दुकानों से सामान निकाल भी नहीं पाये।



इस अगलगी में एक सौ से अधिक छोटे-बड़े दुकानों के जलने की आशंका जताई जा रही है। आग की चपेट में हाट में मौजूद किराना, कपड़ा, फर्नीचर, मोबाइल, मिठाई, चप्पल-जूता सहित कई दुकानों में रखा करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग की लपटें तेज होने के कारण सफल नहीं हो सके। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

घटना के बाद हाट के दुकानदारों में भारी आक्रोश और मायूसी है। प्रशासन से प्रभावित दुकानदारों ने मुआवजा और राहत की मांग की है।

## संकुल स्तरीय विद्यालय शिक्षा समिति सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मरंगी में संकुल स्तरीय विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षक प्रेम कुमार परदेशी ने बताया कि संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीपत्रा सिंघिया में विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुरूआत हुआ था। इनके उपरांत धनपाड़ा, फूलहरा, साहेबनगर, भेड़मारा, मोहनपुर के बाद उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मरंगी में प्रशिक्षण का समापन हो गया।



मध्य विद्यालय मरंगी के प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक रविकांत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनिचक अनिल कुमार वर्णवाल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घासीटोला अंबेश सिंह,ठाकुर राधा सुरेश मंडल प्राथमिक विद्यालय चकमन के अभय कुमार सहित विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव अध्यक्ष एवं सदस्य को विद्यालय खुलने से बंद होने तक के मौलिक अधिकार की जानकारी दी गई तथा सुरक्षित शनिवार में बच्चों को नो बैगलेस होकर विद्यालय आने की जानकारी दी गई।

शैक्षणिक गतिविधि में बाढ़, सुखाड़, भूकंप आदि पर जानकारी दी जाती हैं। इस पर बृहद रूप से चर्चा की गई। वहीं संकुल संचालक सह प्रधानाध्यापक रविकांत ने बताया कि संकुल अंतर्गत मध्य विद्यालय मरंगी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घासीटोला, ठाकुर राधा सुरेश मंडल प्राथमिक विद्यालय चकमन के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य उपस्थित हुए। विद्यालय के विकास कैसे हो इस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्प्रेरक दुर्गा कुमारी, प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे ।

## जिले के सभी प्रखंडों में हो दमकल की व्यवस्था : भुवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कटिहार।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर जिले के सभी प्रखंडों में दमकल की व्यवस्था करने की मांग की है चैम्बर अध्यक्ष सह विधान पार्षद अशोक अग्रवाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की जानकारी देते हुए चैम्बर महासचिव भुवन अग्रवाल ने कहा कि कटिहार जिले के कुरसेला प्रखंड स्थित दुर्गा मंदिर नया हाट में रविवार की देर रात हुई भीषण अग्निकांड में 300 से अधिक दुकानें जलकर राख हो गईं अगलगी की इस घटना में करोड़ों रुपये की क्षति का अनुमान है।

पीड़ित परिवारों की रोजी-रोटी छीन गई और सड़क पर आ गऐ पीड़ितों के बीच राहत के रूप में तत्काल खाने-पीने के सामान, तिरपाल और मुआवजा देने की मांग की है ताकि अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। महासचिव ने कहा है कि चैत्र के महीने में अगलगी की घटनाओं में अप्रत्याशित वृधि हो जाती है अगलगी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सरकार को सचेत रहने की जरुरत है।

साथ ही, जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में प्रयाप्त मात्रा में दमकल की व्यवस्था की जाय ताकि आग पर समय रहते काबू पाया जा सके।



अगर प्रखंड मुख्यालयों में दमकल की व्यवस्था होती तो कुरसेला में इतनी बड़ी क्षति नहीं होती विकराल होती आग पर काबू पाने के लिए पूर्णिया और भागलपुर जिलों से दमकलों को बुलाना पड़ा। कटिहार जिले में अवस्थित अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ियों की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय है। दयनीय दमकलों से कटिहार जितने बड़े शहर में आग पर काबू पाना अत्यंत ही कठिन ही नहीं बल्कि असम्भव है। चैम्बर ने अग्निशमन विभाग के दमकलों की दयनीय हालत को देखते हुए इसे जल्द दुरुस्त करने तथा जिले में और दो नए दमकलों का प्रावधान करने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

### 12 मवेशियों के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में पशु तस्करों के विरुद्ध चल रहे समकालीन अभियान के तहत सेमापुर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चला कर 02 पिक अप वैन में क्रुरतापूर्वक 12 पशुधनों का परिवहन करते,पशुओं सहित 03 तस्करों को हिरासत में लिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि लक्ष्मीपुर ढाला की ओर आ रहा पिकअप पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बलों ने पीछा कर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान वाहनों से क्रूरतापूर्वक परिवहन करते 12 मवेशी बरामद हुआ। पुलिस मवेशियों सहित वाहनों एवं 03 तस्करों को गिरफ्तार कर थाना ले आई है।

## महापौर ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया । यह आयोजन महापौर के कार्यालय कक्ष में किया गया! महापौर उषा देवी अग्रवाल ने जनता दरबार में विभिन्न वार्डों से आये सभी 33 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुनकर त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिये।



जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद, नालों की साफ-सफाई, सड़क अतिक्रमण करने वाले पर होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आये । महापौर ने पिछले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की।

### डीआरएम कप 2026 का आगाज
## आरपीएफ की टीम ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे के कटिहार मंडल में सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेडियम में इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूनामेंट डीआरएम कप 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। मंडल रेल प्रबंधक किरेन्द्र नरह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर तथा शानदार बल्लेबाजी करते हुए टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। रेलवे स्पोर्ट्स ऑफिसर पंकज पाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में कटिहार रेल मंडल के कुल 11 विभाग इंजीनियरिंग, स्टोर, यांत्रिक, अकाउंट्स, ऑपरेटिंग, विद्युत, सिग्नल एंड टेलीकॉम, वाणिज्य, कार्मिक और मेडिकल और आरपीएफ की टीमों ने हिस्सा लिया।

इस संबंध में पीआरओ सह सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पहले मुकाबले में आरपीएफ की टीम ने शानदार बल्लेबादजी करते



हुए जीत हासिल किया। टूनार्मेंट का पहला टी-20 मुकाबला स्टोर और पद्धत्रह के बीच खेला गया। टॉस जीतकर स्टोर ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 165 रन बनाकर 166 रनों का लक्ष्य रखा। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर बब्लू कुमार ने नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में स्टोर की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 133 रन ही बना सकी। इस प्रकार आरपीएफ ने 32 रनों से जीत दर्ज कर टूनार्मेंट में विजयी रही। वही आरपीएफ के बब्लू कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### शिव मंदिर मोहनपुर में 48 घंटे के अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)** । प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के सार्वजनिक शिव मनोकामना मंदिर मोहनपुर में शिवरात्रि के शुभ अवसर पर 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व पंडित आचार्य विद्यासागर एवं विशाल झा के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ कर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया।

इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह ही इस साल भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। पांच मंडली लगातार 48 घंटे तक हरे राम हरे कृष्णा का गायन कर रहे हैं। रात्रि में कीर्तन मंडली के द्वारा रासलीला का भी पाठ दिखाया जाएगा। इस अवसर पर शिव मंदिर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह से सम्मानित हुए शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)** । भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र तथा देश का सबसे बड़ा स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह छत्तीसगढ़ के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसंतपुर मनसाही कटिहार के शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह 2025-26 से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ हैं।



नवाचारी गतिविधि समूह सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने,नवाचारों का प्रचार प्रसार, शिक्षकों का सशक्तिकरण एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का निर्माण करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के नवाचारी शिक्षकों को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित करती हैं। शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी ने बताया कि यह सम्मान मुझे अपने कार्य क्षेत्र में ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती हैं । बताते चलें कि पूर्व में भी प्रेम कुमार परदेशी को जिला स्तर पर भी अनेकों बार सम्मानित किया गया हैं जिसमें जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता 2023- 24 (गणित) एवं 2024-25 (अंग्रेजी) विषयों में प्रथम स्थान तथा 2025-26 (अंग्रेजी) में तृतीय स्थान के साथ-साथ टीचर ऑफ द मंथ अवार्ड जनवरी 2025 से भी सम्मानित किया गया हैं । इस बाबत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसंतपुर के प्रधानाध्यापक गुरुदेव प्रसाद यादव एवं शिक्षक ने शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# 3 साल में पहली बार म्यूचुअल फंड ने 4100 करोड़ के शेयर बेचे

## जब वे शुद्ध रूप से बिकवाल बने हैं

**नई दिल्ली , एजेंसी।** फरवरी के महीने में अब तक म्यूचुअल फंड ने भारतीय शेयर बाजार में करीब 4,100 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। यह लगातार खरीदारी करने वाले म्यूचुअल फंडों द्वारा पिछले तीन सालों में पहली बार है, जब वे शुद्ध रूप से बिकवाल बने हैं। इस महीने के सात कारोबारी सत्रों में से छह में वे शेयरों के शुद्ध विक्रेता रहे हैं।

इससे पहले अप्रैल 2023 में म्यूचुअल फंड ने 4,532 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। उसके बाद से लगातार 34 महीनों तक वे शेयरों की शुद्ध खरीदारी कर रहे थे। यह बदलाव हाल के महीनों में जारी खरीदारी के रुख के बिल्कुल विपरीत है। बीते जनवरी में ही म्यूचुअल फंड ने 42,355 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे और साल 2025 के दौरान उन्होंने कुल मिलाकर करीब 4.93 लाख करोड़ रुपये के भारतीय शेयरों की खरीदारी की थी।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह बिकवाली निवेशकों द्वारा पैसे निकालने (रिडेम्पशन) के दबाव की वजह से नहीं, बल्कि पोर्टफोलियो में बदलाव की वजह से हो रही है। मनीकंट्रोल को डॉ. चोकसी फिनसर्व के प्रबंध निदेशक देवेन चोकसे ने बताया कि फंड अपने पोर्टफोलियो को फिर से संतुलित कर रहे हैं। वे कम प्रदर्शन करने वाले




शेयरों से पैसा निकालकर बेहतर गुणवत्ता वाले शेयरों, खासकर बड़ी कंपनियों (लार्ज-कैप) में निवेश कर रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ फंड उस समय जमा हुए शेयरों को भी बेच रहे हैं, जब पहले विदेशी निवेशक बाजार से पैसा निकाल रहे थे। अभी यह संकेत नहीं है कि निवेशक एसआईपी के जरिये पैसा निकाल रहे हैं, बल्कि यह गतिविधि मुनाफावसूली और पोर्टफोलियो में बदलाव से जुड़ी हुई प्रतीत होती है। एनंद राठी वेल्थ के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिरोज अजीज का कहना है कि इस बिकवाली के पैमाने को बहुत बड़ा नहीं समझना चाहिए। करीब 40 लाख करोड़ रुपये के एसेट मैनेजमेंट वाले इस सेक्टर के लिए 4,100 करोड़ रुपये की बिक्री अपेक्षाकृत बहुत छोटी है और यह सिर्फ कुछ योजनाओं या कंपनियों की कार्रवाई भी हो सकती है।इस बिकवाली के पीछे इंडेक्स में बदलाव यानी रीबैलेंसिंग भी एक वजह हो सकती है। 31 जनवरी एनएसई इंडेक्स की समीक्षा की तारीख थी और फरवरी की शुरुआत में एमएससीआइ ने भी अपने इंडेक्स में बदलाव की घोषणा की थी। विश्लेषकों का कहना है कि अब मुख्य रूप से यह देखना होगा कि इक्विटी फंडों में निवेशकों के पैसे आने का सिलसिला जारी रहता है या नहीं। अगर लगातार पैसा निकलता रहा और फंड बिकवाली जारी रखते हैं तो इसके अलग मायने होंगे। द टीएचई वेल्थ कंपनी के बाजार रणनीति प्रमुख अक्षय चिंचलकर का मानना है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और कृषि वस्तुओं से जुड़े बदलाव भी निवेश के रुख को प्रभावित कर सकते हैं। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की दिलचस्पी गोल्ड ईटीएफ, बॉन्ड फंड और हाइब्रिड फंड में भी बढ़ी है। बाजार में यह अंतर साफ दिख रहा है। निफ्टी 500 अपने 52-सप्ताह के हाई से लगभग 3.4 प्रतिशत नीचे है, लेकिन इस इंडेक्स की करीब 50 प्रतिशत कंपनियों के शेयर अपने 52-सप्ताह के हाई से 20 प्रतिशत से अधिक नीचे कारोबार कर रहे हैं।

# गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में नुकसान रोकने के लिए आएंगे नए नियम

## बाजार खुलने से पहले ही तय होगी दिशा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने सोने और चांदी के ईटीएफ के कारोबारी नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है। इसका मकसद है कि इनकी कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव के ज्यादा करीब रहें और निवेशकों को सही भाव पर खरीद-फरोख्त का मौका मिल सके। इससे आम निवेशकों को काफी फायदा होगा और अनचाहा नुकसान होने से बचाव हो सकेगा।

दरअसल, दुनियाभर में सोने और चांदी की खरीद-बिक्री 24 घंटे होती है। अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंज में भी इनकी कीमतें लगातार ऊपर-नीचे हो जाती हैं लेकिन भारत में ईटीएफ की खरीद-बिक्री शेयर बाजार के समय मुताबिक सुबह 9:15 से दोपहर 3:30 बजे तक ही होती है। इस दौरान इनके भाव एक तय सीमा (फिक्स्ड प्राइस बैंड) के भीतर ही घट-बढ़ सकते हैं। इस तय सीमा और समय अंतर की वजह से अक्सर भारतीय ईटीएफ की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों से पिछड़ जाती हैं या उनमें बड़ा अंतर आ जाता है। इसके चलते आम निवेशकों को सही दाम पर खरीद-बिक्री नहीं मिल पाती और कई बार बिना वजह नुकसान हो भी जाता है। वर्तमान में सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तेज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है जिसकी वजह से निवेशकों को नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इसके चलते सेबी ने ईटीएफ के कारोबारी नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। सेबी ने अब 'डायनामिक प्राइस बैंड' लागू करने का सुझाव दिया है। इसका मतलब यह है कि कीमतों की सीमा बाजार की स्थिति के अनुसार बदली जा सकेगी। शुरुआत में एक तय सीमा रहेगी, लेकिन अगर बाजार में ज्यादा हलचल होती है तो यह दायरा बढ़ाया जा सकेगा। हर बड़े बदलाव के बाद कुछ समय का अंतर भी दिया जाएगा, ताकि बाजार स्थिर हो सके और घबराहट में खरीद-फरोख्त न हो। सेबी ने हाल ही में प्रस्ताव का मसौदा जारी किया है और मार्च 2026 तक लोगों से राय मांगी है, जिसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। सेबी ने एक और महत्वपूर्ण सुझाव दिया है, जो है 'प्री-ओपन सेशन' की शुरुआत। शेयर बाजार की तरह अब गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ के लिए भी बाजार खुलने से पहले एक खास सत्र हो सकता है।

### निवेशक ऐसे समझें योजना को

प्रस्ताव के मुताबिक, नया दायरा छह फीसदी का होगा। यानी एक दिन में ईटीएफ के भाव छह फीसदी तक ऊपर या नीचे हो सकते हैं। अगर बाजार में तेज हलचल होती है तो इस दायरे को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा सकेगा और हर बार यह तीन फीसदी तक बढ़ेगा। हर बदलाव के बाद बाजार को स्थिर होने के लिए 15 मिनट का समय दिया जाएगा। एक दिन में कुल दायरा 2 प्रतिशत की सीमा तक जा सकेगा। इसका सीधा फायदा यह होगा कि निवेशक को ईटीएफ की जो कीमत स्क्रीन पर दिखेगी, वह उसकी वास्तविक वैल्यू के करीब होगी।

# 5 प्रतिशत और लुढ़क गए क्वालिटी वॉल्स के शेयर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** क्वालिटी वॉल्स (इंडिया) लिमिटेड के शेयर सोमवार को बाजार में लिस्ट हो गए हैं। क्वालिटी वॉल्स के शेयर सोमवार को बीएसई में 29.90 रुपये पर लिस्ट हुए। 40.20 रुपये के डिस्कवरी प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर 25.80 पर्सेंट के डिस्काउंट पर लिस्ट हुए हैं। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर क्वालिटी वॉल्स के शेयर 29.80 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा के मार्केट कैप के साथ कंपनी बाजार में उतरी है। स्वस्थ्त सेक्टर की दिग्गज कंपनी हिन्दुस्तान यूनिलीवर से डीमर्जर के बाद आइसक्रीम बिजनेस क्वालिटी वॉल्स की लिस्टिंग हुई है।

कमजोर लिस्टिंग के बाद और टूट गए कंपनी के शेयर

कमजोर लिस्टिंग के बाद क्वालिटी वॉल्स के शेयर और लुढ़क गए। कंपनी के शेयर बीएसई में 5 पर्सेंट और टूटकर 28.41 रुपये पर पहुंच गए। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में क्वालिटी वॉल्स के शेयर 5 पर्सेंट लुढ़कर 28.31 रुपये पर जा पहुंचे। हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के शेयर बीएसई में 2297.05 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। एचयूएल के शेयर 2299.50 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।


**एचयूएल -क्वालिटी वॉल्स का डीमर्जर:** नवंबर 2024 की शुरुआत में हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने आइसक्रीम बिजनेस के डीमर्जर को मंजूरी दी थी। कंपनी का आइसक्रीम बिजनेस क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम जैसे पॉपुलर ब्रांड्स को ऑपरेट करता है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने 30 अक्टूबर 2025 को डीमर्जर स्कीम को मंजूरी दी थी। एचयूएल के टोटल सालाना टर्नओवर में आइसक्रीम बिजनेस की हिस्सेदारी 3 पर्सेंट है, टोटल रेवेन्यू में इसका कंट्रीब्यूशन 1800 करोड़ रुपये है। सिक्योरिटीज का कहना है कि आइसक्रीम बिजनेस का वैल्यूएशन 9500 करोड़ से 11,900 करोड़ रुपये के बीच किया जा सकता है। ब्रोकरेज हाउस ने डीमर्ज्ड इकाई के प्रति शेयर की वैल्यू 40-50 रुपये आंकी है।

एचयूएल के हर शेयर पर क्वालिटी वॉल्स का 1 शेयर डीमर्जर के बाद शेयर एंटाइटल्मेंट रेशियो 1:1 तय किया गया था। इसका मतलब यह है कि हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के शेयरधारकों को कंपनी के हर शेयर पर आइसक्रीम बिजनेस क्वालिटी वॉल्स का1 शेयर मिलेगा। अलॉटमेंट डेट 29 दिसंबर 2025 फिक्स की गई थी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 30 पर्सेंट घटकर 2188 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल की समान अवधि में एचयूएल का नेट प्रॉफिट 3027 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 16,441 करोड़ रुपये रहा, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 15,556 करोड़ रुपये था।

दोहरा अंशदान संधि पर भी हैं हस्ताक्षर

## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल से लागू होने की संभावना

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई 2025 में हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना है। दोनों देशों के बीच



इस समझौते को समानांतर रूप से लागू करने की तैयारी चल रही है।जुलाई में हुए समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश करेंगे। वहीं, भारत में ब्रिटिश उत्पादों, जैसे कार व स्कॉच व्हिस्की, पर आयात शुल्क में चरणबद्ध कमी की जाएगी। स्कॉच व्हिस्की पर शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत किया जाएगा और 2035 तक इसे 40 प्रतिशत तक लाया जाएगा। ऑटोमोबाइल पर आयात शुल्क पांच वर्षों में घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा, जो अभी 110 प्रतिशत तक है। समझौते के तहत भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट और सौंदर्य प्रसाधन जैसे उपभोक्ता उत्पादों के लिए बाजार खोला है, जबकि भारतीय वस्त्र, जूते, र प्रतिशत-आभूषण, खेल सामग्री व खिलौनों को ब्रिटेन में पहुंच मिलेगी। दोनों देशों ने दोहरा अंशदान संधि पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे अस्थायी कर्मियों को सामाजिक अंशदान दो बार नहीं देना होगा। समझौते को लागू करने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी आवश्यक है। वहां हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में इस पर बहस और समीक्षा चल रही है। इसका उद्देश्य 2030 तक 56 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है।

## बेजेल इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों में तेजी

**मुंबई, एजेंसी।** नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी बेजेल इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। बेजेल इंटरनेशनल के शेयर सोमवार को व्रस्थ में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 73.58 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर बांटने का ऐलान किया है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कंपनी के मुनाफे में तेज उछाल आया है। बेजेल इंटरनेशनल लिमिटेड का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में करीब 140 पर्सेंट बढ़ा है। बेजेल इंटरनेशनल लिमिटेड अपने शेयरधारकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर देगी। यानी, कंपनी हर शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटेगी। बेजेल इंटरनेशनल ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट रिवाइज की है। कंपनी ने पहले बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट शुक्रवार 13 फरवरी 2026 फिक्स की थी, जिसे अब रिवाइज करके 19 फरवरी 2026 कर दिया है।

**करीब 140 प्रतिशत बढ़ा है बेजेल इंटरनेशनल का मुनाफा :** नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी बेजेल इंटरनेशनल का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 139.89 पर्सेंट बढ़ा है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 52.19 लाख रुपये का मुनाफा हुआ था। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का मुनाफा 21.76 लाख रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में बेजेल इंटरनेशनल का मुनाफा 149.59 लाख रुपये रहा है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 119.87 लाख रुपये था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 47.20 पर्सेंट बढ़कर 114.05 लाख रुपये पहुंच गया है। बेजेल इंटरनेशनल के शेयर 5 साल से कम में 460 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। स्मॉलकैप कंपनी के शेयर 27 अगस्त 2021 को 12.85 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 16 फरवरी 2026 को 73.58 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में 90 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

आधे सीईओ बेरोजगार होते अगर....,

## फाउंडर ने अपनी मार्कशीट शेयर कर दे दिया बड़ा मैसेज

**नई दिल्ली , एजेंसी।** बोर्ड परीक्षा की टेंशन के बीच संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नाडर ने छात्रों को मार्मिक संदेश दिया है।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी मार्कशीट शेयर करते हुए एक पोस्ट किया है। विनीत ने पोस्ट में छात्रों को याद दिलाया कि अंक उनके भविष्य को परिभाषित नहीं करते हैं। विनीत नायर ने लिखा, अगर बोर्ड परीक्षा जिंदगी तय करती तो आधे सीईओ बेरोजगार होते। इसे डूबने दो। नाडर ने स्वीकार किया कि बोर्ड परीक्षाएं महत्वपूर्ण हैं। लेकिन, उन्होंने छात्रों को इसे सफलता का अंतिम पैमाना मानने से आगाह किया। उन्होंने कहा, बोर्ड महत्वपूर्ण हैं। लेकिन, वे आपकी नियति नहीं हैं। विनीत नाडर ने अपने किशोरावस्था के एक अनुभव को साझा किया। उस डर को जाहिर करते हुए जो कई छात्र एक कठिन पेपर के बाद महसूस करते हैं। 17 साल की उम्र में अपना केमिस्ट्री का एग्जाम देकर बाहर निकलते समय उन्हें लगा कि उन्होंने खराब प्रदर्शन किया है। उन्होंने लिखा, फुल पैनिक मोड। उन्होंने बताया कि इसके बाद जो हुआ, उसने उनके नजरिये को बदल दिया। उनके एक चचेरे भाई ने उनकी टेंशन देखी। उनसे पूछा, अगर तुम फेल हो गए तो क्या मर जाओगे जब नाडर ने नहीं कहा, तो चचेरे भाई ने एक और सवाल पूछा, तो तुम इसे जिंदगी और मौत की स्थिति क्यों मान रहे हो। उस बातचीत की सादगी उनके साथ रह गई। नाडर के अनुसार, इसने उन्हें पीछे हटने और बड़ी तस्वीर देखने में मदद की। अगले एग्जाम में घबराहट ले जाने के बजाय उन्होंने रीसेट करने का फैसला किया। दो दिन बाद विनीत ने शांत नजरिये के साथ अपनी गणित की परीक्षा दी। उन्होंने शेयर किया, मैंने शांति से पढ़ाई की। स्थिर होकर गया। और कमाल कर दिया। उस अनुभव को एक सबक के रूप में इस्तेमाल करते हुए नाडर ने अकैडमिक टेस्टिंग और असल दुनिया की चुनौतियों के बीच एक साफ अंतर खींचा। उन्होंने लिखा, इम्तिहान याददाश्त का टेस्ट लेते हैं। जिंदगी साहस का। विनीत ने छात्रों को याद दिलाया कि बोर्ड परीक्षाएं एक बड़ी यात्रा का सिर्फ एक पड़ाव हैं। उन्होंने लिखा, बोर्ड खेल का एक लेवल हैं।

## आर एंड बी डेनिम्स दो टुकड़ों में बंटेगा

**मुंबई, एजेंसी।** छोटे शेयरों में इन दिनों जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है और आर एंड बी डेनिम्स का नाम सबसे आगे है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में कंपनी का शेयर एक बार फिर चढ़ गया और लगातार 16वें सत्र में बढ़त दर्ज की। एनएसई पर शेयर करीब 1.76 प्रतिशत उछलकर 52 हफ्ते के नए हाई 181.30 पर पहुंच गया। सिर्फ 16 ट्रेडिंग सेशंस में शेयर 30 प्रतिशत से ज्यादा भाग चुका है। दोपहर 12:10 बजे के आसपास बीएसई पर भी यह करीब 1.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 181.25 पर ट्रेड करता दिखा। लगातार खरीदारी से साफ है कि निवेशकों की दिलचस्पी इस स्टॉक में बनी हुई है। शेयर में यह तेजी कंपनी के तिमाही नतीजों और बड़े कॉरपोरेट ऐलानों के बाद आई है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 5.91 करोड़ रहा, जो पिछले साल इसी अवधि के 9.16 करोड़ के मुकाबले करीब 35 प्रतिशत कम है। हालांकि, मुनाफे में गिरावट के बावजूद कंपनी की आय बढ़ी है। ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 18.66 प्रतिशत बढ़कर 113.03 करोड़ पहुंच गया, जो पिछले साल 95.25 करोड़ था। यानी बिक्री के मोर्चे पर कंपनी की ग्रोथ जारी है, लेकिन मुनाफे पर दबाव दिखा है। कंपनी के बोर्ड ने 14 फरवरी को कई अहम फैसले भी लिए।

# परिवार का सोने-चांदी का कारोबार छोड़ा, 12वीं फेल ने चुना अपना रास्ता

## अब 25 लाख साल की कमाई

**नई दिल्ली , एजेंसी।** महाराष्ट्र के संतोष जाधव ने अपने परिवार का सोने-चांदी का कारोबार छोड़कर खेती को अपनाया है। ऑर्गेनिक खेती के साथ इंडियन फार्मर नाम के यूट्यूब चैनल के जरिये किसानों को आधुनिक तकनीक सिखाकर वह सालाना 25 लाख रुपये कमा रहे हैं। संतोष 12वीं ड्रॉपआउट हैं। परिवार के लिए उनका फैसला चौंकाने वाला था। लेकिन, उन्होंने समय के साथ सबको गलत साबित किया है। आइए, यहां संतोष जाधव की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

संतोष जाधव 2012 में महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में अपने गांव माजले करवे वापस लौट आए थे। उनके परिवार का उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सोने-चांदी का कारोबार है। इस कारोबार को छोड़कर उन्होंने गांव लौटने का फैसला किया था। परिवार के लिए उनका यह फैसला बहुत बड़ा था। यह सुपरफास्ट एक्सप्रेस छोड़कर पैसेंजर ट्रेन में लौटने जैसा था। उनके परिवार और पड़ोसियों ने उन्हें चेतावनी भी दी। लेकिन, संतोष ने खेती का रास्ता चुना।

संतोष ने 2012 से 2016 तक महाराष्ट्र में अपनी बाइक पर यात्रा की। सफल किसानों से मिले। देखा कि ज्यादातर किसान अपने पड़ोसियों की नकल कर रहे थे या पुरानी परंपराओं का पालन कर रहे थे। कारण था कि उन्हें मार्गदर्शन की कमी थी। उस समय इंटरनेट पर व्यावहारिक खेती की जानकारी लगभग न के बराबर थी। संतोष जाधव को खेती का बचपन से शौक था। उन्होंने अपने दादा के साथ खेतों में काफी समय बिताया था। हालांकि, खेती से अलग हटकर परिवार ने उन्हें सोने के व्यवसाय में लगा



लिया था। संतोष अब 11 एकड़ पैतृक भूमि पर खेती करते हैं। उन्होंने एक आधा एकड़ का पॉलीहाउस बनाया है। अपनी जमीन को रणनीतिक रूप से विभाजित किया है ताकि साल भर फसल मिलती रहे। इसमें 3 एकड़ गन्ने के लिए, 1.5 एकड़ अंगूर के निर्यात, 2 एकड़ मौसमी टमाटर, 1 एकड़ शिमला मिर्च और 1 एकड़ खीरे के लिए समर्पित है। 3 से 4 एकड़ जमीन को खाली या रोटेशन में रखा जाता है। संतोष जाधव ने अपने बचपन के दोस्त आकाश जाधव के साथ मिलकर 2018 में इंडियन फार्मर नाम का यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। आकाश मैकेनिकल इंजीनियर हैं। यूट्यूब चैनल का टारगेट किसानों को सरल भाषा में आधुनिक तकनीक सिखाना था। आज संतोष और आकाश के 11 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वे जैविक खेती से सालाना लगभग 25 लाख रुपये कमाते हैं। संतोष अब ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं जो 10 मिनट में एक एकड़ जमीन पर छिड़काव कर सकते हैं। जबकि पहले इसमें एक मजदूर को पांच घंटे लगते थे। संतोष सुबह खेत में काम करते थे। दोपहर में वीडियो बनाते थे। रात में उन्हें एडिट करते थे। अगले दिन पोस्ट करते थे।

# प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नेताओं से मिलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, निवेश व सहयोग पर जोर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जर्मनी के म्यूनिख में कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात की। इनमें यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लैगार्ड से भेंट कर पिछले माह अंतिम रूप दिए गए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने समझौते को ऐतिहासिक कदम बताया। सीतारमण ने कहा, इस समझौते के तहत 2025-26 और 2026-27 के केंद्रीय बजट प्रावधानों के अनुसार यूरोपीय संघ के बैंक भारत में चार वर्षों में 15 शाखाएं खोल सकेंगे। उन्होंने व्यापार को आसान बनाने में यूरोपीय केंद्रीय बैंक की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। वित्त मंत्री ने लिक्विडिटी एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी की प्रमुख वेरा सोंगवे से भी मुलाकात की। बातचीत में बदलते वैश्विक माहौल के बीच उभरती अर्थव्यवस्थाओं की वित्तीय चुनौतियों और पूंजी बाजार की स्थिति पर चर्चा हुई। सीतारमण ने लिकटेंस्टाइन की प्रधानमंत्री ब्रिगिट हास से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत में विनिर्माण, पर्यावरण अनुकूल तकनीक, कृषि उपकरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर सहमति बनी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी यात्रा के दौरान प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नेताओं से राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष व अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के माध्यम से निवेश के अवसरों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जर्मनी के उप-चांसलर और वित्त मंत्री



लार्स क्लिंगबेल से मुलाकात में रक्षा, व्यापार और तकनीक में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। सीतारमण ने भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता का जिक्र करते हुए अनुभव साझा करने की इच्छा जताई। और बेहतर होंगे भारत-जर्मनी के संबंधः म्यूनिख सम्मेलन के दूसरे दिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी की सीडीयू, सीएसयू संसदीय समूह के नेता जेन्स श्पान से भी भेंट की और भारत-जर्मनी संबंधों को गहरा करने में उनके समर्थन की सराहना की। रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया तोइउ के साथ बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं की समीक्षा की।

# कोर्ट ने सुनायी मौत की सजा

## झाड़-फूंक के बहाने नाबालिग दिव्यांग के साथ तांत्रिक करता था दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला**। 13 वर्षीय दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म के जघन्य मामले में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-चार सह पोक्सो के विशेष न्यायाधीश संजीव भाटिया की अदालत ने आरोपी तांत्रिक संजय विश्वकर्मा को पॉक्सो अधिनियम के तहत फांसी की सजा तथा लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।




मामला जनवरी 2022 का है। अदालत ने अपने फैसले में अपराध की गंभीरता, पीड़िता की आयु और उसकी दिव्यांगता को ध्यान में रखते हुए कठोरतम दंड उचित ठहराया। अभियोजन के अनुसार, आरोपी संजय विश्वकर्मा, जो हजारीबाग जिले के ईचाक का निवासी है, ने पीड़िता के स्वजनों का विश्वास जीत लिया था।

उसने बच्ची की दिव्यांगता को पूरी तरह ठीक करने का झांसा दिया और झाड़-फूंक तथा तांत्रिक क्रियाओं के नाम पर उपचार का दावा किया। इसी बहाने उसने परिजनों को यह विश्वास दिलाया कि इलाज के दौरान वह बच्ची के साथ अलग कमरे में रहेगा।

इस भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी ने कई महीनों तक अपराध को अंजाम दिया। कुछ समय बाद वह परिवार को बिना जानकारी दिए घर छोड़कर चला गया।

26 अगस्त 2022 को नाबालिग की असामान्य शारीरिक स्थिति देखकर परिजनों को संदेह हुआ।

### पीड़िता की असामान्य शारीरिक स्थिति देखकर खुली पोल

इसके बाद कराए गए चिकित्सकीय परीक्षण में उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसी के साथ पूरे मामले का खुलासा हुआ।

पीड़िता के पिता ने तत्काल स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने झाड़-फूंक के नाम पर पीड़िता के परिजनों से करीब 25 हजार रुपये की ठगी भी की थी।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष अपर लोक अभियोजक सुधीर कुमार टोप्पो ने गवाहों के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए। अदालत ने सभी तथ्यों, साक्ष्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आरोपी को दोषी ठहराया।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस तरह के अपराध न केवल पीड़िता और उसके परिवार को गहरे आघात पहुंचाते हैं, बल्कि समाज की नैतिक चेतना को भी झकझोर देते हैं। ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है ताकि समाज में गलत संदेश न जाए और भविष्य में इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी रोक लग सके।

## प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिंदरी**। धनबाद मेयर चुनाव में झामुमो समर्थित प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के सिंदरी के शहरपुरा मैदान के समीप निमार्णाधीन कार्यालय में रविवार की रात आग लग गई। इस कार्यालय का आज सोमवार को उद्घाटन होना था। आग संयोग से लगी या इसके पीछे किसी की साजिश है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मैदान के पास बांस-बल्ला और कपड़े से अस्थायी टेंट कार्यालय तैयार किया जा रहा था। देर रात अचानक आग की लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोगों ने मजदूरों को सूचना दी। मजदूरों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित की गई।

घटना की सूचना मिलते ही प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल ने स्थानीय पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस टीम ने पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

# शिव बाराती में घुसी बेकाबू कार, अफरातफरी

## नशे में धुत्त निलंबित सीओ चला रहे थे गाड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार**। महाशिवरात्रि के अवसर पर लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत पचफेड़ी के पास रविवार देर शाम अफरा-तफरी मच गई, जब शिव बारात के दौरान एक अनियंत्रित थार वाहन भीड़ में घुस गया और कई वाहनों को टक्कर मार दी। हालांकि, हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

जानकारी के अनुसार, थार (जे एचा-01ए -0049) मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी। वाहन गढ़वा जिले के मझिआंव अंचल के निलंबित अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार चला रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक नशे की हालत में था और वाहन में एक महिला भी सवार थी।

इस दौरान शिव बारात की झांकी देख रहे श्रद्धालुओं के बीच वाहन ने एक बाइक और एक चारपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वहां मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया।

घटना के बाद लोगों ने देखा कि थार पर डिप्टी कलेक्टर का बोर्ड लगा हुआ था और वाहन के अंदर प्रशासन लिखा था।

इसे देखकर भीड़ और अधिक उग्र हो गई। स्थिति बिगड़ती देख मनिका थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और चालक को भीड़ से सुरक्षित निकालकर वाहन समेत हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक प्रमोद कुमार मनिका थाना में पुलिस हिरासत में थे। पूछे जाने पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# निकाय चुनाव को ले भाजपा में थम नहीं रहा वाक युद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। धनबाद की राजनीति में माफिया का प्रभाव कोई नई बात नहीं है। यह भी कहा जाता है कि यहां की राजनीति और माफिया एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। माफिया ताकतों की मंशा हमेशा यह रही है कि राजनीति उनके नियंत्रण में रहे।

माफिया ताकत जनप्रतिनिधि बनकर सत्ता हासिल करते हैं और उसी ताकत के बल पर धनबाद कोयलांचल में कोयला, लोहे के कारोबार और ठेका-पट्टी को नियंत्रित कर आर्थिक लाभ उठाते हैं। इसमें पुराने स्थापित माफिया से लेकर नए चेहरे तक शामिल हैं। हालांकि चुनाव जीतने के बाद माफिया और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन आम जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

धनबाद नगर निगम चुनाव का प्रचार जैसे-जैसे तेज हो रहा है, माफिया की चर्चा भी जोर पकड़ रही है। इसकी वजह झरिया के बहुचर्चित विधायक रहे दिवंगत सूरजदेव सिंह के पुत्र और झरिया की भाजपा विधायक रागिनी सिंह के पति, पूर्व विधायक संजीव सिंह का मेयर पद का चुनाव लड़ना है।

संजीव सिंह के खिलाफ धनबाद के सांसद ढुलू महतो लगातार हमलावर हैं। वे धनबाद से माफिया को खत्म करने की बात करते हैं। हालांकि ढुलू महतो पर भी दबंगई के आरोप लगते रहे हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि संजीव सिंह और ढुलू महतो दोनों ही भाजपा की छतरी तले राजनीतिक ताकत हासिल करते रहे हैं।

धनबाद नगर निगम का चुनावी रण अब उफान पर है। प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है। पहले कांग्रेस और झामुमो के बीच बयानबाजी सामने आई थी, अब भाजपा के भीतर ही वाकयुद्ध छिड़ गया है। ताजा मामला सांसद ढुलू महतो और मेयर पद के प्रत्याशी संजीव सिंह के बीच का है। दोनों नेताओं के बीच जारी बयानबाजी शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

भाजपा सांसद ढुलू महतो ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे लोग चुनाव मैदान में हैं, जो यदि जीत गए तो धनबाद में अशांति फैल सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता सब जानती है, लेकिन लोग डरे हुए हैं। उन्हें धमकियां दी जा रही हैं और फोन कर दबाव बनाया जा रहा है कि यदि वोट नहीं दिया तो परिणाम भुगतने होंगे। झरिया से धनबाद तक के लोगों को डराने की कोशिश की जा रही है। सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि गुंडागर्दी अपने घर तक सीमित रखें।

## शिवपुरी-कठौतिया रेल परियोजना अंतिम चरण में

गिद्धौर। क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित शिवपुरी-कठौतिया रेल परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। करीब 18 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इस पर रेल इंजन का ट्रायल भी शुरू कर दिया गया है। सब कुछ तय समय पर रहा तो 18 फरवरी को इसके शुभारंभ को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रायल सफल रहने के बाद इस रूट पर नियमित परिचालन की संभावना काफी बढ़ गई है।

लाइन चालू होने से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।इधर गिद्धौर प्रखंड के द्वारी गांव में कोयला डंपिंग को लेकर साइडिंग निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि इस साइडिंग का उपयोग आम्रपाली, मगध सहित अन्य कोल कंपनियों द्वारा किया जाएगा। यहां कोयला संग्रहित कर देश के विभिन्न हिस्सों में आपूर्ति की जाएगी।

# निकाय चुनाव को ले मतदान पदाधिकारियों को पालियों में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र में आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूँटी में मतदान पदाधिकारियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है।



विभिन्न पालियों में चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित ट्रेनरों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने सभी मतदान पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा मतदान प्रक्रिया से संबंधित प्रत्येक बिंदु को भली-भांति समझें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

उपायुक्त ने ट्रेनरों को भी निर्देश दिया कि वे राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदशिका के अनुरूप मतदान प्रक्रिया, मतपेटिका की सीलिंग तकनीक, मतदान सामग्री के संधारण, मतदाता पहचान प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने विशेष रूप से लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मतपेटिका की सीलिंग तकनीक एवं संबंधित प्रक्रियाओं का अभ्यास सुनिश्चित कराने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण ही सफल मतदान की आधारशिला है। यदि सभी पदाधिकारी प्रशिक्षित एवं सजग रहेंगे तो 23 फरवरी 2026 को मतदान समय पर प्रारंभ होगा तथा पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सकेगी। उन्होंने मतदान कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ दायित्व निर्वहन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग-सह-परियोजना निदेशक, आईटीडीए श्री आलोक शिकारी कच्छप सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

# अध्यक्ष पद प्रत्याशी संतोष केसरी पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा**। नगर निकाय चुनाव 2026 के बीच गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संतोष कुमार केशरी पर गंभीर आरोप सामने आए हैं।गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के दीपवां मोहल्ला निवासी बलराम तिवारी के आवेदन पर चौधराना बाजार निवासी संतोष कुमार केशरी के विरुद्ध पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला गढ़वा थाना कांड संख्या 108 2026 पर भादवि की धारा 420 एवं 406 के तहत दर्ज किया गया है।बता दें कि संतोष कुमार केशरी झामुमो समर्थित प्रत्याशी के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। चुनावी माहौल के बीच दर्ज हुई इस प्राथमिकी से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। प्राथमिकी में बलराम तिवारी ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र राकेश कुमार तिवारी (अब स्वर्गीय) ने 27 अप्रैल 2018 को संतोष कुमार केशरी को तीन लाख रुपये उधार दिए थे, जिसका भुगतान आरटीजीएस ट्रांसफर के माध्यम से किया गया था। इसके अलावा अन्य माध्यम से भी कुल पांच लाख रुपये आरोपी को उधार दिए गए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार बार-बार मांग करने के बावजूद संतोष कुमार केशरी ने रकम वापस नहीं की। तब आठ अप्रैल 2021 को अधिवक्ता के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा गया, लेकिन उसके बाद भी न तो कोई जवाब दिया गया और न ही राशि लौटाई गई।

प्राथमिकी के अनुसार राकेश कुमार तिवारी करीब नौ-दस महीने तक गंभीर बीमारी से जूझते रहे और 17 जनवरी 2022 को उनकी मृत्यु हो गई। इसके बावजूद आरोपी ने उधार की राशि वापस नहीं की।

पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि पुत्र की मृत्यु के बाद भी उन्होंने कई बार पैसे लौटाने की मांग की, लेकिन आरोपी हर बार टालमटोल करता रहा। एक फरवरी 2026 को जब अंतिम बार रकम की मांग की गई, तो आरोपी ने साफ तौर पर पैसे लौटाने से इंकार कर दिया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ नवाह पारायण महायज्ञ शुरू

### जयघोष के नारों से भक्तिमय हुआ क्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। प्रखंड अंतर्गत रहियार उत्तर पंचायत के बुनियादपुर गांव के शिव मंदिर परिसर में भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ ही नौ दिवसीय नवाह पारायण महायज्ञ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 101 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा करेह नदी के बुनियादपुर घाट पर कलश में पवित्र जल भरकर कलश शोभायात्रा को बुनियादपुर, गिद्धा ,गम्हरिया, रहियार आदि गांव का नगर भ्रमण करते हुए विद्वान पंडित के मंत्र उच्चारण के साथ ही मंडप पर स्थापित किया गया। कीर्तन मंडलियों के द्वारा श्री राम, जय राम जय जय राम धुनों पर आधारित नौ दिनों तक नाम संकीर्तन किया जाएगा।



नवाह महायज्ञ के समिति सदस्यों ने बताया कि बुनियाद पुर गांव एवं आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के कीर्तन मंडलियों को नाम संकीर्तन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। नाम संकीर्तन में भाग लेने वालों के लिए समिति की ओर से भोजन एवं प्रसाद ठहरने की भी प्रबंध किया गया है। समिति सदस्यों ने बताया कि यह नवाह परायण महायज्ञ 12 वर्षों पूर्व से प्रत्येक साल आयोजित किया जाता है और इस यज्ञ का उद्देश्य है कि गांव में सुख समृद्धि और खुशहाली बना रहे। नवाह पारायण महायज्ञ नाम संकीर्तन से पूरे गांव एवं आसपास के इलाका भक्ति मय हो गया है। मौके पर रामचंद्र यादव ,पवन कुमार यादव ,विजय कुमार यादव ,गौरी दास, सोनेलाल दास, पूर्व सरपंच कुंदन चौधरी, वार्ड सदस्य अमित कुमार चौधरी ,अशोक दास, अरुण कुमार पासवान, रामनाथ पासवान सहित अन्य ग्रामीणों की सहयोग सराहनीय है।

# निकाय चुनाव में दलीय मर्यादा हो रही तार-तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। नगर निकाय चुनाव में इस बार दलीय मर्यादा तार-तार हो रही है। चुनाव में नामांकन से पूर्व तक पार्टी के हर निर्णय में साथ-साथ दिखने वाले एक दूसरे के विरुद्ध दिखाई दे रहे हैं। एक दूसरे के खिलाफ प्रचार-प्रसार में भी जुटे हैं।

पार्टी के कार्यक्रमों में भी इसका असर दिख रहा है और इनकी उपस्थिति नगण्य है। निकाय चुनाव में झामुमो में धींगामुश्ती का दौर जारी है। यह स्थिति देख सामान्य पार्टी का सिपाही भी अचरज में है। पुराने पार्टी के सिपाही कह रहे हैं, यहां स्थिति अच्छी नहीं है।

परिवार के तीन पीढ़ी तक पार्टी को सींचने का दावा करने वाले जिले के नेताओं पर अब आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हट रहे। झामुमो से अध्यक्ष पद को लेकर इस बार दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

अध्यक्ष पद को लेकर झामुमो नेता शिव कुमार की पत्नी अर्पणा कुमारी चुनाव मैदान में हैं तो पार्टी संयोजक प्रमुख विनोद किस्कू ने पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी रेणु कुमारी पति संतोष मानकी को बताया है। इसको लेकर वे लगातार प्रचार-प्रसार में भी जुटे हैं।

पिछले चुनाव में शिव कुमार अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़े थे। इस बार सीट अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित होने के बाद अपनी पत्नी को प्रत्याशी बनाया है। जिला कमेटी का एक पक्ष अर्पणा के प्रचार-प्रसार में जुटा है। इसमें केंद्रीय नेता से लेकर पूर्व जिला उपाध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ झामुमो नेता व कार्यकर्ता शामिल हैं। वर्तमान स्थिति से झामुमो नेता कार्यकर्ता आमने-सामने दिख रहे हैं।

दोनों ओर से शब्द बाण भी खूब चल रहे हैं। वरिष्ठ नेता अब यह भी दावा कर रहे हैं कि संयोजक मंडली के 14 सदस्य अर्पणा के साथ हैं, तो जिला संयोजक नई टीम के साथ रेणु कुमारी के प्रचार-प्रसार में लगे हैं।

अर्पणा की ओर प्रचार प्रसार करने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र मुंडा, उपाध्यक्ष सह सूबे कैबिनेट मंत्री योगेंद्र महतो के छोटे भाई चित्रगुप्त महतो, पार्टी के वरिष्ठ नेता व सोना राम मांझी, राजकुमार महतो, भुन्नू महतो, पिंकी बेसरा, केंद्रित समिति सदस्य सागीर हुसैन आदि हैं। वहीं दूसरी ओर विनोद रेणु कुमारी के पक्ष में युवाओं की टीम इसमें अरुण बनर्जी, किशोर मोदक, संतोष साव, गीता देवी, मुमताज मंसूरी आदि।

भाजपा और आजसू दोनों ने नगर परिषद चुनाव में एक दूसरे के विरुद्ध प्रत्याशी उतारा है। कहने को दलीय आधार पर चुनाव नहीं हो रहा है। आजसू में भी प्रत्याशी चयन को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है।

# ग्रामीण चंदा उगाही कर बना रहे सड़क

## बरसात के दिनों में स्थिति हो जाती है बदतर ☐ गांव के लोग सरकार पर कस रहे तंज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरटांड़**। पीरटांड़ प्रखंड के बदगांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम राजपुरा, अलकोको, बारहगडीह और मेरोमगोड़ा में सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही। खासकर बीमार लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचाने में काफी दिक्कत होती है। कई बार मरीजों को चारपाई या खाट पर लादकर कच्चे रास्तों से मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। इससे आजीज होकर ग्रामीण सड़क बनाने को चंदा एकत्र कर रहे हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्ते के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने से मरीजों की जान पर भी बन आती है। कई बार गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को गंभीर हालात में काफी मशक्कत के बाद सड़क तक लाना पड़ा।

बार-बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद जब सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने खुद ही श्रमदान और आपसी सहयोग से कच्ची सड़क बनाने का निर्णय लिया।

गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर फावड़ा,कुदाल,धामा की मदद से रास्ते को समतल करना शुरू कर दिया है। इसके लिए ग्रामीण आपस में चंदा भी इकट्ठा कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से कई बार सड़क निर्माण का आश्वासन मिला, अब तक जमीन पर काम शुरू नहीं हुआ। उनका कहना है कि जब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं होता, तब तक वे अपने स्तर से रास्ता दुरुस्त करते रहेंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जाए, ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।

स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के अभाव में गांव का समुचित विकास संभव नहीं है। अब देखना यह है कि ग्रामीणों की इस पहल के बाद प्रशासन कब तक संज्ञान लेकर स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाता है।

श्रमदान करने वालों में पंचायत समिति सदस्य बिनोद किस्कू,पूर्व पंचायत समिति सदस्य छोटकी देवी,सोनाराम टुडू,सुंदर राम हेंब्रम, नायकी हेंब्रम, ललिता देवी, लीलो किस्कू, सुलामुनी देवी, बिरासमूनी देवी, रासमुनी देवी,सहित अन्य लोग लगे हुए हैं।

# ओवरलोडेड वाहनों ने बिगाड़ी सड़क की सूरत

## ग्रामीणों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रमकंडा**। रमकंडा प्रखंड के हरहे पंचायत अंतर्गत कुट्टी तथा रंका के गासेदाग गांव सिवान में संचालित माइंस खदान से निकलने वाले ओवरलोड हाइवा वाहनों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही एक सड़क की तस्वीर ही बदल दी है।

हालात ऐसे हो गए हैं कि विभाग ने क्षतिग्रस्त जीएसबी का हवाला देते हुए आगे निर्माण कार्य करने से साफ इनकार कर दिया है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

शनिवार को हरहे पंचायत के मुखिया श्रवण प्रसाद कमलापुरी के नेतृत्व में ग्रामीण उमेश सिंह, सुरेश रवि, दिलीप नाथ सिंह, महादेव प्रसाद, बृजमोहन सिंह, शंभू चौधरी आदि ग्रामीण निमार्णाधीन सड़क पर उतर आए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि खदान से दिन-रात ओवरलोड पत्थर ढोने वाले हाइवा वाहनों के कारण पहले से बिछाई गई जीएसबी पूरी तरह उखड़ चुकी है। भारी वाहनों के दबाव से सड़क की बुनियाद ही कमजोर हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार माइंस संचालक और संबंधित विभाग को लिखित व मौखिक रूप से सूचना दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ रहा है कि जब तक ओवरलोड वाहनों का परिचालन बंद नहीं होगा, तब तक सड़क निर्माण संभव नहीं है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कसमार से हरहे होते हुए कुट्टी सिवान तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। लगभग पांच किलोमीटर सड़क बन चुकी तथा करीब एक किलोमीटर हिस्सा अब भी अधूरा पड़ा है। विभाग का तर्क है कि जीएसबी बिछाने के बाद भी बार-बार ओवरलोड हाइवा के कारण परत खराब हो रही है, जिससे निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। इस मामले में पक्ष जानने के लिए विभाग के सहायक अभियंता अंकुर चोरसिया से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# राजद नेता के घर उपद्रव

**जमुई**। चकाई थाना क्षेत्र के झगरूडीह गांव में राजद नेता सुरेश पासवान के घर रविवार की रात हुई बमबाजी और आगजनी की घटना के बाद कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

बड़ी संख्या में जमीन से संबंधित कागजात को निकालकर घर के सामने ही आग के हवाले किए जाने से घटना का तार जमीन विवाद से जुड़ने की आशंका जताई जा रही है। पीड़िता रूपा कुमारी के अनुसार, जब अपराधी घर में घुसे तो सबसे पहले बक्से की चाबी मांगी।

चाबी नहीं देने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और बक्से में रखे जमीन के सभी कागजात निकालकर आग लगा दी। इससे आशंका जताई जा रही है कि बदमाश विशेष रूप से दस्तावेज नष्ट करने के इरादे से आए थे।

हालांकि, स्वजन खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं, लेकिन जमीन विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिए जाने की संभावना जता रहे हैं। रूपा ने पुलिस के समक्ष कुछ अपराधियों की आवाज पहचानने का भी दावा किया है। फिलहाल, यह जांच का विषय है और पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। घटना के समय घर में मौजूद रूपा सहित अन्य महिलाओं से भी पुलिस ने अलग-अलग पूछताछ कर बयान दर्ज किया है।

घटना के बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। चकाई पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार स्वयं पूरे घटनाक्रम की निगरानी करते रहे। दोपहर बाद बम निरोधक दस्ता अवर निरीक्षक पीयूष प्रकाश के नेतृत्व में मौके पर पहुंचा।

CMYK

# यूएई को हराने में छूटे अफगानिस्तान के पसीने

**● आखिरी ओवर तक चला रोमांचक मुकाबला, किसे मिला सुपर 8 का टिकट? ● टी20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की पहली जीत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप के 28वें मैच में अफगानिस्तान की टीम ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। यह इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की पहली जीत है। हालांकि उनकी सुपर 8 में पहुंच पाने की उम्मीदें बेहद कम हैं। इस मैच की बात करें तो पहले बैटिंग करते हुए यूएई ने बोर्ड पर 160 रन लगाए थे। जवाब में आखिरी ओवर तक चले मैच में अफगानिस्तान ने 5 विकेट खोकर इस मैच को जैसे-तैसे जीत लिया। अफगानिस्तान की टीम की जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका सुपर 8 में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन चुकी है।

**आखिरी ओवर में चेज हुआ टारगेट–** यूएई के 161 रन के टारगेट को चेज करने में अफगानिस्तान की टीम को आखिरी ओवर तक बल्लेबाजी करनी पड़ी। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने 53 रन की शानदार पारी खेली। वहीं इस टीम को जीत अजमतउल्लाह ओमरजई ने दिलाई जिन्होंने 21 गेंद पर नाबाद 40 रन की पारी खेली। वहीं दार्विस रसूली ने 33 रन बनाए। वहीं यूएई की ओर से मोहम्मद अरफान और जुनैद सिद्दीकी ने 2-2 विकेट लिए।




**शोएब ने ठोकी हाफ सेंचुरी–** शोएब खान के अर्धशतक से यूएई ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ 9 विकेट पर 160 रन बनाए। शोएब ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की जिससे यूएई की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में सफल रही।

## अच्छी नहीं रही यूएई की शुरुआत

अफगानिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) ने यूएई को नियमित अंतराल पर झटके दिए लेकिन शोएब ने एक छोर संभाले रखा। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान (24 रन पर एक विकेट) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यूएई ने दूसरे ओवर में 13 रन तक ही अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों आर्यांश शर्मा (00) और कप्तान मुहम्मद वसीम (10) के विकेट गंवा दिए।

**लगातार गिरते रहे विकेट–** मैच की चौथी ही गेंद पर आर्यांश ने अजमतुल्लाह की गेंद पर विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच थमाया। इस समय टीम के रनों का खाता भी नहीं खुला था। अगले ओवर में वसीम ने मुजीब पर लगातार दो चौके मारे लेकिन इस ऑफ स्पिनर की अगली गेंद को चूककर पगबाधा हो गए। शोएब ने मुजीब पर लॉन्ग ऑफ पर छक्का जड़ा और अगले ओवर में तेज गेंदबाज जियाउर रहमान पर तीन चौके मारे जबकि शराफू ने भी मुजीब पर दो चौके जड़े जिससे यूएई ने पावर प्ले में दो विकेट पर 55 रन बनाए।

## आकाश चोपड़ा की बात सुनकर पाकिस्तानी शर्म से पानी-पानी हो गए होंगे

**भारतीय दिग्गज ने यूं खूब लताड़ा**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम द्वारा टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से धूल चटाने के बाद, पूर्व ओपनर और मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने एक दिलचस्प ट्वीट किया है। चोपड़ा का मानना है कि भारतीय क्रिकेट फैंस की मानसिकता में अब एक बड़ा बदलाव आया है। आकाश का मानना है कि अब भारतीय टीम के फैंस को पाकिस्तान से जीत हार पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है।



### आकाश ने जीत के बाद क्या कहा?

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, एक समय था जब भारतीय कहा करते थे कि पाकिस्तान को हरा दो फिर चाहे वर्ल्ड कप हार जाओ। मुझे लगता है कि अब ऐसा नहीं है। उनके अनुसार, अब भारतीय फैंस के लिए जीत का पैमाना सिर्फ एक मैच नहीं बल्कि टूर्नामेंट की ट्रॉफी बन चुका है।

**पाकिस्तान पर भी बोले आकाश चोपड़ा–** आकाश चोपड़ा ने आगे स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के खिलाफ जीत की अहमियत कम नहीं हुई है, लेकिन यह अब फैंस की एकमात्र इच्छा नहीं रही। उन्होंने ट्वीट में कहा, पाकिस्तान को हराना महत्वपूर्ण है और हमारी भू-राजनीतिक वास्तविकता को देखते हुए हमेशा रहेगा, लेकिन अब यह भारतीय फैंस की क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं का सब कुछ नहीं रह गया है। यह दर्शाता है कि भारतीय दर्शकों की नजरें अब ग्लोबल डोमिनेंस और आईसीसी खिताबों पर ज्यादा टिकी हैं।

**आगे बढ़ चुके हैं भारतीय फैंस–** आकाश चोपड़ा ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय फैंस अब इस प्रतिद्वंद्विता से काफी आगे निकल चुके हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, वे (भारतीय फैंस) आगे बढ़ चुके हैं। इसका मतलब है कि टीम इंडिया का लक्ष्य अब केवल पड़ोसी देश को हराना नहीं, बल्कि दुनिया की नंबर एक टीम बने रहना है।

**'शाहीन को बाहर करो'**

## हार के बाद भड़के शाहिद अफरीदी, दामाद के खिलाफ खूब उगला जहर

**करांची (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के महामुकाबले की काफी ज्यादा चर्चा हो रही थी। ऐसा लग रगा था इस बार टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान भारत को अच्छी टक्कर देगा। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत के सामने घुटने टेक दिए। पाकिस्तान 61 रन से भारत से मुकाबला हार गया। पाकिस्तानी फैंस और उनके पूर्व खिलाड़ियों को यह हार काफी ज्यादा चुभी। जहां शोएब अख्तर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी को जमकर सुनाया। वहीं पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने अपने दामाद शाहीन अफरीदी को ही आड़े हाथ ले लिया।



शाहिद अफरीदी ने शाहीन को बाहर करने की मांग की पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने एक पाकिस्तानी शो पर कहा कि सीनियर खिलाड़ी शाहीन अफरीदी, बाबर आजम और शादाब खान को टीम से बाहर कर देना चाहिए। उनकी जगह जूनियर प्लेयर्स को मौका देना चाहिए। नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह नामीबिया के खिलाफ मैच से ही ऐसा करना चाहेंगे। शाहिद अफरीदी ने इन तीनों प्लेयर्स को हटाने की बात करते हुए कहा, हम सब इतने अरसे से देख रहे हैं यह लोग खेले जा रहे हैं, खेले जा रहे हैं। जहां हमारी उम्मीदें होती हैं कि इस टीम के खिलाफ यह अच्छा परफॉर्म करेंगे। इतने सीनियर प्लेयर हैं। वहां अगर सीनियर नहीं करके दे रहे आपको तो जूनियर जो बाहर बैठे हैं उन्हें खिलाएं फिर, फिर क्या ज्यादा फर्क है। बता दें कि शाहीन अफरीदी ने शाहिद अफरीदी की बेटी अंशा अफरीदी से शादी की हुई है।

# भारतीय महिला टीम ने डकवर्थ-लुईस से 21 रन से जीती

**6 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया, अरुंधति रेड्डी ने लिए 4 विकेट**




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 15 फरवरी 2026 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 मैच में डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) नियम के तहत 21 रनों से जीत दर्ज की। सिडनी में खेले गए मैच में बारिश के कारण जब खेल रोका गया, उस समय भारत लक्ष्य का पीछा करते हुए 5.1 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 50 रन बना चुका था। उस समय डीएलएस के अनुसार भारत को जीत के लिए 29 रन तक पहुंचना जरूरी था। भारतीय टीम इस पार स्कोर से 21 रन आगे थी। इसलिए नियमानुसार भारत को 21 रन से विजेता घोषित किया गया।

अरुंधति रेड्डी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि रेणुका सिंह ने भी शानदार गेंदबाजी की। दोनों की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 133 रन पर समेट दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज बल्लेबाजी की और बारिश आने से पहले ही टीम को जीत की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

इस जीत के साथ भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया में अपनी दूसरी बाइलेटरल टी-20 सीरीज जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है।

**रेणुका सिंह का पावरप्ले में दबदबा, ऑस्ट्रेलिया को शुरुआत में रोका–** मैच की शुरुआत में रेणुका सिंह ने अपनी स्विंग से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। उन्होंने पावरप्ले में लगातार तीन ओवर फेंके। हालांकि उनके पहले ओवर की आखिरी दो गेंदों पर चौके लगे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की। रेणुका ने अपने अगले दो ओवरों में सिर्फ 2 रन दिए और बेथ मूनी का विकेट झटका।

● **अरुंधति रेड्डी का करियर बेस्ट प्रदर्शन, 22 रन देकर झटके 4 विकेट–** एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 7 ओवर में 2 विकेट पर 68 रन था और वे मजबूत स्थिति में दिख रहे थे। तभी अरुंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने मैच का रुख पलट दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़ते हुए एलिस पेरी का शानदार कैच पकड़ा। इसके बाद अरुंधति ने लिचफील्ड को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपने 5 विकेट 10 ओवर से पहले ही गंवा दिए थे। अरुंधति ने अंत में जॉर्जिया वारेहम और डार्सी ब्राउन को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 133 रनों पर समेट दी।

● **18 ओवर में सिमटी ऑस्ट्रेलियाई टीम, छठी बार ऑलआउट हुई–** ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 18 ओवर में ही पवेलियन लौट गई। टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास में यह केवल छठी बार है जब ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में ऑलआउट हुई है। वहीं, ओवरों के लिहाज से यह उनका तीसरा सबसे छोटा टी-20 इंटरनेशनल इनिंग रहा। ऑस्ट्रेलिया के ऊपरी क्रम के 7 में से 5 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा छुआ, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। जॉर्जिया वारेहम 30 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहीं।

● **उप कप्तान ताहलिया मैकग्रा टीम से रही बाहर–** ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में नई कप्तान सोफी मोलिनक्स के नेतृत्व में उतरी थी। टीम मैनेजमेंट ने उप-कप्तान ताहलिया मैकग्रा को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखकर सबको चौंका दिया। बैटिंग ऑर्डर में भी काफी बदलाव दिखे।

## शेल्टन ने सेमीफाइनल थ्रिलर में शापोवालोव को हराया

**फिट्ज भी फाइनल में पहुंचे**

**डलास (एजेंसी)।** बेन शेल्टन नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिंग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया। दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है। इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड टू हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली। फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फिट्ज से होगा। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉर्क में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था।



फिट्ज ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक दिया। थोड़े अंतर से तय हुए मैच में, टॉप सीड ने अपना धैर्य बनाए रखा और क्रोएशियाई खिलाड़ी को दो घंटे, दो मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-6(5), 7-6(3) से हराया, और 37 साल के खिलाड़ी को 22 एस से हराया।

फिट्ज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, बस बहुत शांत सर्विंग। मुझे लगता है कि जब मैं शांत और रिलैक्स महसूस करता हूं, तो यही सबसे बड़ी बात है, मैं अच्छी सर्व करता हूं। दोनों खिलाड़ियों ने बिना ब्रेक वाले मैच में बड़ी डिलीवरी से दबदबा बनाया। फिट्ज़ को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने सिलिच के 16 के मुकाबले 22 एस मारे, जिसमें पहले सेट के टाई-ब्रेक में चार शामिल थे।

**शर्मनाक हार से पाकिस्तान में मचा हाहाकार...**

# सहवाग बोले– फुल कंबल कुटाई

**दिल्ली पुलिस ने लिखा- गलत जगह यू-टर्न लोगे तो यूं ही मुंह की खाओगे**

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में रविवार को पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। इसमें ओवर ईशान किशन ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत की जीत और ईशान की पारी के बाद सचिन तेंदुलकर से लेकर अमित शाह तक कई दिग्गजों ने टीम को बधाई दी।।

वहीं, पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मैच के बाद तंज कसते हुए इसे फुल कंबल कुटाई बताया। वहीं दिल्ली पुलिस ने भी मजेदार अंदाज में पोस्ट करते हुए लिखा, गलत जगह यू-टर्न लोगे तो यूं ही मुंह की खाओगे।

**सचिन–** सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, पावरप्ले ही वो दौर रहा जहां भारत ने मुकाबले को पूरी तरह अपने कब्जे में कर लिया। पहली पारी में ईशान किशन की दमदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, जबकि दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों की सटीक और अनुशासित गेंदबाजी ने मैच पर शिकंजा कस दिया। शुरुआत से ही टीम ड्राइविंग सीट पर नजर




आई और अंत तक दबदबा बनाए रखा। भारत ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में पूरी तरह धूम मचा दी।

**अमित शाह–** टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाया। फॉर्मेट बदलते हैं, मैदान बदलते हैं, तारीखें बदलती हैं, लेकिन भारत-पाकिस्तान मुकाबले का नतीजा अक्सर एक जैसा ही रहता है। एक बार फिर भारतीय टीम ने दबाव के मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। पूरी टीम को इस शानदार जीत के लिए ढेरों बधाई।

### भारत का हर डिपार्टमेंट में बेहतर प्रदर्शन- सहवाग

वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, ईशान किशन ने सच में धुरंधर बल्लेबाज की तरह खेल दिखाया। उनकी पारी ने मैच का रुख ही बदल दिया। भारत के सामने पाकिस्तान की टीम काफी दबाव में नजर आई और टी-20 क्रिकेट के तेज अंदाज के मुकाबले उनका खेल थोड़ा पुराना और धीमा लगा। नतीजा यह रहा कि उन्हें एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया ने हर डिपार्टमेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और मुकाबला अपने नाम किया। पूरी तरह कंबल कुटाई।

# 'जाहिल, नाकाबिल', पाकिस्तान की हार से शोएब अख्तर का फूटा गुस्सा

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत से मिली 61 रन की करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल आ गया है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले में पाकिस्तान की हार ने टीम मैनेजमेंट और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने खुलकर पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी और टीम लीडरशिप पर निशाना साधा। अख्तर के तीखे शब्दों ने न सिर्फ पाकिस्तान क्रिकेट में बहस छेड़ दी है, बल्कि प्रशासनिक फैसलों की पारदर्शिता पर भी सवाल उठा दिए हैं।

● **भारत से हार और बढ़ता दबाव–** भारत ने इस जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। मैच से पहले पाकिस्तान में काफी तैयारियों और दावों की चर्चा थी, लेकिन मैदान पर भारतीय टीम पूरी तरह हावी दिखी। इस हार के बाद पाकिस्तान के क्रिकेट सर्कल में आत्ममंथन शुरू हो गया है। टीम के प्रदर्शन से नाराज़ पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अब खुलकर आलोचना कर रहे हैं।

● **शोएब अख्तर का तीखा हमला–** पूर्व पाकिस्तानी स्पीडस्टार शोएब अख्तर ने



एक टीवी चैनल पर बातचीत के दौरान पीसीबी प्रशासन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बोर्ड के शीर्ष पद पर ऐसे व्यक्ति को बैठाया गया है, जिसे क्रिकेट की समझ नहीं है। अख्तर ने सीधे तौर पर मोहसिन नकवी की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी 'नाकाबिल और अनजान' व्यक्ति को बड़ी जिम्मेदारी देना सबसे बड़ी गलती है। उनके बयान ने सोशल मीडिया पर भी हलचल मचा दी।

● **टीम लीडरशिप पर भी सवाल–** अख्तर ने सिर्फ बोर्ड तक अपनी आलोचना सीमित नहीं रखी, बल्कि टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने इशारों में बाबर आजम और अन्य लीडरशिप ग्रुप के सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाया गया, वे टीम को मैच नहीं जिता पा रहे। उनका मानना है कि जब तक टीम चयन और रणनीति में स्पष्टता नहीं होगी, तब तक नतीजे बदलना मुश्किल है।

● **पीसीबी की कार्यप्रणाली पर बहस–** मोहसिन नकवी हाल के महीनों में पीसीबी के प्रमुख चेहरे बनकर उभरे हैं। एशिया कप के दौरान भी वह विवादों में रहे थे।

### पाकिस्तान क्रिकेट का भविष्य?

भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान की राह आसान नहीं है। ग्रुप स्टेज में आगे बढ़ने के लिए उसे नामीबिया के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी। अख्तर ने स्वीकार किया कि भारत क्रिकेट के स्तर पर काफी आगे निकल चुका है और पाकिस्तान को बुनियादी ढांचे, वित्तीय नीतियों और घरेलू सिस्टम में सुधार की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि टीआरपी और बाहरी दिखावे से आगे बढ़कर जमीनी सुधार करना होगा।

# मैट्रिक परीक्षा में 30657 परीक्षार्थी होगें शामिल

## जिले के 55 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में मैट्रिक की परीक्षा आज से



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** विकास भवन सभागार में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युमन सिंह यादव की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा 2026 के सफल संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिनांक 17 से 25 फरवरी तक संचालित होने वाली परीक्षा शांतिपूर्वक वातावरण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने को लेकर ब्रिफिगं की गई। बैठक में बताया गया कि सैद्धान्ति परीक्षा, 2026 को लेकर कटिहार जिला के परीक्षार्थियों के लिए पूरे कटिहार जिला के परीक्षार्थियों के लिए कटिहार सदर अनुमण्डल में 38, बारसोई अनुमण्डल में 10 एवं मनिहारी अनुमण्डल मुख्यालय में 07 कुल 55 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। जिसमें चार परीक्षा केन्द्रों को आदर्श परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। छात्राओं के लिए कटिहार अनुमंडल में 15, बारसोई अनुमंडल अन्तर्गत 10 एवं मनिहारी अनुमंडल अन्तर्गत 04 केन्द्र बनाया गया है। इस प्रकार कटिहार जिला में छात्राओं के लिए 29 परीक्षा केन्द्र एवं छात्रों के लिए 26 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। प्रथम पाली में लगभग 15376 एवं द्वितीय पाली में 15281 परीक्षार्थी भाग लेने की संभावना है। इस प्रकार प्रत्येक दिन 30657 परीक्षार्थी पूरे जिलान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। जिसमें 14855 छात्र तथा 15802 छात्रा होंगे। उक्त तारीखों में परीक्षा को शांतिपूर्ण वातारण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने को लेकर जिला पदाधिकारी, कटिहार द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी, जोनल-सह-गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर सहायक परीक्षा संयोजक-सह- जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी केद्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया कि किसी भी परीक्षा केन्द्रों में मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस, वाईटनर, ईरेजर एवं ब्लेड इत्यादि जैसी समाग्री पूर्णतः वर्जित है। किसी परीक्षार्थि को उक्त सामग्री लेकर परीक्षा केन्द्रो में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए जूता-मोजा पहनकर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करना वर्जित रहेगा। तदनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में जूता-मोजा पहनकर आना सर्वथा वर्जित है, जूता-मोजा की जगह चप्पल पहन कर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय पूर्वाह्न 09:30 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थी को द्वितीय पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने के समय अपराह्न 02:00 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात अपराहन 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। इसके बाद विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 को शांतिपूर्वक वातावरण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने हेतु नोडल अधिकारी, जोनल सह गश्ती दंडाधिकारी,स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है तथा सभी परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार एवं परीक्षा कक्षा में सभी प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन के साथ जैमर की व्यवस्था की गई है। केंद्र के बाहर 200 मीटर के दायरे में भारतीय दंड विधान के धारा 163 लागू रहेगा। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर सभी प्रकार की सुविधा यथा फर्नीचर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पेय जल की व्यवस्था भी रहेगा।

# कटिहार से चलेंगी कई होली स्पेशल ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** होली पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कटिहार से विशेष ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है। रेलवे द्वारा जारी नोटिफिकेशन आदेश के अनुसार कटिहार से अमृतसर एवं अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों के लिए होली स्पेशल ट्रेनें अप डाउन में निर्धारित तिथियों में चलाई जाएंगी। इस संबंध में कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन नंबर 05736/05735 कटिहार अमृतसर कटिहार होली स्पेशल, ट्रेन नंबर 05974/05973 डिब्रूगढ़-झंझारपुर होली स्पेशल तथा ट्रेन नंबर 05633/05634 नारंगी-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन निर्धारित तिथियों में किया जाएगा। ये ट्रेनें सीमित ट्रिप के लिए चलाई जाएंगी, जिससे त्योहार के समय घर आने-जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।वही ये स्पेशल ट्रेनें सीमित ट्रिप के लिए संचालित होंगी, जिससे त्योहार के समय घर आने-जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। रेलवे ने बताया कि सभी ट्रेनें निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलेंगी तथा आवश्यक ठहराव भी दिए गए हैं। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे समय पर आरक्षण कराकर यात्रा करें और सुरक्षित एवं सुखद यात्रा का लाभ उठाएं। वही होली स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्रियों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# नया हाट में आग लगने से 500 से अधिक दुकानें जलीं

**करोड़ों की क्षति**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कुरसेला /कटिहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के कुरसेला नया हाट में रविवार की देर शाम अचानक एक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे हाट में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि लोग दुकानों से सामान निकाल भी नहीं पाये। इस अगलगी में एक सौ से अधिक छोटे-बड़े दुकानों के जलने की आशंका जताई जा रही है। आग की चपेट में हाट में मौजूद किराना, कपड़ा, फर्नीचर, मोबाइल, मिठाई, चप्पल-जूता सहित कई दुकानों में रखा करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग की लपटें तेज होने के कारण सफल नहीं हो सके। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद हाट के दुकानदारों में भारी आक्रोश और मायूसी है। प्रशासन से प्रभावित दुकानदारों ने मुआवजा और राहत की मांग की है।

# शोभा कलश यात्रा के साथ ही नवाह पारायण महायज्ञ प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रहियार उत्तर पंचायत के बुनियाद्पुर गांव के शिव मंदिर परिसर में भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ ही नौ दिवसीय नवाह पारायण महायज्ञ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 101 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा करेह नदी के बुनियाद्पुर घाट पर कलश में पवित्र जल भरकर कलश शोभायात्रा को बुनियाद्पुर, गिद्धा, गम्हरिया, रहियार आदि गांव का नगर भ्रमण करते हुए विद्वान पंडित के मंत्र उच्चारण के साथ ही मंडप पर स्थापित किया गया। कीर्तन मंडलियों के द्वारा श्री राम जय राम जय जय राम धुनों पर आधारित नौ दिनों तक नाम संकीर्तन किया जाएगा। नवाह महायज्ञ के समिति सदस्यों ने बताया कि बुनियाद्पुर गांव एवं आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के कीर्तन मंडलियों को नाम संकीर्तन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। नाम संकीर्तन में भाग लेने वालों के लिए समिति की ओर से भोजन एवं प्रसाद, ठहरने का भी प्रबंध किया गया है। समिति सदस्यों ने बताया कि यह नवाह परायण महायज्ञ 12 वर्षों से प्रत्येक साल आयोजित किया जाता है और इस यज्ञ का उद्देश्य है कि गांव में सुख समृद्धि और खुशहाली बना रहे। नवाह पारायण महायज्ञ नाम संकीर्तन से पूरे गांव एवं आसपास के इलाका भक्ति मय हो गया है। मौके पर रामचंद्र यादव, पवन कुमार यादव, विजय कुमार यादव, गौरी दास, सोनेलाल दास, पूर्व सरपंच कुंदन चौधरी, वार्ड सदस्य अमित कुमार चौधरी ,अशोक दास, अरुण कुमार पासवान, रामनाथ पासवान सहित अन्य ग्रामीणों की सहयोग सराहनीय है।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने कांडों के निष्पादन का दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सभी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदूलता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात सद्दाम हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, परी. पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, परिचारी प्रवर, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष ओपी. अध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण, संवेदनशील स्थानों की सतत निगरानी, अपराधियों की गिरफ्तारी, थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती, सघन वाहन जांच एवं विधि-व्यवस्था को लेकर की गई कारवाई की समीक्षा की गई। तो वहीं साइबर अपराध संबंधित कांडों के निष्पादन, वारंट तामिला, दागियों की निगरानी, मद्यनिषेध अभियान, सीसीटीएनएस एवं डायल-112 की तत्परता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# कोशी रेलपुल से युवक ने लगाई छलांग, किसानों ने बचाई जान

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कुरसेला/कटिहार।** सोमवार को पुरानी कोशी रेलपुल से एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। हालांकि बालू पर खेती करने वाले किसानों की सतर्कता से युवक की जान बच गई। युवक की पहचान पूर्णिया जिले के बंगाली टोला निवासी नागेन्द्र दास के पुत्र कालूचन्द्र दास के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के नदी में कूदते ही आसपास मौजूद किसानों ने तुरंत उसे बचाने के लिए नदी में उतरकर बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना की सूचना मिलने पर दारोगा विपिन कुमार भी सीएचसी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल युवक ने किस वजह से नदी में छलांग लगाई। इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं वह कैसे कोशी पुल तक पहुंचा। यह भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पीरपैंती में अदाणी फाउंडेशन का मुफ्त स्वास्थ्य शिविर, 215 मरीजों ने कराया इलाज

**सुविधा**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर गांव में सोमवार को अदाणी फाउंडेशन की ओर से निः शुल्क मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में श्रीमतपुर गांव के साथ साथ आसपास के चार गांवों के लोगों ने पहुंचकर मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस दौरान जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ तथा नेत्र विशेषज्ञ द्वारा विशेष परामर्श सेवाएं के अलावे विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं गांव स्तर पर उपलब्ध कराई गईं जिससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ हो सकी। यह निःशुल्क मेगा हेल्थ प्रोग्राम विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए लाभकारी साबित हुआ। ग्रामीणों को बिना किसी शुल्क के परामर्श, जांच एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह शिविर राहत भरा अवसर रहा, जहां उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराने का मौका मिला।

कुल 215 मरीजों ने शिविर में पंजीकरण कराया, जिनमें 100 महिलाएं और 115 पुरुष शामिल थे। सभी लाभार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं जरूरी दवाईयां निःशुल्क प्रदान किया गया। शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य पहल ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक और सराहनीय है।

# महापौर ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** नगर निगम में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह आयोजन महापौर के कार्यालय कक्ष में किया गया। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने जनता दरबार में विभिन्न वार्डों से आये सभी 33 फरियादियों की समस्याएं सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुनकर त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिये। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद, नालों की साफ-सफाई, सड़क अतिक्रमण करने वाले पर होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आये। महापौर ने पिछले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की।

## चोरी गए मोटर के साथ तीन शातिर धराये

**बारसोई/कटिहार।** थाना क्षेत्र में मोटर चोरी की घटना बढ़ने से आमजनों में चिंता देखी जा रही है। बीते दिनों रघुनाथपुर गांव से हुई मोटर चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए चोरी हुए मोटर के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। बताया जाता है कि मोटर चोरी को लेकर मिली एक सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई को लेकर दलबल के थानाध्यक्ष सूचना वाली जगह पर पहुंचकर छापेमारी की। पुलिस को देखकर तीन लोग भागने लगे जिसे पुलिस बलों के साथ खदेड़ कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान चोरी की एक मोटर बरामद हुई। वहीं पकड़े गये लोगों की पहचान कुंदन कुमार (28) पिता-भोला मंडल, कन्हैया कुमार राम (27) पिता दीपक लाल राम, पवन कुमार मंडल (21) पिता राजकुमार मंडल सभी रघुनाथपुर, थाना बारसोई निवासीके रुप में हुई है। पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कारवाई में जुटी है।

## सूखा राशन का वितरण

**मनसाही/कटिहार।** बाल विकास परियोजना मनसाही के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर सूखा राशन का वितरण किया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 44 के सेविका अरुणा कुमारी ने पोषक क्षेत्र के लाभुक के बीच सुखा राशन में चावल, दाल, सोयाबीन आदि का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के 15 तारीख को सुखा राशन का वितरण किया जाता हैं। जिस भी लाभुक का फ़ेस मैच करता हैं। उसे सुखा राशन दिया जाता हैं। जिसका फ़ेस मैच नहीं करता हैं उसे पुनः दूसरे तीसरे दिन के बाद सूखा राशन दिया जाता हैं।

# पहले दिन आरपीएफ की टीम ने मारी बाजी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** एनएफ रेलवे के कटिहार मंडल में सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेडियम में इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट डीआरएम कप 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। मंडल रेल प्रबंधक किरेन्द्र नरह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर तथा शानदार बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। रेलवे स्पोर्ट्स ऑफिसर पंकज पाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में कटिहार रेल मंडल के कुल 11 विभाग इंजीनियरिंग, स्टोर, यांत्रिक, अकाउंट्स, ऑपरेटिंग, विद्युत, सिग्नल एंड टेलीकॉम, वाणिज्य, कार्मिक और मेडिकल और आरपीएफ की टीमों ने हिस्सा लिया। इस संबंध में पीआरओ सह सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पहले मुकाबले में आरपीएफ की टीम ने शानदार बल्लेबादजी करते हुए जीत हासिल किया। टूर्नामेंट का पहला टी-20 मुकाबला स्टोर और टक्कर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर स्टोर ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 165 रन बनाकर 166 रनों का लक्ष्य रखा। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर बब्लू कुमार ने नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में स्टोर की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 133 रन ही बना सकी। इस प्रकार आरपीएफ ने 32 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में विजयी रही। वही आरपीएफ के बब्लू कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजित मैच के दौरान अमित सागर, रितेश और सौरभ की कमेंट्री ने मुकाबले को और भी रोमांचक बना दिया। मंगलवार को दो रोमांचक मुकाबले में पहली पारी में पर्सनल बनाम इलेक्ट्रिकल तथा दूसरी पारी में सिग्नल एंड टेलीकॉम बनाम अकाउंट्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। टूर्नामेंट का समापन 24 फरवरी को होगा। इस अवसर पर डीआरएम किरेन्द्र नरह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया। आयोजित टूर्नामेंट में डीआरएम किरेंद्र नरह के साथ एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह, आआरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस, सीनियर डीपीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव सहित सभी रेल अधिकारी, यूनियन पदाधिकारी, क्रिकेट सचिव राकेश रंजन तथा डीआरएससी के सदस्य वेदप्रकाश, पीपू, विवेका बुबली, संजीव, पिंटू, सोनू, संतोष, सतीश, गौतम, विक्रम, अजीत आदि उपस्थित रहे। रेलवे स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले का खिलाड़ियों और दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

# दो रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को सांसद ने दिखायी हरी झंडी

**होगी सुविधा**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के तेलता एवं सुधानी रेलवे स्टेशनों पर गाड़ी संख्या 75705/75706 के ठहराव के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रेन संख्या 75705 को हरी झंडी दिखाकर विधिवत रवाना किया गया। तेलता रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद तारिक अनवर उपस्थित रहे। उनके साथ कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेन्द्र नराह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में सुधानी रेलवे स्टेशन पर भी गाड़ी संख्या 75705/75706 के ठहराव के अवसर पर समारोहपूर्वक ट्रेन संख्या 75705 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में सांसद तारिक अनवर सहित रेल प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कटिहार रेल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# भागलपुर जिले की 4 लाख 97 हजार महिलाओं को मिली राशि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने आज यहां कहा कि जिले की कुल 4 लाख 97 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अन्तर्गत राशि अंतरित की जा चुकी है। इनमें से 61 हजार 500 से अधिक महिलाओं के खाते में आज इस योजना के तहत राशि अंतरित की जा रही है। वे मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' अन्तर्गत महिलाओं के खाते में राशि अंतरण कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के अवसर पर यह बात कही। पटना स्थित एक अणे मार्ग में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों से आज बिहार राज्य की 25 लाख महिला लाभुकों को 10-10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का अन्तरण किया गया। इनमें भागलपुर जिले की भी 61 हजार 500 से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। भागलपुर समाहरणाल स्थित समीक्षा भवन इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जा रहा था, जिसमें भागलपुर के जिलाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में डीआरडीए के निदेशक दुर्गा शंकर सिंह और अमर कुमार मिश्रा के अलावा जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सुनिर्मल गरेन और बड़ी संख्या में जीविका दीदियां और जीविका कर्मी भी उपस्थित थे। डा. चैधरी ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत हुई है, जिले में जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़े सदस्यों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 तक जिले में 3 लाख 20 हजार महिलाएं जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी थीं जो कि इसकी संख्या अब बढ़ककर 4 लाख 32 हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना की वजह से महिलाएं अब स्वयं सहायता समूह में जुड़ने को इच्छुक हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को स्वारोजगार हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि शुरुआती दौर में महिलाओं द्वारा छोटे-छोटे व्यवसाय जैसे- किराना दुकान, स्टेशनरी, मनिहारी, सब्जी या फल की दुकान, गाय एवं बकरी पालन, कपड़ों की सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, फूड प्रोसेसिंग आदि क्षेत्रों में स्वरोजगार शुरू किये हैं। इससे उनकी नियमित आय होने लगी है। इस योजना की बदौलत महिलाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इस योजना से लाभान्वित महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हाट-बाजार विकसित करने की भी योजना है। जिलाधिकारी ने कहा कि पहली किस्त की राशि प्राप्त करने के उपरांत संबंधित परिवारों द्वारा शुरू किये गए स्वरोजगार या व्यवसाय के कामकाज और प्रदर्शन का मूल्यांकन एवं अगले छह माह में व्यवसाय की प्रगति के आधार पर उन परिवारों को चार अलग-अलग किश्तों में 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवरात्रि पर प्राचीन शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, की पूजा अर्चना

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट शिविर संख्या 2 स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर काफी धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। मंदिर की आकर्षक सजावट, भक्ति गीत तथा शिवलिंग पर जलार्पण करने वालो की भीड़ देखकर लगता था मानो सारा वातावरण शिवभक्ति में सराबोर हो गया हो। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य द्वार को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जहाँ से संध्या 5 बजे शिव-पार्वती विवाह के लिए बारात प्रस्थान कराया गया जिसका शुभारंभ सूबे के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद की धर्मपत्नी



सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर वेश-भूषा धारण कर दर्शकों का मन मोह लिया। समिति के द्वारा मंदिर प्रांगण में पधारे मुख्यातिथि के साथ अन्य अतिथियों को अंग-वस्त्र भेंट की गई। बारात लौटने पर मध्य-रात्रि में पुरोहित पाण्डव कुमार पाण्डेय द्वारा विधि- विधान से पूजा संपन्न करायी गयी तथा श्रद्धलुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ-साथ पंचायत की पूर्व मुखिया गुड़िया देवी भी उपस्थित थीं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला डेयरी विकास पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, नाबार्ड के प्रतिनिधि एवं संबंधित कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषक उत्पादक संगठन योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करना तथा पात्र आवेदनों को राज्य स्तर पर अनुमोदन हेतु अग्रसारित करना



था। जिला कृषि पदाधिकारी ने अवगत कराया कि जिले के चार संगठनों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समान इक्विटी अनुदान हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें गोमिया उत्पादक कंपनी लिमिटेड, कंदर; लुगुबुरू कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड; पेटरवार ग्रामीण मुर्गी पालन स्व सहायता संघ; एवं जनशक्ति जैविक उत्पादक कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। बैठक के दौरान आवेदनों की पात्रता, आवश्यक अभिलेखों, वित्तीय स्थिति एवं निर्धारित मानकों की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति द्वारा आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए योग्य आवेदनों को राज्य स्तर पर शीघ्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सक्रिय एफपीओ को सशक्त बनाने, किसानों को बेहतर विपणन सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई करें।

# नप आम चुनाव : घर-घर किया जा रहा मतदाता पर्ची का वितरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर नगर निगम चास/नगर परिषद क्षेत्र फुसरो में मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को भी संबंधित क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया गया। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी जानकारी प्रदान करने, मतदान की तिथि बताने, मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं से अवगत करा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि आगामी 19 फरवरी तक शत प्रतिशत मतदाता पर्ची उपलब्ध



कराएंगे। अगर किन्हीं मतदाता को यह प्राप्त नहीं होता है तो वह अपने बीएलओ से संपर्क करें अथवा डायल 1950 पर अपनी शिकायत दर्ज करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि मतदाता पर्ची (वोटर इंफारमेशन स्लिप (वीआइएस) फोटो पहचान पत्र नहीं है, इससे मतदान करने के समय मतदान क्रम संख्या/भाग संख्या एवं मतदाता की विवरणी मतदाता सूची में खोजने में आसानी होती है।

**क्या है मतदाता पर्ची**

मतदाता पर्ची या वोटर इंफारमेशन स्लिप (वीआइएस) चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज है। इसमें मतदाता का विवरण होता है, जैसे नाम, आयु, लिंग, निर्वाचन क्षेत्र, मतदान केंद्र का स्थान और मतदान की तिथि और समय। मतदान के दिन मतदाता द्वारा इसे साथ ले जाने पर यह मतदाताओं के लिए एक मार्ग-दर्शक पुस्तिका और वास्तविक मतदाताओं की पहचान के रूप में कार्य करता है।

**वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर सकेंगे मतदान**

नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत आगामी 23 फरवरी 2026 को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**12 अन्य दस्तावेज मान्य**

मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड, सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर सेक्टर ऑफिसर एवं बी.एल.ओ. का संयुक्त प्रशिक्षण सम्पन्न





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को सेक्टर-2 सी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा सेक्टर ऑफिसर एवं बी.एल.ओ. का संयुक्त प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 33 सेक्टर ऑफिसर तथा 195 बी.एल.ओ. ने हिस्सा लिया।

**शून्य त्रुटि के साथ दायित्व निर्वहन पर विशेष जोर**

प्रशिक्षण सत्र में वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग प्रभाष दत्ता द्वारा सेक्टर ऑफिसर एवं बी.एल.ओ. को मतदान पूर्व एवं मतदान दिवस की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विभिन्न प्रपत्रों के अनुरूप कार्यों को शून्य त्रुटि (जीरो एरर) के साथ निष्पादित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सतर्कता, समन्वय एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है, ताकि निर्वाचन कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हो सके।

**मतदान पूर्व अनिवार्य सुविधाओं की सुनिश्चितता**

बी.एल.ओ. को निर्देशित किया गया कि मतदान दिवस से पूर्व निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुविधाओं को प्रत्येक मतदान केंद्र पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं -
दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प की व्यवस्था
मतदान कर्मियों के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति
मोबाइल चार्जिंग पॉइंट की उपलब्धता
आवश्यक फर्नीचर एवं मूलभूत सुविधाएँ
सेक्टर ऑफिसर इन सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। यदि किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो संबंधित पदाधिकारियों की सहायता से उसे समय रहते पूर्ण कराया जाएगा।

**मतदान दिवस की निगरानी व्यवस्था**

मतदान दिवस पर सेक्टर ऑफिसर प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। उनका दायित्व होगा कि मतदान प्रक्रिया निर्बाध, शांतिपूर्ण एवं त्रुटिरहित रूप से संचालित हो। किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में तत्काल समाधान सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी होगी। आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक की भूमिका में श्री आशुतोष कुमार (सहायक शिक्षक), श्री रंजीत कुमार (सहायक शिक्षक) एवं श्री सुमन कुमार (सहायक शिक्षक) उपस्थित रहे। यह संयुक्त प्रशिक्षण निर्वाचन कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मीडिया कोषांग में पेड न्यूज को लेकर विभिन्न टीवी चैनलों - सोशल मीडिया की हो रही सतत मॉनिटरिंग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सूचना भवन में मीडिया कोषांग स्थापित किया गया है। यह कोषांग 24*7 सक्रिय रहकर विभिन्न टीवी चैनलों, समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत मॉनिटरिंग कर रहा है। मीडिया कोषांग का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन संबंधी समाचारों, प्रचार-प्रसार गतिविधियों, आचार संहिता के अनुपालन तथा प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे प्रचार-प्रचार पर पैनी नजर रखना है। प्रत्याशियों की प्रत्येक सार्वजनिक गतिविधि, विज्ञापन, भाषण, पोस्टर, बैनर एवं डिजिटल प्रचार सामग्री का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन सुनिश्चित हो सके। सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामग्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या फेक न्यूज पाए जाने पर तत्काल संज्ञान लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, आचार संहिता उल्लंघन अथवा अवैध प्रचार-प्रसार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों एवं आमजन से अपील की गई है कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें और शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव में सहयोग प्रदान करें।

## 23 फरवरी को नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने राज्य में प्रस्तावित नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के मद्देनजर महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है।

**नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो में होगा मतदान**

जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-238 दिनांक-30.01.2026 के आलोक में नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो क्षेत्र में मतदान की निर्धारित तिथि 23 फरवरी 2026 (सोमवार) तय की गई है।

**निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 की धारा-25 के तहत अवकाश**

उक्त तिथि को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 की धारा-25 के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

**सरकारी कार्यालय एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठान रहेंगे बंद**

23 फरवरी 2026 (सोमवार) को नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो क्षेत्र में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। यह निर्णय मतदाताओं को अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं निर्बाध प्रयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# छह चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेवरात सहित चोरी का सामान बरामद

**तेनुघाट(बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि विगत दिनों कसमार एवं जरीडीह थाना में क्षेत्र में बंद घरों में चोरी की घटना घटित हुई थी। आभूषण, पैसा एवं अन्य सामानों की चोरी की गई थी। घटना में तत्काल कार्रवाई एवं अपराधियों को पकड़ने हेतु पुलिस अधीक्षक बोकारो के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो की नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी शाखा एवं



खबरियों की मदद से कांड का उद्वेदन कर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार अपराधियों ने अपनी घटना में अपनी संहिता स्वीकार की है। कांड में चोरी का सामान भी बरामद किया गया। छापामारी में कसमार थाना एवं जरिडीह थाना में हुई चोरी की संयुक्त छापामारी किया गया। इसमें गिरफ्तार अपराधियों में बोकारो जिला के बालीडीह थाना अंतर्गत राधा गांव निवासी राहुल रवानी, गोमिया थाना अंतर्गत सियाली टोला निवासी राजकुमार पासी एवं पंकज पासी, कसमार थाना अंतर्गत खैराचातर निवासी शंकर पासी एवं राज चौधरी, बिहार के जमुई जिला अंतर्गत गिद्धौर निवासी आभाष चौधरी की गिरफ्तारी की गई। उनके पास से कांड में प्रयुक्त सबल, सैनी, अभियुक्त के निवास से तंबू में सोने का मंगलसूत्र, सोने की चूड़ी, सोने का कान वाली, सोने का नथिया, चांदी का बेड़ा, दो चांदी के बिछिया, चांदी के आंख, चांदी का चेन, चांदी का ब्रेसलेट, चांदी की अंगूठी, लॉकेट, दो कांसा का थाली, लोटा, गिलास, स्कूल का सर्टिफिकेट, जमीन का कागजात, एलआईसी का पेपर, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पासबुक आदि जप्त किया गया। वहीं अभियुक्त राजकुमार पासी के निशान देही पर घटना में प्रयुक्त हीरो कंपनी का ग्लैमर मोटरसाइकिल भी बरामद किए गए और घटना में प्रयोग किए जाने वाले दो मोबाइल फोन भी जप्त किया गया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह जरीडीह अंचल, पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार थाना प्रभारी कसमार, विपिन चंद्र महतो थाना प्रभारी जारीडीह, भजनलाल महतो ओपी प्रभारी तेनुघाट, रंजन कुमार सिंह, हिमांशु शेखर कसमार थाना, संजीव कुमार, विकास कुमार विश्वकर्मा, एम जे मुर्मू जरीडीह थाना, सत्येंद्र कुमार कसमार थाना सहित सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे। साथ में तकनीकी शाखा बोकारो के आरक्षी पंकज कुमार भी शामिल थे।

## एलआईसी कॉलोनी में 32 लाख के जेवरात व 60 हजार नकदी चोरी

**दिन के उजाले में दरवाजा तोड़ कर चोरों ने घटना को दिया अंजाम**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 6 थाना क्षेत्र स्थित एलआईसी कॉलोनी जीवन कुटीर के आवास संख्या ई -2 में महाशिवरात्रि को दिन के उजाले में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है।चोरों ने दरवाजे को तोड़ घर के अलमीरा में रखे 32 लाख के जेवरात और 60 हजार नकदी चोरी कर ली। इसकी जानकारी कल शाम घर वालों को एक पारिवारिक मित्र ने दी। वे शादी का कार्ड देने पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ पाया। इस कॉलोनी में एलआईसी के अधिकारी और कर्मचारी रहते हैं। कॉलोनी पूरी तरह से सुरक्षित है। चार सुरक्षा गार्ड यहां तैनात है। इसके बावजूद चोर दरवाजा तोड़ कर चोरी कर सुरक्षित निकल गए। घटना की जानकारी सेक्टर 6 थाना पुलिस को दी गई है। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सिटी आलोक रंजन मौके पर पहुंचे। घर वालों से जानकारी ली। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया। जानकारी के मुताबिक एलआईसी अधिकारी मनीष सहाय अपनी पत्नी के साथ 12 फरवरी को मथुरा गए हुए थे। मनीष शाह की बेटी अंजलि ने बताया कि कल शाम चोरी की जानकारी पारिवारिक मित्र से मिली तब वह कोलकाता से वापस आई। देखा तो पता चला घर के अलमीरा में रखें लगभग 32 लाख रुपए के जेवरात की चोरी की गई है। 60 हजार नकद भी गायब था। घर में रखे अन्य सामान को चोरों ने हाथ तक नहीं लगाया है। अंजलि ने बताया कि यहां मेरा बचपन बीता है। लेकिन आज तक इस तरह की घटना नहीं हुई है जबकि यहां गार्ड भी तैनात है। कॉलोनी में तैनात सुरक्षा कर्मी जटाधारी महतो ने बताया कि कल शाम चोरी की जानकारी हुई। उससे पहले घर पूरी तरह से सुरक्षित था। कोई भी कॉलोनी में आता है तो उसकी एंट्री की जाती है। लेकिन कल शिवरात्रि होने के कारण लोगों की एंट्री पूजा के कारण नहीं हुई थी। ऐसा कभी हम लोगों ने सोचा भी नहीं था कि इस तरह की घटना होगी। डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि 12 फरवरी से मलिक घर में नहीं थे। पुलिस जांच में जुटी है। सभी पहलुओं पर जांच किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द चोर को सामान के साथ पकड़ा जा सके।

# नगर निकाय में सक्रिय भागीदारी करेगी आम आदमी पार्टी

**फुसरो और चास में समर्थित उम्मीदवारों की घोषणा**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी ने फुसरो नगर परिषद और चास नगर निगम में कई प्रत्याशियों को समर्थन दिया है। फुसरो नगर परिषद अध्यक्ष के लिए पार्टी ने सहोदरी देवी को समर्थन दिया है। चास नगर निगम क्षेत्र में कुल 15 वार्ड प्रत्याशियों को समर्थन दिया गया है। यह जानकारी सोमवार को नगर उद्यान में आयोजित पत्रकार सम्मेलन के माध्यम से आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार के दिल्ली-पंजाब में किये जा रहे जनोपयोगी कार्यो के आधार पर सभी प्रत्याशी काम करेंगे। बिजली-पानी, सड़क, शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के लिए सभी प्रत्याशी काम करेंगे। आप के जिला प्रभारी अरविंद विकाश ने कहा कि सभी प्रत्याशी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ मुफ्त मुहल्ला क्लिनिक, एम्बुलेंस, पुस्तकालय, महिलाओं के लिए विशेष ट्रेनिंग सेंटर



आदि की व्यवस्था हर वार्ड में की जाएगी।चास नगर निगम के समर्थित वार्ड प्रत्याशियों में वार्ड 11 कैलाश नगर, रेखा भंडारी, चुनाव चिह्न सूटकेस, वार्ड 14 रामनगर कॉलोनी, ममता कुमारी, चुनाव चिह्न ब्लैक बोर्ड, वार्ड 15 भोलूर बांध, भोला साव, चुनाव चिह्न मोतियों का हार, वार्ड 16 बाउरी टोला/ मुस्लिम मुहल्ला, रीता देवी, चुनाव चिह्न बल्ला छाप, वार्ड 17 सुखदेव नगर, लीना वर्मा, ब्रीफकेस, वार्ड 20 अम्बेडकर पुरी, सीमा कुमारी, चुनाव चिह्न बल्ला छाप, वार्ड 21 साहु मार्केट, मोनी अड्डी, बेबी वाकर, वार्ड 23 राणा प्रताप नगर, सुजीत कुमार सिंह, चुनाव चिह्न मोतियों का हार और वार्ड 32 ऊषा कुमारी,अलमारी छाप को आम आदमी पार्टी ने समर्थन दिया है। इसके अलावा अप्रत्यक्ष रूप से वार्ड 01, 04, 13, 19, 25 और 34 में प्रत्याशियों को भी आम आदमी पार्टी की ओर से अपना समर्थन दिया गया है। पत्रकार सम्मेलन में कई प्रत्याशियों के साथ जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जिला प्रवक्ता मिथिलेश गिरि, प्रदेश समिति सदस्य मंजुला देवी, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए आज हुआ भूमि पूजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 17 फरवरी से 23 फरवरी तक श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति चक्की मोड़, सेक्टर 3 बोकारो सह नारी जागृति संस्थान द्वारा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन को लेकर आज कथा स्थल पर भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ । भूमि पूजन के उपरांत आयोजन समिति द्वारा कथा की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। आज इस अवसर पर बताया गया कि कथा के प्रख्यात कथा वाचक पूज्य सुधांशु जी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का दिव्य रसपान प्राप्त होगा।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, तेनुघाट में फीफा फुटबॉल का वितरण

**मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और फुटबाल मैच का उद्धाटन किक मार कर किया**

**तेनुघाट(बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में आज एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के पेय जल एवं स्वच्छता तथा मदनिषेद मंत्री योगेंद्र प्रसाद के द्वारा बेरमो अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न स्कूल छात्रों के बीच 'फुटबाल फॉर स्कूल प्रोग्राम' के तहत फीफा फुटबॉल का वितरण किया। जिसमें 25 विद्यालयों के छात्र शामिल हुए और फुटबाल प्राप्त किया। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा नृत्य कर एवं एन सी सी के छात्रों द्वारा स्काउट कर विद्यालय कार्यालय तक लाया गया तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर प्रभारी प्राचार्य पी पांडेय के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं सोल ओढ़ा कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षाकर्मी गन एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय में खेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री पी पाण्डेय ने मंत्री महोदय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है तथा वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और फुटबाल मैच का उद्धाटन किक मार कर किया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुभाष रजक फुटबाल कोंच (सेल), बीडीओ गोमियां महादेव महतो, बीडीओ पेटरवार संतोष महतो, ओपी प्रभारी भजन लाल महतो, राजेश शर्मा, रविंद राम, रवि राय, संजय कुमार, अंजू पांडे, विशाल सिंह, राजन कुमार , मनोज सिंह, शिवम निषाद सहदेव, दीपक कुमार गुप्ता, किशोर कुमार, राजेंद्र नायक, पंकज नायक, गंगा तुरी, संजय शर्मा, मंटु यादव, बासुदेव यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# निकाय चुनाव: राजद में फूट, हाईकमान के आदेश ने बिगाड़ा जिलाध्यक्ष का खेल

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निकाय चुनाव में लगातार समीकरण बदल रहा है. प्रत्याशियों को समर्थन देने के मसले को लेकर पार्टी और संगठन में आपसी मतभेद नजर आने लगा है. राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष शंभू चौधरी ने गुरुवार को कांग्रेस से निष्कासित जेबा खान को समर्थन देने की घोषणा की थी. जबकि, रविवार को राजद जमशेदपुर महानगर इकाई ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुधा गुप्ता को अपना आधिकारिक समर्थन देने की घोषणा की. राजद महानगर अध्यक्ष रमेश राय समेत पाटी के कई पदाधिकारियों ने कहा कि हम सुधा गुप्ता के पक्ष में खड़े रहेंगे. दूसरी ओर, राष्ट्रीय कायस्थ विचार मंच में भी बड़ी फूट नजर आने लगी है. मंच के राष्ट्रीय संयोजक दिवाकर सिन्हा द्वारा मेयर प्रत्याशी कुमकुम श्रीवास्तव के पक्ष में समर्थन देने की घोषणा की गयी थी. इसके विरोध में रविवार को मंच के नगर अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया.



**राजद ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को दिया समर्थन**

मानगो नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है. रविवार को राजद जमशेदपुर महानगर इकाई ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुधा गुप्ता को अपना आधिकारिक समर्थन देने की घोषणा की. राजद महानगर अध्यक्ष रमेश राय, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू शाह और युवा जिलाध्यक्ष कमलेश यादव ने संयुक्त रूप से सुधा गुप्ता के पक्ष में खड़े होने का निर्णय लिया. पार्टी ने स्पष्ट किया कि पहले शंभू चौधरी ने जेबा खान को समर्थन देने की घोषणा की थी, लेकिन अब राजद प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार गठबंधन की प्रत्याशी को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटेंगे. मानगो में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महानगर अध्यक्ष रमेश राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता के कार्यकाल में जमशेदपुर में विकास की नयी इबारत लिखी गयी थी. कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष परमिंदर सिंह, राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिंटू पांडेय, प्रधान महासचिव विजय ठाकुर और वरिष्ठ नेता इंद्रदेव प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे.

**मानगो में कायस्थ विचार मंच के पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा**

मानगो नगर निगम चुनाव के बीच राष्ट्रीय कायस्थ विचार मंच में बड़ी फूट पड़ गयी है. मंच के राष्ट्रीय संयोजक दिवाकर सिन्हा द्वारा मेयर प्रत्याशी कुमकुम श्रीवास्तव के पक्ष में एकतरफा समर्थन देने के फरमान के विरोध में मानगो नगर के पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है. इस्तीफा देने वालों में नगर अध्यक्ष अनिमेष सिन्हा, महासचिव राकेश प्रसाद और प्रवक्ता राजदीप दत्ता शामिल हैं. इन पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कायस्थ समाज किसी भी प्रकार के दबाव या तानाशाही राजनीतिक निर्णय को स्वीकार नहीं करता. उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व के फैसले को अलोकतांत्रिक और समाज की भावनाओं के विपरीत बताया. पदाधिकारियों ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए स्वतंत्र है और जबरन किसी का समर्थन थोपना गलत है. इस्तीफे के साथ ही इन नेताओं ने भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संध्या सिंह को समर्थन देने की घोषणा की है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com